ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी 11:54
उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 4 जून 2025
वर्ष 3, अंक 291, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत 12

बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा की अध्यक्ष 14

# अग्निवीरों को पुलिस भर्ती में 20% आरक्षण

## पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में लागू होगा कोटा

- आयु में तीन वर्ष की छूट के साथ सामान्य, एससी, एसटी, ओबीसी समेत सभी वर्गों पर लागू
- अग्निवीरों को इतने आरक्षण की व्यवस्था देने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अग्निपथ योजना के तहत अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अग्निवीरों को राज्य की पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। मंगलवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पुलिस आरक्षी, पीएसी, घुड़सवार आरक्षी एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी। सरकार की मंशा है कि इस निर्णय से न केवल पूर्व अग्निवीरों को लाभ मिले, बल्कि राज्य को प्रशिक्षित, अनुशासित और प्रेरित बल मिले। कैबिनेट में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन को रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। गौरतलब है कि, अग्निपथ योजना के तहत पहले बैच के अग्निवीर वर्ष 2026 में सेवामुक्त होकर लौटेंगे।

इसके बाद वे सीधे उत्तर प्रदेश पुलिस की इन चार श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। खास बात यह कि जहां केंद्र सरकार और हरियाणा और ओडिशा जैसे कई राज्यों ने केवल 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है, वहीं उत्तर प्रदेश ने 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देकर बड़ा उदाहरण पेश किया है।

इस निर्णय की जानकारी लोकभवन में पत्रकारों से साझा करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि यह आरक्षण सभी श्रेणियों (सामान्य, एससी, एसटी और ओबीसी) पर लागू होगा। अगर कोई अग्निवीर एससी श्रेणी से संबंधित है, तो आरक्षण एससी के भीतर लागू होगा। वहीं, अगर ओबीसी है, तो ओबीसी के भीतर होगा। उन्होंने कहा कि आरक्षी पुलिस, आरक्षी पीएसी, घुड़सवार पुलिस और फायरमैन जैसी श्रेणियों के लिए आवेदन करने वाले अग्निवीरों को आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट भी दी जाएगी।



**पासिंग आउट परेड :** 197 अग्निवीर जवानों ने 31 सप्ताह का कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा किया। मंगलवार को वाराणसी के गोरखा ट्रेनिंग सेंटर में सभी ने कर्तव्य पालन की शपथ ली। पासिंग आउट परेड में जवानों के कदमताल से ट्रेनिंग कैंपस गूंज उठा।

### योगी कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण
- पांच मेगा श्रेणी की इकाइयों को प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति
- तीन निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रस्तावों को स्वीकृति
- दो ग्रिड लाइनों से बिजली आपूर्ति का लाभ प्रदान करने को मंजूरी
- नोएडा में हल्दीराम की 662 करोड़ की निवेश परियोजना स्वीकृत
- एक जिला-एक उत्पाद योजना की नई नीति 2 .0 को मंजूरी मिली
- शहरों में हरियाली को बढ़ावा देने को अर्बन ग्रीन नीति पर मुहर

## अपने घर को बना सकेंगे पर्यटकों के लिए स्टे होम, योजना स्वीकृत

**लखनऊ।** अगर आपका वन रूम सेट फ्लैट या मकान खाली पड़ा है तो इसे आप पर्यटकों के लिए स्टे होम बनाकर मुनाफा कमा सकते हैं। राज्य सरकार ने कैबिनेट से मंगलवार को जिस नीति को हरी झंडी दिखाई है उसके तहत अब धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 500 से 750 रुपये तक जबकि शहरी या सिल्वर श्रेणी के होमस्टे के लिए 2000 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी। कैबिनेट में उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होमस्टे नीति-2025 को मंजूरी दी गई। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, अक्सर देखने में आता है कि प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर होटल फुल हो जाते हैं, जिससे पर्यटकों को रुकने में परेशानी होती है। इसी समस्या के समाधान के लिए यह नीति तैयार की गई है। पर्यटक लगातार 7 दिन तक यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल कराना होगा। अनुमति डीएम और एसपी-एसएसपी की अगुवाई वाली कमेटी देगी।

## पाकिस्तान ने आठ घंटे में ही टेक दिए थे घुटने

पुणे, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि पेशेवर सेनाएं अस्थायी नुकसान से प्रभावित नहीं होतीं, क्योंकि समग्र परिणाम ऐसे नुकसान से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा कि पाकिस्तान भारत को हजारों जख्म देकर लहूलुहान करने की नीति पर चल रहा है, लेकिन नई दिल्ली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए सीमापार आतंकवाद के खिलाफ नई लक्ष्मण रेखा खींच दी है। कहा कि पाकिस्तान ने 48 घंटे तक लड़ने का दम भरा था लेकिन भारत उसे आठ घंटे में ही घुटने पर ला दिया।

सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में संबोधन में जनरल चौहान ने यह बात स्वीकार करने के लिए हो रही अपनी आलोचना को खारिज किया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रारंभिक चरण में भारत ने बड़ी संख्या में लड़ाकू जेट विमान खो दिए। उन्होंने कहा कि जब मुझसे हमारी क्षति के बारे में पूछा गया तो मैंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, यह महत्वपूर्ण है। सीडीएस ने कहा कि युद्ध में यदि नुकसान भी होता है, तो आपको अपना मनोबल बनाए रखना होता है। कहा कि नुकसान नहीं, बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण हैं।



- सीडीएस चौहान बोले-नुकसान नहीं बल्कि परिणाम महत्वपूर्ण

जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पीछे सोच यह थी कि पाकिस्तान से राज्य प्रायोजित आतंकवाद पर नकेल कसी जाए। संघर्ष विराम पर कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 48 घंटे तक जवाबी कार्रवाई करने की योजना बनाई थी, जो आठ घंटे में ही धराशायी हो गई। भारत के हमलों के चलते पाकिस्तानी पक्ष ने बातचीत की इच्छा जताई। चौहान ने कहा कि 10 मई की रात करीब एक बजे पाकिस्तान ने 48 घंटे में भारत को शिकस्त देने का लक्ष्य बनाया और हमले किए।

### एक नजर

#### संसद के विशेष सत्र की संभावना नहीं

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिन्दूर या आपातकाल के 50 साल पूरे होने के मौके पर संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की कोई संभावना नहीं है, अलबत्ता अगले माह शुरू होने वाले मानसून सत्र में इन दोनों विषयों पर किसी स्वरूप में चर्चा हो सकती है। सरकारी सूत्रों के अनुसार संसद का मानसून सत्र, आगामी आठ या 10 जुलाई से शुरू हो कर अगस्त मध्य तक चलने की संभावना है। मानसून सत्र में करीब एक माह का समय रह गया है। इसलिए ऑपरेशन सिन्दूर हो या आपातकाल के 50 वर्ष, अलग से सत्र बुलाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

#### आतंकियों से संबंध रखने में तीन कर्मी बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एक पुलिस कांस्टेबल, एक स्कूल शिक्षक और सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर सहायक को संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत बर्खास्त कर दिया गया। तीनों जेल में बंद हैं।

#### ओडिशा में विस्फोटकों के गोदामों पर छापा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पुलिस ने मंगलवार को तीन जिलों में विस्फोटकों के गोदामों पर छापेमारी कर विस्फोटक अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक दिन पहले सुरक्षाबलों ने सुंदरगढ़ जिले में माओवादियों द्वारा लूटी गई 2 .5 टन से अधिक विस्फोटक बरामद किया था।

## छह लड़कियां यमुना में डूबीं, 4 की मौत

- मंगलवार को आगरा जिले के थाना सिकंदरा क्षेत्र में हुआ हादसा
- मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन, दो की हालत गंभीर

आगरा, एजेंसी

आगरा जिले में मंगलवार की सुबह हुए एक बड़े हादसे में यमुना नदी में नहाने गईं छह लड़कियां डूब गईं। इनमें से दो लड़कियों को बचा लिया गया जबकि चार अन्य की डूबने से मौत हो गई।

यह हादसा थाना सिकंदरा क्षेत्र के ग्राम नगला नाथू में हुआ। मृत लड़कियों की आयु नौ से 18 साल के बीच बताई गई है। सभी एक ही परिवार के भाइयों की संतानें थीं। मृतकों में तीन सगी और एक चचेरी बहन थी। स्थानीय गोताखोरों ने उन्हें नदी से निकाला। बचाई गई दो लड़कियों की हालत गंभीर है, उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे से पूरा गांव शोकाकुल है।

बताया गया है कि थाना सिकंदरा के गांव नगला नाथू की 7-8 लड़कियां सुबह 10 बजे के करीब यमुना नदी में नहाने पहुंच गईं। यह गांव नदी से बमुश्किल आठ सौ मीटर दूर है। लड़कियों ने नदी किनारे मोबाइल फोन से रीलें भी बनाई। नदी में नहाने के दौरान लड़कियां गहरे पानी में डूबने लगीं, उनका शोर सुनकर थोड़ी दूर स्थित खेतों मे काम कर रहे किसान नदी की ओर दौड़ पड़े। गांव के ही कुछ गोताखोरों ने लड़कियों को बचाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला, तब तक चार की सांसें थम चुकी थीं। मृत लड़कियां एक ही परिवार के भाइयों की बेटियां थीं और आपस में चचेरी बहनें थीं।

### रास्ता खराब होने से नहीं पहुंच सकी एंबुलेंस

सूचना पर जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी और एडीशनल पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह, नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन दो लड़कियों को बचाया गया, उन्हें प्रभा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। गांव का रास्ता ठीक न होने के कारण एंबुलेंस घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। लोगों को निजी बाइक से ही लड़कियों को अस्पताल ले जाना पड़ा।

## मोदी करेंगे छह को कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का लोकार्पण

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को बहुप्रतीक्षित कटरा-श्रीनगर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस रेल लिंक का उद्घाटन कार्यक्रम खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण स्थगित कर दिया गया था।

गत 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमले और इसके बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात प्रधानमंत्री का केन्द्रशासित प्रदेश में पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर कहा कि इतिहास रचा जा रहा है, बस तीन दिन बाकी हैं।

## घर में सो रहे बच्चे को उठा ले गया भेड़िया

संवाददाता, बहराइच

- मंगलवार सुबह एक खेत से बरामद हुआ क्षत-विक्षत शव
- बीते साल इसी इलाके में भेड़ियों ने मचा रखा था आतंक

**अमृत विचार :** बहराइच जिले में महसी तहसील के गदामार कलां गांव में घर में सो रहे दो वर्षीय बच्चे को भेड़िया उठाकर ले गया, जिसका क्षत-विक्षत शव मंगलवार सुबह एक खेत से बरामद हुआ है।

मृत बच्चे की मां खुशबू ने बताया कि सोमवार की रात दो साल के आयुष एवं बेटी के साथ हम लोग घर के बरामदे में सोए हुए थे, तभी भेड़िए बच्चे को उठा ले गए। हम पीछे-पीछे गए लेकिन भेड़िए ने बच्चे को छोड़ा नहीं। सुबह गन्ने के खेत में आयुष का शव मिला। मृत बच्चे के पिता प्रमोद ने बताया कि भेड़िए ने बच्चे के दोनों हाथ एवं एक पैर खा लिए हैं। वन विभाग को ड्रोन कैमरे में दो सियारों की मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं, जबकि बच्चे के माता-पिता एवं ग्रामीणों का दावा है कि तीन भेड़िए आकर बच्चे को घर से उठाकर ले गए और मारकर उसके शरीर के कई अंग खा लिए।

जानवरों के कथित हमले का यह मामला उसी इलाके का है जहां गत वर्ष भेड़िए के हमले का प्रकोप था। गत वर्ष बहराइच के महसी तहसील में घाघरा नदी के कछार में स्थित 50 गांवों में भेड़ियों की दहशत थी। 17 जुलाई 2024 से सितंबर माह तक सात बच्चों समेत आठ लोगों की जंगली जानवरों के हमलों से मौत हो गई थी जबकि करीब तीन दर्जन लोग घायल हुए थे।

प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) अजीत प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि बीती रात करीब 12-एक बजे सूचना मिली कि महसी तहसील के गदामार कलां गांव से कोई जानवर एक बच्चे को उठा ले गया है।

तलाशी अभियान चलाया गया, सुबह पांच बजे गन्ने के एक खेत में बच्चे का शव मिला। पूरी टीम लगाकर बारीकी से निरीक्षण करने पर शव के निकट संदिग्ध पदचिह्न दिखे, जो सियार के थे। बच्चे का शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है तथा सात टीम बनाकर तलाशी एवं जागरूकता अभियान शुरू किया गया है।

## लद्दाख के लिए नए आरक्षण और अधिवास नियम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र शासित प्रदेश में स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित

सरकार ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए नए आरक्षण और अधिवास नियम घोषित किए, जिसमें स्थानीय लोगों के लिए 85 प्रतिशत नौकरियां और लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषदों में कुल सीट में से एक तिहाई सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, भोटी और पुरगी भाषा को लद्दाख में आधिकारिक भाषा बनाया गया है। इस कदम का उद्देश्य स्थानीय हितों की रक्षा करना है। सरकार द्वारा जारी की गई कई अधिसूचनाओं के अनुसार, नौकरियों तथा स्वायत्त परिषद में आरक्षण, अधिवास और भाषाओं से संबंधित नीतियों में किए गए बदलाव मंगलवार से प्रभावी हो जाएंगे। नए नियमों के तहत, जो लोग केंद्र शासित प्रदेश में 15 साल की अवधि तक निवास कर चुके हैं या सात साल तक अध्ययन कर चुके हैं और यहां के किसी शैक्षणिक संस्थान में कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए हैं, वे किसी स्थानीय या अन्य प्राधिकरण के तहत नियुक्ति के प्रयोजनों के लिए लद्दाख के मूल निवासी होंगे। केंद्र के अधिकारियों, अखिल भारतीय सेवा, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वैधानिक निकायों के अधिकारियों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अधिकारियों, जो 10 वर्षों तक लद्दाख में सेवा कर चुके हैं, उनके बच्चे भी अधिवास के लिए पात्र हैं।

## सशस्त्र बल कर्मियों की गोपनीयता बनाए रखें

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया को आगाह किया कि वरिष्ठ सशस्त्र बल कर्मियों और उनके परिवारों की जरुरत से ज्यादा मीडिया कवरेज से उनकी सुरक्षा को जोखिम हो सकता है इसलिए उनकी गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय भारतीय सशस्त्र बलों की गतिविधियों को कवर करने में मीडिया की निरंतर रुचि और समर्थन की सराहना करता है।

- मीडिया कवरेज पर रक्षा मंत्रालय ने किया आगाह

मीडिया की भागीदारी जनता को सूचित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की बेहतर समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के संदर्भ में, सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी लोगों की नज़रों में आए हैं। बयान में कहा गया कि मंत्रालय के ध्यान में आया है कि पेशेवर कवरेज अधिकारियों और उनके परिवारों के निजी जीवन तक पहुंच गया है।

### आईपीएल का फाइनल



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-2025 टी-20 फाइनल क्रिकेट मैच से पहले समापन समारोह के दौरान प्रस्तुति देते गायक शंकर महादेवन, सिद्धार्थ महादेवन, शिवम महादेवन और अन्य लोग। ● एजेंसी

## सरकार ने नियुक्त किए 12 अपर महाधिवक्ता

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट में करेंगे सरकार के मामलों की पैरवी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट और इसकी लखनऊ खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से पैरवी के लिए 12 अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।

इस आशय की सूचना विशेष सचिव लोकेश नागर ने प्रदेश के महाधिवक्ता के साथ-साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक और लखनऊ खंडपीठ के वरिष्ठ निबंधक को भेजी है। इलाहाबाद के लिए सात जबकि लखनऊ पीठ के लिए कुल पांच अधिवक्ताओं को बतौर अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए बतौर अपर महाधिवक्ता आबद्ध किए गए अधिवक्ताओं में वरिष्ठ अधिवक्तागण अमित सक्सेना व अनूप त्रिवेदी के साथ अधिवक्तागण दुर्गाविजय सिंह, महेंद्र नारायण सिंह, राहुल अग्रवाल, संजीव सिंह व कार्तिकेय सरन शामिल हैं। जबकि लखनऊ के लिए अधिवकतागण अनुज कुदेसिया, सुदीप कुमार, प्रितीश कुमार, ज्योत्सना पाल व सूर्यमणि सिंह रैकवार को बतौर महाधिवक्ता आबद्ध किया गया है।


## अनुष्ठान का श्रीगणेश, देव प्रतिमाओं का किया गया शुद्धिकरण

### राम मंदिर : प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले दिन विधि-विधान से हुआ पूजन, प्रथम तल की तस्वीरें आईं सामने

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय चरण में प्रथम तल पर राम दरबार समेत परकोटा के छह देव स्थलों पर मंगलवार को अनुष्ठान शुरू हुआ। मुख्य विद्वान जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों ने सभी देव पीठ स्थलों पर सुबह 6:30 से विधि-विधान पूर्वक पूजन शुरू किया, जो पांच जून को सुबह 11 बजे तक होगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा होगी।

राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार पर मुख्य यजमान के रूप में राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने वैदिक आचार्यों के साथ पूजन कराया। अलग-अलग देवालायों में गर्भगृह को वैदिक आचार्यों ने पवित्र जल समर्पित कर मूर्तियों का शुद्धिकरण कर अनुष्ठान प्रारंभ किया। पहले दिन यज्ञशाला में 51 वैदिक आचार्य के द्वारा वेदी पूजन, षोडश मात्रिका व सप्त मात्रिका पूजन, योगिनी पूजन, वास्तु पूजन, क्षेत्र पाल पूजन, सर्वतोभद्र पूजन, नवग्रह पूजन, यज्ञकुंड संस्कार, अरणि मंथन व 1975 मंत्रोच्चारण से यज्ञकुंड में अग्नि स्थापन, कुश कंडिका, प्रणिता प्रोक्षनी स्थापन, अग्नि सिंचन के बाद पंच वारुणी हवन से पूजन किया जा रहा है। इसके बाद पीठ स्थापित देवताओं का आह्वान व पूजन किया जाएगा, फिर मूर्तियों के संस्कार की विधि शुरू होगी।



ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को जारी की गई राममंदिर के प्रथम तल की तस्वीर।

### ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बोले-प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आएं

श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि जहां एक ओर श्रीराम अपने दरबार सहित मंदिर में विराजेंगे, वहीं उसी दिन मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिवस भी है। इस विशेष अवसर पर ट्रस्ट की ओर से उन्हें आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। चंपत राय ने कहा कि तीन, चार, पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या न आए। दर्शन करने को ही आएं।

### अनुष्ठान स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना रहा वर्जित

राम मंदिर परिसर में आयोजित द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कर्मकांड आचार्य से लेकर इस अनुष्ठान को संपन्न कराने में लगे कर्मचारियों तक को मोबाइल व अन्य किसी भी प्रकार का समान ले जाना वर्जित किया गया है। सीसीटीवी कैमरे से पूरे अनुष्ठान पर निगरानी रखी जा रही है।

# ज्येष्ठ के चौथे मंगलवार पर उमड़ी भक्तों की आस्था

## हनुमानगढ़ी व राम मंदिर में देर शाम तक दर्शन के लिए लगी रहीं कतारें

अयोध्या कार्यालय


रामनगरी में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार


प्रसाद वितरण करते पूर्व सांसद लल्लू सिंह व करुणाकर पाण्डेय। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार और प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर राम मंदिर में प्रभु के दर्शन पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सुबह 3 बजे से ही सरयू नदी में स्नान के बाद हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में दर्शन के लिये देर शाम तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार रही। जहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। नगर में जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन रहा।

हनुमान गढ़ी के वरिष्ठ देवेशाचार्य ने बताया कि जेष्ठ माह के सभी मंगलवार को बड़ा माना गया है। जो सभी की मनोकामना को पूर्ण करने वाला और सभी के सुख समृद्धि को देने वाला मंगल माना जाता है।

अमेठी से यहां दर्शन पूजन के लिए पहुंचे अमित मिश्रा ने कहा कि यहां पर राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना भी हो रही है। यह बहुत ही सुखद संयोग है कि ऐसे अवसर पर हमें अयोध्या में दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। भारी भीड़ होने के कारण श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक बजरंगबली का दर्शन मिल रहा है। कहीं कोई समस्या नहीं हो रही है।

वहीं सुलतानपुर से आए श्रद्धालु हिमांशु सिंह का कहना है की गर्मी बहुत है, लेकिन आराध्य के प्रति समर्पण और आस्था के आगे गर्मी का कोई असर नहीं पड़ रहा है। दर्शन पूजन करने में कोई परेशानी नहीं हो रही हैं।

## मेडिकल कॉलेज परिसर में भंडारे का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में चौथे मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ .सत्यजीत वर्मा व हड्डी रोग विभागाध्यक्ष डॉ . विनोद आर्या की मौजूदगी में पूजा संपन्न हुई। इसके बाद भंडारा शुरू हुआ। बड़ी संख्या में स्टाफ के अलावा मरीज व तीमारदारों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, बीकापुर विधायक अमित सिंह, पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र, भाजपा नेता करुणाकर पांडेय समेत कई ने प्रसाद वितरित किया। सीएमएस डॉ . एके सिंह, डॉ . साकेत गुप्ता, डॉ .देवाजीत शर्मा, डॉ . आनंद शुक्ला, डॉ .वीरेंद्र वर्मा, डॉ .पीयूष गुप्ता, डॉ . मनीष वर्मा, डॉ . जेपी तिवारी, डॉ . अमित यादव, एचआईएमएस इंजीनियर विकास पाठक, दिलीप सिंह, आरडीएमसी मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र तिवारी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


प्रसाद वितरित करते गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, सीएमएस डॉ . एके सिंह, आर्थो सर्जन डॉ . विनोद आर्या व अन्य।

## प्रसाद ग्रहण करने से तन और मन रहता है स्वस्थ: लल्लू

पूराबाजार, अयोध्या।

**बोले-पूर्व सांसद, किया भण्डारे का शुभारंभ, उमड़े श्रद्धालु**

**अमृत विचार:** ब्लॉक के मोहतसिमपुर में ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लल्लू सिंह व विशिष्ट अतिथि पूर्व कार्यवाहक जिपं अध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच महाबली हनुमान जी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व भोग अर्पण कर भंडारे का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि सिंह ने कहा कि महाबली की कृपा से ही इस तरह के आयोजन हो पाते हैं। विशिष्ट अतिथि पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने कहा कि यह आयोजन जनसहयोग और भक्ति का प्रतीक है। आयोजक विजय कुमार पासवान व लल्लू राम पासवान ने कहा कि हम सभी का प्रयास रहा कि हर भक्त को प्रसाद प्राप्त हो और कोई भी असुविधा न हो। अतिथियों ने पासवान समाज के 51 लोगों को भगवा अंग वस्त्र व हनुमानजी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर विजय कुमार पासवान, प्रदीप कुमार पासवान, लल्लूराम पासवान, विवेक पांडेय, संदीप यादव, बृजेश शर्मा, सुग्रीव मौर्य आदि मौजूद रहे।


कुलपति डॉ . बिजेंद्र सिंह व उनकी पत्नी को गदा भेंट कर स्वागत करते वित्त नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव व अन्य। अमृत विचार

## कृषि विश्वविद्यालय में हुआ सुंदर कांड पाठ, भक्तों ने लिया प्रसाद

**अयोध्या , अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार पर सुंदर कांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदर कांड पाठ का शुभारंभ कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने पूजा-अर्चना के साथ किया। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी मीना सिंह भी मौजूद रहीं। कुलपति ने भक्तों को प्रसाद वितरित किया। भागवताचार्य पंडित ओमकारनाथ दूबे ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन वीर बजरंगी की पूजा करने से जीवन की सभी समस्याओं का निराकरण होने लगता है। विवि के वित्त नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव ने अपने सहयोगियों के साथ कुलपति को गदा देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विवि के समस्त शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद ने किया शरबत वितरण



**अयोध्या, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने सुल्तानपुर रोड अवध यूनिवर्सिटी के सामने अपने प्रतिष्ठान राजपूत पेट्रोल पंप पर शर्बत वितरण का आयोजन किया। हनुमान जी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान सूर्यभान सिंह, समर बहादुर सिंह,अम्बरीष सिंह, रवींद्र कुमार सिंह, होटल संचालक अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने किया भंडारे का शुभारंभ

**सोहावल, अमृत विचार :** बाजार सहित ग्रामीण इलाके में मंगलवार को जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बीकापुर विधायक डॉ . अमित सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव ने बडागांव, ड्योढी, संजयगंज, नई बाजार में भंडारे का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर नंद कुमार सिंह, राजा सिंह चौहान, राकेश जायसवाल,डॉ . चंद्रेश सिंह आदि थे।

### पूरे काजी शिवपुरम में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**भेलसर, अमृत विचार :** मोहल्ला पूरे काजी शिवपुरम में जेष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। राकेश जायसवाल के संयोजन में आयोजित भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी राकेश जायसवाल ने बताया कि मोहल्ला पूरेकाजी शिवपुरम के लोग हर साल इस पुनीत कार्य को करते आ रहे है।

### रुदौली में सौहार्द का भंडारा, सभी ने चखा प्रसाद

रूदौली, अमृत विचार : जेष्ठ माह के बड़े मंगलवार पर विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया ।तहसील में वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल हई खान ने भंडारा आयोजित किया। उपजिलाधिकारी अशोक सैनी, तहसीलदार विजय गुप्ता,बार अध्यक्ष गोरख नाथ तिवारी,महामंत्री रविंद्र तिवारी,पूर्व अध्यक्ष कुलभूषण यादव,साहब शरण वर्मा आदि मौजूद रहे। रहे। ब्लॉक पर सुंदर काण्ड पाठ के बाद बीडीओ अमित त्रिपाठी ने भंडारा आयोजित किया। एडीओ भगवान दीन, आद्याकांत तिवारी,अनिल गौड़,, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष बलभद्र यादव समेत प्रधान मौजूद रहे। लेखपाल संघ रुदौली ने तहसील में भंडारा किया। राजस्व निरीक्षक सुरेश पांडे,वीरेंद्र सिंह, लेखपाल संघ अध्यक्ष कुलदीप सिंह सहित कर्मी मौजूद थे।

### सिंधी समाज ने बांटा प्रसाद

**अयोध्या, अमृत विचार :** ज्येष्ठ मंगल पर रामनगर कॉलोनी के संत नवल राम दरबार, साई वसणशाह मंडल,वलेशाह परिवार व नाका चुंगी पर बजाज परिवार ने हनुमान जी के चित्र पर माला पहनाकर व दीप जलाकर भंडारा प्रसाद वितरित किया। सिंधी समाज के प्रवक्ता ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि इस मौके पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी, पवन जीवानी, पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ, देवकुमार क्षेत्रपाल, हरीश मध्यान, धनेष बजाज,संजय सावलानी,दिलीप बजाज, करन बजाज,शंकर वासवानी, दीपक वलेशाह आदि मौजूद रहे।

### पक्का तालाब पर भव्य भंडारे का आयोजन

**शुजागंज, अमृत विचार :** क्षेत्र में पक्का तालाब स्थित एक मिठाई की दुकान पर सुंदर काण्ड, हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन रोहित मिश्रा व राजन मिश्रा ने किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## सार-संक्षेप

### रसायन विज्ञान चिकित्सा से लेकर उद्योग जगत तक : प्रो. मिश्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में मंगलवार को आयोजित रसायन विज्ञान की उपयोगिता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बीएससी प्रोग्राम के समन्वयक प्रो . सीके मिश्र ने कहा कि वर्तमान परिवेश में रसायन विज्ञान चिकित्सा से लेकर उद्योग जगत तक फैला हुआ है। रासायनिक उपकरणों का बढ़ता प्रयोग मानव को और प्रबुद्ध एवं वैज्ञानिक बना रहा है। मल्टीनेशनल कंपनियों एवं कृषि के क्षेत्र में रसायनों का प्रयोग सर्व विदित है। इसी कारण फसलों का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर जा पहुंचा है। शिक्षण एवं शोध के क्षेत्र में, वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं एवं पैथोलॉजी में रसायनों की मांग बढ़ती जा रही हैं। कार्यशाला में हर्षिता पाण्डेय , दिशा यादव, अथर्व मिश्रा, अवनीश मिश्र ने रसायन विज्ञान की उपयोगिता और उसके अलग-अलग क्षेत्र में हो रहे प्रयोग के बारे में पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। संचालन डॉ . अमिता सिंह एवं डॉ . मिथिलेश तिवारी के द्वारा किया गया।

### यू-विन कार्यक्रम को सुदृढ़ करने को दिया प्रशिक्षण


कार्यशाला में शामिल सीएमओ व अन्य।

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में मंगलवार को शहरी क्षेत्रों की एएनएम और वैक्सीनेटरों के लिए यू-विन कार्यक्रम पर एक महत्वपूर्ण पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें नगर क्षेत्र में आने वाले 42 एएनएम और वैक्सीनेटरों ने प्रतिभाग किया। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें जेएसआई और यूएनडीपी जैसे तकनीकि सहयोगी भी शामिल रहे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यू-विन पोर्टल पर टीकाकरण संबंधी डेटा प्रविष्टि और प्रबंधन में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की दक्षता को बढ़ाना था। सीएमओ डॉ . सुशील कुमार की अध्यक्षता में डीआईओ द्वारा उद्घाटन और प्रारंभिक टिप्पणियों के साथ कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसके बाद यू-विन में वर्तमान मुद्दों पर चर्चा की गई। जेएसआई और यूएनडीपी के विशेषज्ञों ने विभिन्न मॉड्यूल पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। जिससे प्रतिभागियों को वास्तविक समय में पोर्टल का उपयोग करने का अवसर मिला।

### साइकिल रैली निकाली


किछूटी किशुनदासपुर में साइकिल रैली में शामिल लोग। अमृत विचार

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर किछूटी किशुनदासपुर में कामरेड मोहम्मद इशहाक के नेतृत्व में सुबह 10 बजे साइकिल रैली निकाली गई। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासंघ संघ ने 3 जून को 20 साइकिल दिवस के रूप में घोषित किया। भारत में पहली बार 1890 में मुंबई की सड़कों पर साइकिल यात्रा हुई। जो परिवहन का एक सरल सस्ता स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ साधन है। इस मौके पर कामरेड बाबूराम यादव, राकेश दूबे, हनुमान दत्त एडवोकेट, डॉ . जगदीश वर्मा, डॉ . जयराम वर्मा, शिक्षक राम गोपाल यादव, आरेंद्र प्रताप आदि लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेता के बाबा का निधन, शोक

**सोहावल, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता रूद्र प्रताप सिंह के बाबा दाताराम सिंह (105) का निधन हो गया। रुद्र ने बताया कि अंतिम संस्कार बुधवार सुबह आठ बजे पैतृक गांव बरई खुर्द में किया जाएगा।

## वर्षा पूर्व पूरा करें नाले की सफाई का काम : वेद प्रकाश


ऋषि टोला क्षेत्र में स्थित नाले का निरीक्षण करते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व अन्य।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के पीछे एवं ऋषि टोला क्षेत्र में स्थित नाले समेत सभी प्रमुख नालों की सफाई का काम बरसात से पहले पूरा कर लिया जाये। जिससे नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिले। ये निर्देश मंगलवार को विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने दिये। वह नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ स्थलीय निरीक्षण कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान नाले की स्थिति, सफाई की प्रगति और अवरोधों की जानकारी ली।

नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराया जाए और सफाई कार्य में लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि अयोध्या तीर्थ नगरी है और यहां स्वच्छता व जनसुविधाओं को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

विधायक ने स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक समाधान के निर्देश दिए। मौके पर स्थानीय पार्षद अनिल सिंह, देवेन्द्र मिश्र, सुप्रीत कपूर, उमाशंकर जायसवाल मौजूद रहे।

## यूपी बालिका टीम ऑल इंडिया टेनिस बॉल क्रिकेट की चैम्पियन

अयोध्या कार्यालय


ऑल इंडिया टेनिसबॉल क्रिकेट चैम्पियंस ट्रॉफी के साथ यूपी टीम व कोच। अमृत विचार

**जिले की ऋषिका रही बेस्ट ऑल राउंडर व मुस्कान बेस्ट बैट्समैन**


**अमृत विचार :** हिमाचल के कांगड़ा में 1 से 3 जून तक हुई ऑल इंडिया टेनिसबॉल क्रिकेट चैम्पियशिप की विजेता बन यूपी बालिका टीम ने इतिहास रच दिया। टीम में अयोध्या की 12 खिलाड़ी शामिल रहीं। उनमें ऋषिका तिवारी बेस्ट ऑल राउन्डर व मुस्कान बेस्ट बैट्समैन के रूप में पुरस्कृत हुईं।

यूपी टीम ने लीग दौर में तमिलनाडु, जम्मू, हिमाचल को पराजित कर सेमी फ़ाइनल में महाराष्ट्र टीम पर जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। यूपी टीम ने फाइनल में हरियाणा को 30 रनों से पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया। टीम में अयोध्या की ऋषिका तिवारी, मुस्कान जायसवाल, नीलम निषाद, विधि यादव, दिव्यानी सिंह, नेहा वर्मा, शालिनी सिंह, मोहिनी निषाद, तृप्ति, शांभवी, राशिका, मानसी , रागिनी गोरखपुर, आयुषी लखनऊ व दीपिका कानपुर की शामिल रहीं। प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव इमरान अहमद लारी, जिलाध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी, प्रदेश संयुक्त सचिव व टीम कोच रमेंद्र सिंह, जिला खेल समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह, जिला ओलम्पिक संघ के सचिव परमेंद्र सिंह, तलवार बाजी संघ के सचिव बिजेंद्र सिंह, विशाल सिंह, अनुज कुमार, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या कुसुम लता, खेल अध्यापिका माला यादव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी ।

**बकरीद** पर्व को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था होगी व्यवस्था, खुले में नहीं होगी कुर्बानी

## 10 सेक्टरों में बंटेगा शहर, ईदगाहों पर तैनात होंगे मजिस्ट्रेट

अयोध्या कार्यालय


सिविल लाइंस स्थित ईदगाह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सात जून को बकरीद पर शहरी क्षेत्र 10 सेक्टरों में बांट कर निगरानी की जाएगी। खुले में कुर्बानी नहीं होगी। ईदगाह और आसपास क्षेत्र में मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। एडीएम प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में और एडीएम सिटी नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लेंगे। शहर में सिटी मजिस्ट्रेट और एसडीएम सदर समेत अन्य विभागों के अधिकारी मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात होंगे।

ईदगाह पर साफ सफाई की जिम्मेदारी नगर निगम की होगी। निकायों में संबंधित नगर पालिका और नगर पंचायतें कमान संभालेंगी। पानी-बिजली की आपूर्ति को लेकर भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है। सोशल मीडिया पर भी कुर्बानी के फोटो आदि प्रतिबन्धित किए गए हैं।

सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि सभी तैयारियां की जा रही है। कहा कि कोई भी नई परम्परा नहीं लागू होने दी जाएगी। सभी विभागाध्यक्षों को मजिस्ट्रेट के रुप में जोन और सेक्टर वाइज तैनात किया जाएगा।

### सामाजिक समरसता के साथ अंजाम देने की अपील

सुप्रीम धार्मिक अथॉरिटी आफ़ताबे शरीअत हुज्जतुल इस्लाम मौलाना डॉ . कल्बे जवाद नकवी ने ईद-उल-अज़हा (बकरीद) के पवित्र अवसर पर मुसलमानों से महान इबादत को पूरे अदब, सादगी, शरई उसूलों और सामाजिक समरसता के साथ अंजाम देने की अपील की है।

> मौलाना डॉ . कल्बे जव्वाद साहब की ओर से जारी एडवाइजरी से समाज के लोगों को रू-ब-रू कराया जा रहा है। सभी से इसके पालन की गुजारिश की जा रही है।
> -मौलाना जफर अब्बास कुम्मी, अध्यक्ष, खैरुलअमल सोसाइटी, अयोध्या।

### एडवाइजरी के प्रमुख बिंदु

- बहुसंख्यक समाज की धार्मिक भावनाओं का लिहाज़ रखते हुए गाय और ऊँट की कुर्बानी न करें।
- कुर्बानी इबादत है, नुमाइश नहीं, सार्वजनिक स्थानों पर जानवर ज़बह करना या उसकी तसवीरें, वीडियो आदि सोशल मीडिया पर डालना शरीअत और समाज दोनों के ख़िलाफ़ है।
- कुर्बानी अल्लाह की रज़ा के लिए की जाए, न कि दुनिया को दिखाने या नाम कमाने के लिए।
- गोश्त, खून, चमड़ी या कोई भी कचरा इधर-उधर न छोड़ा जाए, नगर निकाय के निर्देशों का पालन करें।
- नमाज़ सड़कों पर नहीं, मस्जिदों और ईदगाहों में पढ़ें ज्यादा भीड़ हो तो जमाअतें बढ़ा दी जाएं।
- यातायात या आम लोगों को परेशानी न हो, यह हर मुसलमान का ज़िम्मा है।
- गरीबों और ज़रूरतमंदों का ख़ास ख़्याल रखें, गोश्त का हिस्सा दिल से बाटें।
- प्रशासनिक सहयोग और कानून व्यवस्था बनाए रखें, कोई अफ़वाह, नफ़रत या उकसावे की बातों में न आएं।

## श्रीराम कथा के माध्यम से स्थापित होता है मानव जीवन संबंध : डॉ. रामानंद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 87वें जन्मोत्सव आयोजन के तीसरे दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु व साधु संत शामिल हुए। सुबह विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान और आयोजनों की धूम रही। दूसरी पाली में कथा व्यास डॉ. रामानंद दास के मुखारविंद से श्रीमद् वाल्मीकि रामायण कथा का आयोजन किया गया। कथा के तीसरे चरण में पारायण करते हुए कहा कि श्रीराम कथा विश्व कल्याणदायनी है। लोक मंगलकारी है। प्रभु श्रीराम का आचरण एवं व्यवहार अपनाने से जीवन आनंदमय हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदासजी महाराज ने श्रीराम कथा के माध्यम से मानव जीवन संबंधों की महत्ता स्थापित की है।

यही वजह है कि श्रीरामचरित मानस में गुरु, माता-पिता, पुत्र-पुत्री, भाई, मित्र, पति-पत्नी आदि का कर्तव्य बोध एवं सदाचरण की सीख हमें सर्वत्र मिलती है। कहा कि परमात्मा से जुड़ने के लिए श्रद्धा और विश्वास ही तो साधन बनता है। कथा की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब इसे हम दैनिक जीवन के व्यवहार में शामिल करते हैं। इससे पूर्व सुबह के सत्र में जगद्गुरु कृष्णाचार्य ने नेपाल से आए भक्तों को सुखी जीवन व निरोगी काया की महत्ता बताई। इससे पहले मंदिर के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने व्यासपीठ का पूजन किया। महंत महेंद्र दास, महंत विमल दास, शरद शर्मा सहित नेपाल सीबीआई बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

**आज का मौसम**

24 घंटे में बादल छाए रहने व हल्की वर्षा की संभावना है।

| 35.5° | 28.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

**आज के कार्यक्रम**

- अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय एवं प्रबंधन विभाग में पर्यावरण जागरूकता कार्यशाला सुबह 10:00 बजे से।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आऊट सोर्सिंग कर्मियों का धरना सुबह 10:00 बजे से।
- अवध विश्वविद्यालय में ललित कला विभाग द्वारा एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य पोस्टर प्रतियोगिता सुबह 11:00 बजे से।

# भूमि विवाद में युवक की हत्या, शव के किए छह टुकड़े

## कोतवाली बीकापुर के सुगन राय का पुरवा पटेल नगर की घटना । भाई की तहरीर पर चाचा समेत चार पर हत्या का केस, दो हिरासत में

अयोध्या कार्यालय।





घर में रोते-बिलखते परिवारीजन एवं दिनेश (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के सुगन राय का पुरवा पटेल नगर में युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। हत्यारों ने शव के छह टुकड़े कर दिए। हत्या का कारण भूमि विवाद बताया जा रहा है। मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर सगे चाचा, चाची सहित चार पर नामजद केस दर्जकर दो को हिरासत में ले लिया है।

बीकापुर क्षेत्र में सोमवार शाम आंधी पानी के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। दिनेश कुमार वर्मा(24) पुत्र राजकुमार वर्मा घर के बाहर छप्पर में सो रहा था। रात करीब दो बजे खटपट की आवाज सुनकर उसकी मां और बहन बाहर आईं तो घर के पीछे कुछ लोगों को भागते देखा। उसके बाद छप्पर में पहुंची तो देखा कि छप्पर के अंदर और चारपाई के नीचे चारों तरफ खून बिखरा हुआ था। बिस्तर भी खून से भीग गया था, दिनेश का शव कई टुकड़ों में जमीन पर पड़ा हुआ था। परिजनों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। बीकापुर सीओ पीयूष, प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। रात में ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी भी मंगलवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचे व निरीक्षण किया।

मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से गहरे घाव थे। हाथ-पैर कटे हुए थे, सिर भी धड़ से अलग था। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किया और नमूना लिया। डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया।

एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि मृतक के बड़े भाई विनोद कुमार वर्मा द्वारा सगे चाचा अशोक कुमार वर्मा, चाची रीता वर्मा, पड़ोसी राम किशुन वर्मा के अलावा पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के मझौली निवासी रामप्रकाश वर्मा समेत चार लोगों के विरुद्ध भाई की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। चारों आरोपियों पर केस दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### आरोपी चाचा घर में ताला लगाकर परिवार समेत फरार

आरोपी राम किशुन वर्मा भारती इंटर कॉलेज बीकापुर में सहायक अध्यापक है व एक अन्य आरोपी राम प्रकाश वर्मा अधिवक्ता बताया जा रहे हैं। घटना के बाद मुख्य आरोपी मृतक के चाचा अशोक वर्मा के घर में ताला लटका हुआ था। परिजन घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

### आबादी की भूमि के बंटवारे को लेकर चल रहा था विवाद

पिता राजकुमार वर्मा और उनके छोटे भाई हत्या के आरोपी अशोक वर्मा के बीच आबादी की भूमि के बंटवारे व पुराने मकान को लेकर विवाद कई बरसों से चल रहा था। राजकुमार को प्रधानमंत्री आवास योजना में तीन आवास मिले थे, इन्हें नए सिरे से बनवाकर उसने बड़ा मकान बना लिया था। यह बात अशोक को अच्छी नहीं लगी थी। वह दबाव बना रहा था कि पुराना मकान हमको दे दो। इस पर राजकुमार तैयार नहीं थे। इसको लेकर दोनों पक्षों में कई बार हाथापाई की भी नौबत आई थी। पुलिस कई बार शांति भंग की कार्रवाई भी कर चुकी है।

### सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था दिनेश

मृतक के पिता राजकुमार बीकापुर बाजार में पान की गुमटी चलाते हैं। दिनेश तीन भाइयों में सबसे छोटा और अभी अविवाहित था। मृतक दिनेश कुमार वर्मा बीएससी का छात्र था। सेना सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना, पूर्व अध्यक्ष मायाराम वर्मा, जुग्गी लाल यादव, सभासद राजन पांडे, महमूद अहमद, इमरान अहमद आदि घटना की निंदा करते हुए मृतक के घर पहुंच कर गहरी शोक संवेदना जताई गई।

## हाईवे पर दुर्घटना में अधेड़ की जान गई




**सोहावल, अमृत विचार:** रौनाही थाना अंतर्गत टोल प्लाजा तहसीनपुर के निकट एक अर्टिगा कार की चपेट में आने से सतीश पाठक (50) निवासी पूरे देवी तिवारी पुरवा मजरे लहरापुर घायल हो गया। पुलिस ने उस को जिला अस्पताल भिजवाया। यहां मौजूद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वह अपने गांव से निकलकर तहसीनपुर तिराहा पार कर अयोध्या की ओर जा रहा था। उपनिरीक्षक हरे कृष्णा ने बताया आरोपी वाहन को चालक सहित पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अस्पतालों को नोटिस, जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार:** छापे के दौरान अवैध संचालित अस्पतालों को सीएमओ ने नोटिस जारी की है। साथ ही मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।


सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने बिना पंजीकरण के चल रहे छह अस्पतालों को छापे के दौरान पकड़ा था। अस्पतालों को नोटिस जारी की गई है। छापे में सीएचसी रुदौली के बगल चल रहे अली

**▸▸ छापे में सील किए गए थे रुदौली के छह अस्पताल**

हॉस्पिटल, यशोदा हॉस्पिटल, रियांश हॉस्पिटल और भेलसर में चल रहे जनता हॉस्पिटल, मिलेनियम हॉस्पिटल, एडवांस सिटी हॉस्पिटल में एमबीबीएस डिग्रीधारी डाक्टर, स्टाफ नर्स, ओटी टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट समेत तकनीकि स्टाफ नहीं पाए गए थे। अस्पताल में चल रहे फ़ार्मेसी में प्रशिक्षित फार्मासिस्ट नहीं मिली। मानक विहीन ऑपरेशन थियेटर पाए जाने पर सील किया था। अनियमित संचालित इन अस्पतालों मे एक्सपायरी डेट इंजेक्शन और अवैध तरीके से इलाज करते कर्मचारी भी मिले थे। सरकारी डॉक्टर निजी अस्पतालों में अनधिकृत रूप से कार्य करते मिले थे। सीएमओ ने बताया कि सीज छह अस्पताल संचालकों को नोटिस दी गई है। जांच के लिए डॉ. संदीप शुक्ल की अध्यक्षता में गठित टीम में डॉ. राममणि शुक्ला, डॉ वेद प्रकाश त्रिपाठी को शामिल किया गया है। कहा कि मरीजों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## टेबल टेनिस और तैराकी ट्रायल 10 को

**अयोध्या, अमृत विचार:** प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में महिला टेबल टेनिस और तैराकी का जिला व मंडलीय ट्रायल डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 10 जून को होगा। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि जिला स्तरीय ट्रायल पूर्वान्ह 11 बजे तथा मंडलीय ट्रायल दोपहर 1 बजे होगा। चयनित मंडलीय टीम 13 से 13 जून तक सिद्धार्थनगर में आयोजित प्रदेशीय महिला टेबल टेनिस व तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।



# राम वन गमन पर विशेष डाक आवरण जारी

अयोध्या कार्यालय



विशेष डाक आवरण जारी करते प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव, सीनियर पोस्टमास्टर अनुज कुमार व प्रयाग फिलेटलिक सोसायटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार बंसल आदि।

**अमृत विचार :** अयोध्या मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर हरे कृष्ण यादव, अयोध्या प्रधान डाकघर के सीनियर पोस्टमास्टर अनुज कुमार सिंह व प्रयाग फिलेटलिक सोसायटी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार बंसल ने प्रधान डाकघर अयोध्या में मंगलवार को राम वन गमन पर विशेष डाक आवरण जारी किया।

प्रवर अधीक्षक ने कहा कि श्री राम को त्याग का प्रतीक माना जाता है। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहा गया है। राम वन गमन के विशेष आवरण से ज्ञान का प्रकाश संचार सम्भव है। प्रयाग फिलेटलिक सोसायटी के अध्यक्ष ने बताया कि राम वन गमन के विशेष आवरण से देश-विदेश के पर्यटक अयोध्या दर्शन करने को बढ़ावा मिलेगा। विशेष आवरण का मूल्य 25 रुपये रखा गया है। ये फिलेटलिक ब्यूरो के माध्यम से बिक्री किये जायेंगे।

इस मौके पर मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, प्रयाग फिलेटलिक सोसायटी के राहुल गांगुली, व्यापार मण्डल अयोध्या के उत्तम बन्सल, ज्योतिरादित्य सिंह, जितेन्द्र यादव, जयशंकर प्रसाद वर्मा, सहायक पोस्टमास्टर अतुल उपाध्याय, राहुल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### सीएम के दौरे के मद्देनजर अफसरों ने किया निरीक्षण

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पांच जून के प्रस्तावित अयोध्या भ्रमण के मद्देनजर कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने राम कथा पार्क, सरयू आरती स्थल, पुष्प वाटिका सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया।

# डीएम साहब, अतिक्रमणकारियों ने घर से निकलना दुश्वार कर दिया

मसौधा, अयोध्या



मसौधा के अमौना गांव में निरीक्षण के दौरान शिकायतें सुनते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे।

**अमृत विचार:** गांव पहुंचे डीएम निखिल टीकाराम फुंडे और सीडीओ केके सिंह के सामने महिलाओं ने अपनी अलग अलग समस्याओं को लेकर दुःखडा. सुनाया। डीएम ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। अमौना की भगौता देवी ने कहा कि साहब गांव के कुछ दबंग घर के सामने अवैध कब्जा कर लिए हैं। घर से निकलना दुश्वार हो गया है। मुंह खोलने पर मारने दौड़ते हैं। जबकि जमीन मेरी है

मायूस श्यामलाल ने कहा कि साहब सरकारी जमीन पर आवासीय पट्टा मिले 10 साल से अधिक हो गया, लेकिन दबंग लोग कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं। कमरुद्दीन बोले कोटे से खाद्यान्न इसलिए नहीं मिल रहा है। उनके परिवार के सदस्यों का नाम राशन कार्ड हटा दिया गया है।

रेवाड़ी देवी ने बताया कि उनके घर के सामने पानी भरा है। दबंग

**▸▸ गांव पहुंचे अफसरों के सामने रखी समस्याओं की लंबी फेहरिश्त**

लोग पानी निकालने के लिए नाली नहीं खुदवाने दे रहे हैं। बरसात के पूरे तीन महीने वह घरों में या तो कैद रहते हैं या गांठ भर पानी में घुसकर आते जाते हैं। गांव के राज नारायण की व्यथा थी कि आवासीय योजना के वह पात्र हैं उन्हें इसका लाभ नहीं मिल रहा है। न ही दूसरी सुविधाओं उन्हें मिल पा रही है। इसके अलावा तमाम शिकायतें रहीं। डीएम के साथ डीपीआरओ अविनाश कुमार, बीडीओ आरएन भारती, एडीओ पंचायत जीशान हैदर, ग्राम प्रधान राज कुमार सहित ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी भी मौजूद रहे।

### डीएम ने देखा विकास कार्य, रोपा पौधा, पंचायत प्रतिनिधियों से की बात

**रानीबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** मसौधा ब्लॉक की ग्राम पंचायत अमौना के कंपोजिट विद्यालय पहुंचे जिला अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे सहित अन्य अफसरों ने विकास कार्यों को जांचा परखा। ग्राम प्रधान और सदस्यों से बातचीत की। ग्राम प्रधान राजकुमार ने स्वागत किया। डीपीआरओ अविनाश कुमार ने ग्राम सभा में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। विद्यालय के प्रांगण में अशोक का पौधा रोपित किया। कार्यक्रम में डीडी पंचायत अरविंद कुमार, वीडीओ रूपनारायण भारती, एडीओ पंचायत जीशान हैदर, एडीओ आईएसबी अनिल दुबे, ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र पांडे, राहुल पांडे, महानुभाव मिश्र मौजूद रहे।

## पद्मविभूषण व पद्मभूषण अवार्ड के लिए 6 तक कर सकते हैं आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विशिष्ट व उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु 26 जनवरी को पद्मविभूषण व पद्मभूषण अवार्ड से सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट, विशिष्ट उपलब्धि व योगदान वाले आहर्ता प्राप्त व्यक्ति अपना आवेदन 6 जून तक निर्धारित प्रारूप पर दो प्रतियों में क्षेत्रीय खेल कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं। 6 जून के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# वार्ड बॉय के सहारे पीएचसी

शुजागंज, अयोध्या

**अमृत विचार:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुजागंज अव्यवस्था का शिकार है। मरीज इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र आते हैं, लेकिन चिकित्सक न होने के कारण निराश लौट जाते हैं या फिर झोलाछाप से इलाज कराते हैं।

यहां मंगलवार को एक वार्ड बॉय के सहारे पूरा अस्पताल दिखा। चिकित्सक की खाली पड़ी कुर्सी देखकर इलाज के लिए आ रहे मरीज मायूस होकर वापस जा रहे थे। शौचालय में ताला लटक रहा था। ब्लॉक की 14 ग्राम पंचायतों के मरीजों के इलाज का दारोमदार इस स्वास्थ्य केंद्र पर है, लेकिन समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध न होने के कारण स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। परिसर में जगह-जगह गंदगी व कूड़े का ढेर है। अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल ने बताया कि यहां पर स्वीपर की तैनाती न होने के कारण साफ-सफाई नहीं हो पाती है इसलिए शौचालय बंद रहता हैं। मांग की गई है जल्द ही समस्या का निराकरण हो जाएगा। अनुपस्थित कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**▸▸ केंद्र में चिकित्सक की खाली कुर्सी देख लौट रहे थे मरीज**

> प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लोगों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने की कोशिश है। चिकित्सकों की कमी से परेशानी होती है। इसको लेकर विभाग को कई बार सूचित किया गया है। जल्द ही चिकित्सा सुविधा मुहैय्या कराई जाएंगी। -डॉ. सुशील कुमार, सीएमओ।

## माता कौशल्या की गोद में खेलते रामलला की दिव्य मूर्ति का होगा निर्माण : सत्यनारायण

**अयोध्या। अमृत विचार :** राम मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार प्रतिमा को पत्थरों पर उकेरने वाले मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे भी अनुष्ठान के साक्षी बने। उन्होंने बताया कि पहले दिन भगवान का अभिषेक चल रहा है। मूर्तियों को जल से स्नान कराया गया। वहां पर ब्राह्मण आचार्य बैठकर मंत्रों का पाठ किया। कहा कि हमने भगवान श्री राम दरबार तैयार किया है, जिसकी प्रतिष्ठा हो रही है। इस मूर्ति की प्रतिष्ठा के बाद मां कौशल्या की गोद में खेलते हुए रामलला की दिव्य प्रतिमा को तैयार करने जा रहे हैं। यह प्रतिमा भी लगभग 6 फीट ऊंची सिंहासन पर माता कौशल्या बैठी हुई दिखाई देंगी। जिसके लिए पत्थरों का चयन हो गया है और उसकी ड्राइंग भी तैयार कर ली गई है। यह मूर्ति छत्तीसगढ़ में लगाई जाएगी। इसके अलावा दिल्ली एयरपोर्ट पर प्रमोद कृष्णन के द्वारा बातचीत की गई है कि कलकी अवतार की मूर्ति बनाई जानी है।

# आज दोपहर 12 बजे से निजी अस्पताल बंद करने की चेतावनी

अयोध्या कार्यालय



प्रेस वार्ता करते आईएमए अध्यक्ष व मौजूद अन्य डॉक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रुदौली के अली अस्पताल में सीलिंग की कार्रवाई को लेकर आईएमए ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार की शाम ऐलान कर दिया कि बुधवार को जिलाधिकारी से पहले वार्ता करेंगे। अगर अली अस्पताल का ताला न खुला तो या फिर जिले के नर्सिंग होम को बंद करने की कॉल की जाएगी या फिर मीडिया को लेकर सीएमओ आफिस का रुख करेंगे। उन्होंने कहा कि 10 बजे जिलाधिकारी से मिलने जाएगे 12 बजे तक देखेंगे उसके बाद निजी अस्पताल बंद करने का एलान कर देंगे। आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरके बनौधा ने कहा कि अनक्वालिफाइड चिकित्सकों के अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है जबकि डिग्री वाले चिकित्सकों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए पूछा कि महिला अस्पताल के सामने सील किये गए अस्पतालों को क्यों खोल दिया गया। अब हम स्वास्थ्य विभाग व सीएमओ के खिलाफ दिल्ली तक लड़ाई लड़ेंगे।

इससे पहले आईएमए के पदाधिकारी सीएमओ की कार्रवाई के खिलाफ़ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे, लेकिन वह नहीं मिले। इसके बाद कार्यालय में ही ज्ञापन देकर चले आये। शाम को पत्रकार वार्ता के लिए सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में एकत्र हुए। अली अस्पताल के चिकित्सक डॉ. मेराज ने कहा की अस्पताल सील करना सबसे अंतिम कार्रवाई होती है। इस दौरान सेक्रेटरी डॉ. प्रवीण मौर्य, डॉ. अफरोज खान, डॉ. आनंद शुक्ल, डॉ. नानक सरन व अन्य उपस्थित रहे।

**▸▸ रुदौली के अली अस्पताल को सील किये जाने के विरोध में आईएमए ने खोला मोर्चा**

### हड़ताल में सरकारी अस्पताल के चिकित्सक भी होंगे शामिल

बनौधा ने कहा कि हम चाहते हैं कि पांच को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनके सामने बात रखें। इसलिए पहले जिलाधिकारी से मिलने का प्रयास करेंगे। अगर मुलाकात नहीं होती तो हड़ताल पर जाएंगे। जिले के सभी निजी चिकित्सालय बंद कराए जाएंगे। सरकारी अस्पताल भी बंद होंगे।

### सभी सरकारी अस्पताल खुलेंगे, हम पूरी तरह से तैयार हैं : सीएमओ



डॉ. सुशील कुमार, सीएमओ

आईएमए के प्रेस कांफ्रेंस के जवाब में सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने अमृत विचार से बताया कि आईएमए वाले भी हमारे भाई ही हैं। उन्हें सोचना चाहिए की अगर शट डाउन कर रहे हैं तो 24 घन्टे पहले नोटिस देनी चाहिए थी। शाम को ज्ञापन देने की सूचना नहीं है। अगर आईएमए बंद करने जा रहा है तो ऐसा नहीं है कि हम तैयार नहीं हैं। हमारे सरकारी अस्पताल भी तैयार हैं। सरकारी अस्पताल का कोई चिकित्सक इनके साथ नहीं जाएगा। हम परेशानी नहीं होने देंगे। निजी अस्पतालों में एक-एक एसी वार्ड का चार्ज हजारों में है। हमारे यहाँ सीएचसी पर एसी वार्ड मुफ्त में मरीजों के लिए उपलब्ध है। अगर आईएमए सोच रहा है कि अस्पताल की सील खुल जाएगी तो गलत है। मैं शासन की नियमों के विरुद्ध नहीं जाऊंगा। जब तक जांच चलती रहेगी तब तक अली हॉस्पिटल सील रहेगा। मैं अभी जूम मीटिंग कर सरकारी अस्पतालों को तैयार कर दे रहा हूँ।

## सार-संक्षेप



महंत नृत्य गोपाल दास को श्रीराम दरबार भेंट करते अधिवक्ता व भाजपा कार्यकर्ता।

### महंत नृत्य गोपाल दास को भेंट किया राम दरबार

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 87 वें जन्मोत्सव के क्रम में मंगलवार को अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत जिला इकाई अयोध्या और भाजपा नेताओं ने संयुक्त रूप से मणिराम दास छावनी पहुंचकर उन्हें श्रीराम दरबार भेंट किया। उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत अयोध्या के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला व भाजपा नेता दिनेश जायसवाल ने कहा कि महाराज का पूरा जीवन अपने ईष्ट प्रभु श्रीराम जी के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर निर्माण होने तक पूरी तरह समर्पित रहा। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत अयोध्या के महामंत्री रत्नेश सिंह, कमल, सुनील कुमार साहू, शासकीय अधिवक्ता श्रीधर मिश्रा, अंबरीश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### विद्युत मजदूर पंचायत का धरना जारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के हटाए जाने के विरोध में विद्युत मजदूर पंचायत के तत्वाधान में मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर चल रहा धरना मंगलवार को 43वें दिन भी जारी रहा। वक्ताओं ने मुख्य अभियंता पर शोषण और दोहन का आरोप लगाया। कहा है कि न्याय मिलने तक आन्दोलन जारी रहेगा। विरोध सभा का नेतृत्व सयोजक रघुवंश मिश्रा व संचालन संरक्षक विजय प्रताप सिंह ने किया। धरने में संजय सिंह, ज्ञानेंद्र यादव, अभिषेक, सुरेश सिंह, प्रदीप, सुशील मौर्य, सत्येंद् पांडेय, पंचायत के अध्यक्ष जय गोविंद आदि मौजूद रहे।

### धरी रह गईं तैयारियां- नहीं पहुंची टीम

**मसौधा, अयोध्या।** ब्लॉक क्षेत्र के अमौना गांव में 16 वें केंद्रीय वित्त आयोग की टीम न पहुंचने से ग्रामीण मायूस दिखे। अलबत्ता उन्हें अपनी शिकायतें और पंचायत स्तर की समस्याओं को जिला अधिकारी से बताकर संतोष करना पड़ा। टीम के न आने पर डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, सीडीओ के के सिंह सहित पंचायत विभाग के अधिकारियों मौके पर पहुंचे।

### पति, सास समेत छह ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस

**रुदौली, अयोध्या।** दहेज में चार पहिया वाहन की मांग पूरी न होने नाराज पति, सास, ननद, देवर और ननदोई ने विवाहिता की पिटाई कर घर से निकाल दिया। कोतवाली रुदौली क्षेत्र के हलीम नगर की रहने वाली शहनुमा बानो का निकाह इमरान मिर्जा निवासी ग्राम चिरा थाना टिकैतनगर बाराबंकी के साथ 13 नवंबर 2019 को हुआ था। दी गई तहरीर में बताया गया कि विवाह में मन मुताबिक दहेज न मिलने से नाराज सास मजरतुल निशा, ननद तरन्नुम, तबस्सुम देवर जिशान, नंदोई तौसीफ आए दिन मारपीट करते और पिता से चार पहिया वाहन की मांग करते रहते। पीड़िता शाहनुमा के मुताबिक 24 अप्रैल को लाठी, डंडों से पीटकर घर से निकाल दिया। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि शाहनुमा की तहरीर पर पति इमरान मिर्जा, सास मजरतुन निशा, ननद तरन्नुम, तबस्सुम, देवर जिशान और ननदोई तौसीफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

**उपलब्धि** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में नौ जनरल सर्जन में से छह मेडिकल कॉलेज के ही

# 11 माह में सर्वाधिक सर्जरी का रिकॉर्ड डॉ. सत्यजीत के नाम

अयोध्या कार्यालय।



डॉ. सत्यजीत वर्मा।



डॉ. एमसी पांडेय।



डॉ. वीपी सिंह।

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और जनरल सर्जन डॉ. सत्यजीत वर्मा ने 11 महीनों में सर्वाधिक 665 मेजर सर्जरी करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों में वह शीर्ष पर हैं। टॉप-5 में मेडिकल कॉलेज के तीन व जिला अस्पताल के दो जनरल सर्जन शामिल हैं। तीसरे स्थान पर जिला अस्पताल के डॉ. वीपी सिंह हैं।

जिले के नौ प्रमुख जनरल सर्जनों में से छह राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज से हैं, जो इस संस्थान की चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को दर्शाता है। डॉ. सत्यजीत वर्मा ने अपनी कुशलता और समर्पण से न केवल मरीजों का भरोसा जीता, बल्कि मेडिकल कॉलेज को भी गौरवान्वित किया। उनकी सर्जरी में जटिल ऑपरेशन जैसे पेट, आंत और हर्निया से संबंधित मामले शामिल हैं। डॉ. सत्यजीत ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले सभी मरीजों का बेहतर इलाज करने की कोशिश की जाती है। ऑपरेशन का श्रेय मेरी पूरी टीम को जाता है।

| अस्पताल | चिकित्सक | ऑपरेशन |
|---|---|---|
| मेडिकल कॉलेज | डॉ. सत्यजीत वर्मा | 665 |
| मेडिकल कॉलेज | डॉ. एमसी पांडेय | 503 |
| जिला अस्पताल | डॉ. वीपी सिंह | 419 |
| मेडिकल कॉलेज | डॉ. अमित यादव | 400 |
| जिला अस्पताल | डॉ. एके सिन्हा | 200 |
| मेडिकल कॉलेज | डॉ. प्रदीप | 164 |
| मेडिकल कॉलेज | डॉ. विक्रांत | 135 |
| मेडिकल कॉलेज | डॉ. संजय गौतम | 111 |
| श्रीराम अस्पताल | डॉ. उजैर अख्तर | 85 |

नोट- यह डाटा अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 का है।

> जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में यह डाटा सभी सरकारी अस्पतालों से मंगाया जाता है। फरवरी तक का डाटा हमारे पास है। अगली बैठक अब इसी जून माह में प्रस्तावित है। इसके बाद फिर से डाटा जुटाने का कार्य किया जाएगा। -डॉ. सुशील कुमार, सीएमओ।

## किशोर की गोमती नदी में डूबने से मौत

**रुदौली, अमृत विचार:** बाबा बाजार थाना क्षेत्र में किशोर की गोमती नदी में स्नान करते समय डूब कर मौत हो गई। सैदपुर चौकी क्षेत्र के सैदपुर गांव का मो. हफीज(17) पुत्र तस्वीर अहमद अपने दोस्तों के साथ नदी में स्नान करने गया था।स्नान करते वह गहरे पानी में चला गया। दोस्तों ने डूब रहे साथी को बचाने के लिए शोर मचाया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। लेकिन रात होने के कारण सर्च आपरेशन रोकना पड़ा। पुलिस व गोताखोरों ने मंगलवार सुबह सात बजे दोबारा सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शव कुमारगंज थाना क्षेत्र से बरामद किया। बताया कि मृतक युवक अपने मां बाप का इकलौता बेटा था। कुमारगंज थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## एक नजर

### तालब की खोदाई को लेकर हुआ विवाद, पुलिस ने रुकवाया काम

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भस्मा में तालाब खोदाई को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। ग्राम प्रधान सुषमा यादव ने बताया कि गाटा संख्या 429 तालाब की जमीन है, जिस पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। विवाद तब शुरू हुआ जब ग्राम प्रधान और उनके पति की अनुपस्थिति में तालाब की खोदाई का काम शुरू किया गया। विजय बहादुर का दावा है कि यह जमीन उनकी है और प्रधान जबरन खोदाई करवा रहीं हैं। वहीं लेखपाल अजय प्रताप यादव ने स्पष्ट किया कि यह काम कार्य योजना में शामिल नहीं है। इस संबंध में विकास विभाग को भी शिकायत की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि खोदाई से दुर्गा माता मंदिर और आसपास के घरों में रहने वालों को आवागमन में परेशानी होगी। नेहा यादव, वंदना यादव, दुर्गावती यादव, शिव कुमारी, राधे श्याम यादव, विजय बहादुर, जानकी यादव, मनीष, रामसुमेर यादव और निकु यादव ने खोदाई का विरोध किया। जलालपुर कोतवाली के मोहसिन मलिक ने कार्य रुकवा दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना, सामान किया पार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** कटका थाना क्षेत्र के पर्वतपुर गनेशपुर गांव में महेंद्र मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि घर के पीछे का जंगला तोडक़र अंदर घुसकर घर में रखा 5000 नकद एक जोड़ी पावजेब, तीन अंगूठी, 8 पीस चांदी का बिछुआ, एक जोड़ी सोने का झुमका, दो पीस करधन, सोने का कंगन, एक जोड़ी बाली, एक पीस चेन सोने का चोरों ने उड़ा दिया। वहीं मसोढा गांव निवासी अतुल तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके घर की खिड़की तोड़कर चोरों ने घर में घुसकर एक मांग टीका, एक चैन, तीन अंगूठी, एक जोड़ी झुमका, लॉकेट, एक जोड़ी चांदी का पावजेब चोरों ने पार कर दिया। उक्त दोनों घरों में से चोरों ने लगभग 10 लख रुपए की सोने और चांदी के जेवरात पार किया है।

### मरीजों को मिला निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श

**आजमगढ़ :** रमा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन मंगलवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर में किया गया। कैम्प में 73 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डॉ. खुशबू सिंह ने कहा कि इस मौसम में खाने-पीने का विशेष ध्यान रखें साथ ही घरों को भी साफ सुथरा रखें ताकि संक्रमण से बचा जा सकें। रमा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डॉ अमित सिंह ने बताया कि कुल 73 महिलाओं का निशुल्क जांच की गई। अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा, अनिता, गीता रहीं।

# टीबी मरीजों को समय से धन उपलब्ध कराएं

## जिलाधिकारी ने हॉटस्पॉट को प्राथमिकता पर लेते हुए अभियान चलाकर ज्यादा टेस्टिंग करने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की पोष्टिक आहार प्रतिमाह जब तक क्षय रोगी, क्षय रोग की दवा खाएं को स्वेच्छा से पोष्टिक आहार प्रदान किए जाने संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2025 तक भारत में टीबी का उन्मूलन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में राज्यपाल ने क्षय रोगियों को गोद लेकर उनका दुःख, दर्द बांटने और उनको स्वेच्छा से पोष्टिक आहार प्रदान करने का आह्वान किया है।

जिलाधिकारी ने जनपद में कुल चिह्नित क्षय रोगियों को पोष्टिक आहार स्वेच्छा से उपलब्ध कराने की स्थिति, जनपद में क्षय रोगियों की पहचान करने के लिए रोजाना जांच की संख्या, क्षय रोगियों को उपलब्ध कराए जा रहे उपचार की सुविधा, जागरूकता, बचाव और प्रभावी रोकथाम आदि संबंधी विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 852 ग्राम पंचायत में 3700 क्षय रोगी हैं। 47 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हैं। 3700 टीबी रोगियों में से 3507 टीवी रोगियों को गोद लिया गया है। विगत माह 172 टीबी रोगियों को पोषण पोटली तथा 350 टीबी रोगियों को डीवीटी से पैसा उनके खाते में न उपलब्ध कराये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सभी मरीजों को ससमय पोषण पोटली व डीबीटी के माध्यम से पैसा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रत्येक ब्लॉक में तैनात सीनियर असिस्टेंट सुपरवाइजर द्वारा पोषण पोटली का वितरण समय से न कराने, हॉटस्पॉट का चिन्हांकन न करने, शत प्रतिशत मरीजों पर निश्चय मित्र न बनाने और अपने दायित्वों का गंभीरता न निभाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में सभी हॉटस्पॉट को प्राथमिकता पर लेते हुए अभियान चलाकर अधिक से अधिक टेस्टिंग करने के निर्देश दिए।

**अभियान चलाकर टीबी रोगों की करें पहचान :** बैठक में जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत, विकासखंड और जनपद पर आशा, जिला क्षय रोग अधिकारी आदि की जिम्मेदारी तय करते हुए योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाकर अधिक से अधिक जांच कर प्रत्येक टीवी रोगी की पहचान कर, समुचित और प्रभावी इलाज सुनिश्चित करने, लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने रोजाना की जांच की स्थिति आदि की मॉनिटरिंग करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया।

### अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

जिलाधिकारी ने जिला क्षय रोग अधिकारी को सभी मरीजों को आगामी तीन दिवस में मास्क उपलब्ध कराने और नियमित समय से मास्क को उपलब्ध कराते रहने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी ग्राम पंचायत में आगामी तीन दिवस में सभी मरीजों को नियमित मास्क लगाने की अनिवार्यता सुनिश्चित करने, सभी 3700 मरीजों के घर तथा संबंधित पंचायत भवन पर लाल पर्चा जिस पर टीवी रोग से बचाव और इलाज के विभिन्न बिंदु अंकित हो को चस्पा कराने व जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। समीक्षा में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. रामानंद सिद्धार्थ द्वारा क्षय रोग अभियान का संचालन योजनाबद्ध तरीके से न करने, जांच का कोई लक्ष्य निर्धारित न करने और अपने जिम्मेदारियां का समयबद्ध निर्वहन न करने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए।

### बकरीद पर सार्वजनिक स्थानों पर न दी जाए कुर्बानी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** आगामी बकरीद के त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय पीस कमेटी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बकरीद पर्व पर किसी भी स्थिति में बाहर व सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न की जाए और कोई नई परंपरा नहीं शुरू की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कुर्बानी के बाद बचा हुआ अवशेष इधर-उधर न फेंका जाए, बल्कि नगर पालिका और पंचायत द्वारा निर्धारित स्थानों पर सही तरह से निस्तारण किया जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने सभी को बकरीद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और जनसहयोग से त्योहार को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का आह्वान किया। बैठक के दौरान पीस कमेटी के सदस्यगण, मुस्लिम धर्मगुरु, संभ्रांत नागरिक, जनपद स्तरीय अधिकारी तथा पुलिस अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी :डीएम



बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी गंगा दशहरा, बकरीद एवं निकट भविष्य में पड़ने वाले त्यौहारों को सकुशल शांतिपूर्ण, भाईचारे, प्रेम, एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सभी उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, थानाध्यक्ष, खंड विकास अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत नहीं होनी चाहिए और किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाए तथा कोई भी कुर्बानी खुले में न हो। वहीं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाये जाने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। यहां अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, गंभीर सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में सफाई कर्मचारी की मौत

**अंबेडकरनगर:** जनपद में हुए एक सड़क हादसे में नगर पालिका का सफाई कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना अकबरपुर-अयोध्या मार्ग पर जय ऑटो एजेंसी के पास हुई। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहंची पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां पर उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मीरानपुर निवासी 40 वर्षीय मोहम्मद अनीस के रूप में हुई है। वह अकबरपुर नगर पालिका में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना उस समय हुई जब वह शिवबाबा से अपने घर लौट रहा था। जय हीरो एजेंसी के पास बाइक और साइकिल की आमने-सामने की टक्कर में अनीस गंभीर रूप से घायल हो गया। अकबरपुर कोतवाली प्रभारी श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज में हार्ट अटैक के मरीजों को मिलेगा मुफ्त इलाज

टांडा, अंबेडकरनगर

**सुविधा**

- मरीजों को टीएनके-टीपीए नामक बोलस इंजेक्शन कराया जा रहा है उपलब्ध

**अमृत विचार:** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में हार्ट अटैक एसटी ईएमआई से पीड़ित मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। अब मेडिकल कॉलेज में एक्यूट चेस्ट पेन यानी गंभीर हार्ट अटैक के मरीजों का इलाज मुफ्त किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित एसटीईएमआई केयर कार्यक्रम के तहत यह सुविधा शुरू की गई है। इस योजना के तहत मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों को जानलेवा हार्ट अटैक की स्थिति में टीएनके-टीपीए नामक बोलस इंजेक्शन बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराया जा रहा है। यह इंजेक्शन शरीर की रक्त वाहिकाओं में जमे थक्कों को घोलता है और हार्ट अटैक से होने वाली मृत्यु को रोकने में कारगर साबित होता है। इस योजना के नोडल अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष मेडिसिन विभाग को बनाया गया है। जानकारी के मुताबिक योजना की समस्त तैयारियां मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित पटेल की देखरेख में पूर्ण कर ली गई हैं। यह कदम प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव और उप प्रधानाचार्य डॉ. उमेश वर्मा के दिशा-निर्देशों में उठाया गया है।

मीडिया प्रभारी डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने बताया है कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को अचानक सीने में तेज दर्द एक्यूट चेस्ट पेन हो तो वह तुरंत मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन विभाग में पहुंचे और इस योजना के तहत निशुल्क इलाज कराएं। यह पहल जनहित में जारी की गई है और इससे जनपद में हार्ट अटैक से होने वाली जानमाल की हानि को रोकने में मदद मिलेगी।

## सार-संक्षेप

### एएसपी ने ली परेड की सलामी



पुलिस लाइन में आयोजित परेड में शामिल पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अपर अधीक्षक पूर्वी श्याम देव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर मंगलवार परेड की सलामी ली गई। इसके बाद एएसपी पूर्वी ने परेड, शस्त्रागार, डायल 112 के वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्वार्टर गॉर्ड व पुलिस लाइन का मुआयना कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि मंगलवार की परेड के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली। सलामी ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने पुलिस बल को दौड़ कराई और टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आरक्षियों को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी दी। एएसपी ने विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए शस्त्र अभ्यास कराते हुए शस्त्रों को खोलना व जोडऩे के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तत्पश्चात यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार हेड लाइट, हूटरआदि समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने और उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव और साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मालीपुर पुलिस ने नाबालिक बालिका के साथ दुराचार व पॉक्सो अधिनियम से सम्बंधित पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते दिनों मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दुराचार करने का मामला सामने आया था। जिसमें किशोरी के परिजन की तहरीर पर पुलिस ने बलात्कार व पॉक्सो ऐक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश शुरू कर दी थी। जिस क्रम में पुलिस ने मंगलवार को मुकदमें से सम्बंधित अभियुक्त पंकज पाल पुत्र स्वण्आशा राम पाल निवासी ग्राम खालिसपुर दुर्गा छीते पट्टी थाना दोस्त पुर को बैरागल पुल के समीप से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ स्वतंत्र कुमार मौर्य, कांस्टेबल मनी रामएराघवेंद्र चाहर व अजय चौधरी शामिल रहे।


### किशोरी ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** शादी का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करने और वीडियो बनाने का मामला प्रकाश में आने पर जलालपुर कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर किशोर के खिलाफ दुराचार सहित आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सम्मनपुर थाना क्षेत्र के एक निजी विद्यालय में साथ पढ़ने वाला किशोर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार दुराचार किया और इस कृत्य का वीडियो भी बनाया तथा वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं जलालपुर कोतवाली के कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने मामले को लेकर बताया कि पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।

### अंबेडकर पार्क में योगा मंच के निर्माण को लेकर विवाद

**आजमगढ़, अमृत विचार :** जिले में शासन के निर्देश पर 15 जून से 21 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसे लेकर नगर पालिका द्वारा कलेक्ट्रेट क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क में योगा मंच का निर्माण किया जा रहा है। जानकारी होने पर बसपा के नेता और कार्यकर्ता इसका विरोध करने लगे। जानकारी के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 15 जून से 21 जून तक विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके लिए शासन की ओर से नगर पालिका क्षेत्र के तीन पार्कों में योगा मंच के निर्माण का निर्देश दिया गया है। नगर पालिका अधीन आने वाले अंबेडकर पार्क में सोमवार की शाम से नगरपालिका ने योगा मंच के निर्माण का कार्य शुरू किया। इसकी जानकारी होते ही बसपा के नेता और कार्यकर्ता निर्माण का विरोध करने लगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे को मिट्टी गिराकर भरने का काम शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही एसडीएम सदर नरेंद्र गंगवार, सीओ सिटी गौरव शर्मा और ईओ नगरपालिका विवेक त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गया। पुलिस और प्रशासन के पहुंचने पर कार्यकर्ता डॉ. बलिराम के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए। समाचार लिखे जाने तक बसपा कार्यकर्ता धरने पर बैठे हैं और मौके पर पुलिस बल तैनात है। वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि शासन की तरफ से नगरपालिका क्षेत्र के तीन पार्कों में योगा मंच के निर्माण का निर्देश मिला है। जिसके क्रम में इसका निर्माण कराया जा रहा है। जो लोग विरोध कर रहे हैं उनसे वार्ता की जा रही है। कार्य जारी है। उधर, लालगंज लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद डॉ. बलिराम ने बताया कि उन्हें मंच बनाए जाने की सूचना सोमवार की रात को ही मिल गई थी। उन्होंने इसके लिए डीएम को फोन किया था। मंगलवार को जब वह डीएम को ज्ञापन देने के लिए पहुंचे तो डीएम ने उन्हें आफिस से बाहर निकालने को बोला। पूर्व सांसद ने कहा हमारी मांग है कि पार्क जैसा है उसको वैसे ही रहने दिया जाए। अगर पार्क में मंच बनाना है तो उसे अस्थायी रूप से बनाया जाए। उन्हें इससे कोई एतराज नहीं है।

## मंदिरों में गूंजे जय हनुमान के जयकारे, भंडारों में चखा प्रसाद



ज्येष्ठ माह चतुर्थ मंगलवार को हनुमान जी पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**आस्था**

- हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए लगी भक्तों की भीड़

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को जनपद के मंदिरों में बजरंगबली के जयकारों की गूंज रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पवनसुत की आराधना की। जगह-जगह आयोजित भंडारों में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दिनभर भक्ति गीतों की गूंज रही। सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

भक्तों ने बजरंगबली को तुलसी दल, गेंदा, गुलाब, बेला और कनेर की माला अर्पित की। अकबरपुर नगर के पुराने तहसील तिराहा, शहजातपुर चौक स्थित हनुमान मंदिर, टांडा, जलालपुर, आलापुर, बसखारी क्षेत्रों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भक्तों ने दर्शन के साथ आरती में भाग लिया और आयोजित भंडारों में प्रसाद ग्रहण किया। नगर सहित विभिन्न कस्बों और गांवों में भी लोगों ने बढ़-चढ कर भाग लिया। वहीं शाम होते ही संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। अकबरपुर नगर में अलग.अलग स्थानों पर सुबह से ही भंडारों की धूम रही। नगर में कुछ भंडारे सुबह से शुरू हो गए तो कुछ दोपहर बाद शुरू हुए। पुरानी तहसील के निकट हनुमान मंदिर पर दोपहर बाद भंडारा शुरू हुआ।

**भक्तों ने राहगीरों को वितरित किया प्रसाद, जलालपुर, अंबेडकरनगर:** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ माह चतुर्थ मंगलवार को भक्तों ने भगवान श्रीराम के प्रिय भक्त बल, बुद्धि, विद्या के प्रतीक मंगल मूरति हनुमानजी की आराधना की। व्यापारी मनीष सोनी और पीयूष सोनी ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए भंडारे की शुरुआत की। यह आयोजन रामा इंटरप्राइजेज मित्तुपुर रोड जलालपुर के दुकान पर लगे पंडाल में एडवोकेट गिरीश चंद सोनी, संतोष यादव, आत्माराम गुप्ता, प्रिंस सोनी, विनीत जायसवाल, विनीत जायसवाल, आशीष सोनी, नगर महामंत्री विकाश निषाद समेत भक्तगणों ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। वहीं रजिस्ट्री मोड पर जिला उद्योग व्यापार मंडल द्वारा राहगीरों को प्रसाद में आम का जूस बांटा गया। व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र, व्यापारी अमित गुप्ता, सीताराम अग्रहरि, आदित्य गोयल, बबलू गौड़ आदि लोग मौजूद रहे।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
• BBA (Finance & Taxation) • B.Com (H)
• BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
• MBA • M.Com. • MCA
• MPH • MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
• BA (Mass Comm.) • BA (Journalism)
PG Programs
• MA (Mass Comm) • MA (Journalism)
• MA (English) • MA (Psychology)
• MA (Sociology) • MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# रफ्तार का कहर: मां बेटे समेत पांच लोगों की थमी सांसें

## मोतीगंज व करनैलगंज थाना क्षेत्रों में हादसे, पुलिस दोनों घटनाओं की जांच में जुटी

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की सुबह बाराबंकी के रामनगर थाना क्षेत्र में हुए भीषण हादसे में गोंडा जिले के चार लोगों की मौत से लोग अभी उबरे भी नहीं थे कि तेज रफ्तार के कहर ने मंगलवार को मां बेटे समेत पांच लोगों की जिंदगी छीन ली। हादसा जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुआ। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे के बाद पीड़ित परिवारों में मातम पसरा है। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच में जुटी है।


मनोज वर्मा।


मीना यादव।


रंजीत यादव।(फाइल फोटो)


जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती घायल महिला इंदु पांडेय। अमृत विचार

### दर्शन कर रहे लौट रहे मां बेटे समेत तीन की सड़क हादसे में मौत, महिला घायल

मोतीगंज थाना क्षेत्र के महेवा गोपाल गांव के समीप मंगलवार की सुबह दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में मां बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है।

क्षेत्र के सोठिया गांव का रहने वाला रंजीत यादव(18) मंगलवार की सुबह अपनी मां मीना यादव (45) व पड़ोस की रहने वाली बिंदू पांडेय (45) को बाइक से लेकर कोल्हमपुर स्थित मंदिर गया था। मंदिर में दर्शन करने के बाद तीनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। दर्जीकुंआ मनकापुर मार्ग पर महिला गोपाल गांव के समीप पहुंचने पर उनकी बाइक विपरीत दिशा से आ रहे मनोज वर्मा (25) की बाइक से टकरा गयी। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों बाइक सवार बीच सड़क पर गिर गए जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लग गयी। सभी को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां रंजीत यादव, मीना यादव व मनोज वर्मा निवासी गढ़ी थाना मोतीगंज की मौत हो गयी। गंभीर रूप से बिंदू पांडेय को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे की खबर मृतक परिवारों तक पहुंची तो कोहराम मच गया। परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंचे तो एक साथ तीन तीन शवों को देखकर बिलख पड़े। साथ आए लोगों ने रोती बिलखती महिलाओं को संभाला। मोतीगंज प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव ने बताया कि हादसे में दोनों बाइक सवार युवकों की मौत हो गयी है। किसी ने भी हेलमेट नहीं पहन रखा था। तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**करनैलगंज** : गोंडा-लखनऊ मार्ग भंभुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत अहरौरा मोड़ पर हुए हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली करनैलगंज के पचमरी गांव निवासी मन्नू (28) पुत्र रामसूरत व श्रवण (25) पुत्र कल्लू किसी कार्य से बाइक से निकले थे। जैसे ही वे अहरौरा मोड़ के पास पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उनकी बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही भंभुआ चौकी प्रभारी अंकित सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। गांव में मातम का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दुर्घटना स्थल पर स्पीड ब्रेकर एवं चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है।


श्रवण।


मुन्नू।(फाइल फोटो)

### बाइक सवारों ने नहीं पहन रखी थी हेलमेट

दोनों सड़क हादसों में जान गंवाने वाले युवकों ने हेलमेट नहीं पहन रखी थी। हादसा हुआ तो सिर में गंभीर चोट लगी जिससे उनकी जान चली गयी। पुलिस का कहना है कि बाइक चलाते समय लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया जाता है। उनका चालान भी होता है। बावजूद इसके बावजूद फर्राटा भरने वाले युवा हेलमेट पहनना जरूरी नहीं समझते। हेलमेट होती तो शायद उनकी जान बच जाती।

## एक नजर

### 250 किसानों को जारी की गई आरसी

**रुपईडीह, गोंडा।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा दुबहा बाजार ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बकायादार 250 किसानों से बकाया वसूल किए जाने के लिए आरसी जारी कर दी गई है। प्रबंधक जयप्रकाश राय ने बताया कि बकाया न जमा करने वाले अन्य बकायादार को भी आरसी जारी किए जाने के लिए गांव-गांव का भ्रमण कर चिन्हित किया जा रहा है। बकाया वसूली में किसी तरह से लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

### किशोरी के साथ छेड़छाड़

**कटरा बाजार, गोंडा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के परिजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर दी तहरीर में कहा है कि उसकी पंद्रह वर्षीय किशोरी 2 जून को शाम 7 बजे घर के बाहर गई थी। तभी पहले से मौजूद एक व्यक्ति ने उसे पकड़ कर गन्ने के खेत में ले जाकर छेड़खानी करने लगा शोर मचाने पर वह भाग गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पंकज नाम के व्यक्ति पर छेड़खानी के मामले में केस दर्ज किया गया है।

### बिजली चोरी का 5 पर केस

**गोंडा** : वजीरगंज बिजली विभाग की टीम ने बिजली चोरी जांच अभियान के दौरान 5 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ है। अवर अभियंता शिवकुमार ने बताया कि जांच टीम को कादीपुर में राजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र मौर्या डायरेक्ट कटिया डालकर मोटर पंप चलाते मिले। मोटरपंप जब्त किया गया। वजीरगंज कस्बे के बाबू व शाहिद छोटा दरवाजा के रामदत्त तथा जमादार पुरवा भगोहर के कृपाराम व दिनेश कुमार बकायेदारी में कनेक्शन काटे जाने के बावजूद खम्भे से तार जोड़कर कर बिजली जला रहे थे। उपरोक्त सभी लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### द्वार पूजा के दौरान विवाद

**गोंडा** : वजीरगंज के ग्राम पंचायत गेडसर लहन पुरवा निवासी सुनील यादव ने थाने पर तहरीर दिया है कि रविवार को बहन की शादी थी द्वारपूजा मे छर्री फेंकने से मना करने पर गांव के भोला निषाद, मनीष पंकज, दीपू पुत्र राम करन निषाद रंजिशन सोमवार शाम को दरवाजे पर आकर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मुक्का थप्पड़ लाठी डंडे से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### चार दिन से बालक लापता

**इटियाथोक, गोंडा।** चार दिन पहले किशोर घर से गायब हो गया। किशोर के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। फूलचन्द रैदास निवासी मजगवां गिलौली ने सोमवार को बताया कि शुक्रवार को नौ बजे सुबह उनका बेटा विशाल(15) अपने नाना के घर ग्राम मूड़ाडिहवा कोतवाली देहात गोण्डा से वापस घर वापस आया था। इसके बाद वह बिना बताए कहीं चला गया। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि किशोर के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन की जा रही।

### युवती के साथ छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

**इटियाथोक, गोंडा।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शुक्रवार को करीब दो बजे दिन में उसकी बीस वर्षीय पुत्री सदाशिव बाजार से मोबाइल की रिपेयरिंग करवा के साइकिल से घर आ रही थी। विजय चौहान निवासी लमुइया रुदापुर ने मोटर साइकिल से पीछा कर लिया। गांव के पास सुनसान स्थान पर छेड़खानी व हाथा पाई कर खींचने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर धमकाते हुए युवक भाग निकला। पुलिस ने आरोपी विजय चौहान लमुईया रुदापुर के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट कर धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

### नशे के सौदागर को 15 वर्ष की सजा और जुर्माना

**बलरामपुर, अमृत विचार।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के निर्देशन में थाना हर्रैय्या क्षेत्र में 08 किलो 550 ग्राम अवैध चरस बरामद होने के मामले में दोषी अभियुक्त राम किशन यादव को न्यायालय द्वारा 15 वर्ष कठोर कारावास व 150,000 रु0 का अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है। इस मामले में थाना हरैया मे राम किशन यादव के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियोग की विवेचना उ0नि0 मंशाराम रावत द्वारा की गई और आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी अभियोजन अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार त्रिपाठी और रवीन्द्र प्रताप सिंह, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी ओम प्रकाश चौहान और थाना हर्रैय्या द्वारा प्रभावी पैरवी की गई।

## जिलाधिकारी ने सुआंव नदी के विभिन्न बिंदुओं का लिया जायजा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सुआंव नदी के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के संबंध में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा अधिशाषी अभियंता सिंचाई ड्रेनेज खंड, डीसी मनरेगा, वन विभाग के अधिकारियों के साथ सुआंव नदी के विभिन्न बिंदुओं का स्थलीय जायजा लिया गया।


सुआंव नदी के तट का निरीक्षण करते डीएम पवन अग्रवाल। अमृत विचार

**▸▸ सुआंव नदी के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तथा वृक्षारोपण के संबंध में दिए दिशा-निर्देश**

उन्होंने श्रावस्ती बॉर्डर के ग्राम गोपियापुर जहां से सुआंव नदी निकलती है एवं ग्राम गिदरहैया, ग्राम भीखपुर में सुआव नदी का स्थलीय जायजा लिया। उन्होंने नदी के जीर्णोद्धार एवं तट के सौंदर्यीकरण हेतु कार्ययोजना बनाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सुआंव नदी के तट पर स्थित सभी पोखरों एवं तालाबों का जीर्णोद्धार किए जाने का निर्देश दिया। नदी के कैचमेंट एरिया पर पिलर लगाए जाने का निर्देश अधिशाषी अभियंता सिंचाई ड्रेनेज खंड को दिया। इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण के संबंध में भी आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त व अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुर्बानी के अवशेषों का शीघ्र करें निस्तारण : डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सकुशल तरीके से मनाने के लिए तैयारियों की समीक्षा की गई।

**▸▸ सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक में दिए गए आवश्यक निर्देश**

बैठक में डीएम ने सर्किलवार और थानावार त्योहारों को शांतिपूर्ण और सकुशल तरीके से मनाने के लिए तैयारियों का जायजा लिया और संभ्रांत व्यक्तियों से वार्ता की। डीएम ने त्योहारों के दौरान साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति और पेयजल व्यवस्था के निर्देश दिए।

एसपी ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी नई प्रथा की मंजूरी नहीं होगी और कुर्बानी खुली जगह पर करना प्रतिबंधित है। कुर्बानी के बाद अवशेषों का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। डीएम ने कहा कि बकरीद के त्योहार के दौरान कुर्बानी के बाद अवशेषों का शीघ्र निस्तारण करें और साफ-सफाई रखें। उन्होंने सभी को आगामी त्योहार गंगा दशहरा और बकरीद की शुभकामनाएं दीं।

बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, सीओ, थानाध्यक्ष और संभ्रांत नागरिक गण उपस्थित रहे।

## बित उपकेंद्र निर्माण व ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की मांग

**तुलसीपुर, बलरामपुर, अमृत विचार।** तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र के हरैया सतघरवा विकास खंड में बिजली आपूर्ति की बदहाल स्थिति ने आम जनता को बेहद परेशान कर दिया है। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने ऊर्जा मंत्री, नगर विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए जल्द समाधान की मांग की है। लगभग तीन वर्ष पूर्व हरैया सतघरवा में 33/11 केवीए विद्युत उपकेन्द्र की स्वीकृति मिल चुकी है। परंतु भूमि आवंटन में आ रही बाधा के कारण अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो क्षेत्र की बिजली समस्या और भी गंभीर हो सकती है।


ऊर्जा मंत्री को बिजली संबंधित मांग पत्र सौंपते विधायक कैलाश नाथ शुक्ला।

इसके साथ ही उन्होंने हरैया बाजार स्थित उपकेन्द्र के 5 एमवीए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 10 एमवीए करने का भी प्रस्ताव रखा है। जिससे बिजली आपूर्ति व्यवस्था में बड़ा सुधार आ सकता है।

विधायक ने देवीपाटन के नई बाजार मोहल्ले और आसपास के गांवों की समस्या का भी जिक्र किया। जहां बलरामपुर डिवीजन (लिफ्ट कैनाल) से 60-70 किलोमीटर दूर से बिजली आपूर्ति होने के कारण लाइन लॉस और लो-वोल्टेज की समस्या विकराल हो चुकी है। उन्होंने मांग की कि इन क्षेत्रों को तुलसीपुर चीनी मिल के पास स्थित नवनिर्मित उपकेन्द्र से जोड़ दिया जाए। उन्होंने जनहित में इन तीनों मांगों पर त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश देने की अपील की है।

## अहमद क्लीनिक विभागीय जांच में सील

**जरवा, बलरामपुर।** गैंसड़ी विकास खंड के अंतर्गत बालापुर बाजार में संचालित अहमद क्लीनिक को विभागीय जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सील कर दिया गया। यह कार्रवाई आवश्यक दस्तावेजों की अनुपलब्धता के कारण की गई। गैंसड़ी सीएचसी के अधीक्षक डॉ. अरविंद ने बताया कि निरीक्षण के दौरान क्लीनिक संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण कागजात मौके पर उपलब्ध नहीं थे। विभाग ने तत्काल प्रभाव से क्लीनिक को सील कर दिया। जांच दल में सीएचसी तुलसीपुर के अधीक्षक डॉ. विकल्प मिश्र, सशस्त्र सीमा बल के जवान तथा स्थानीय पुलिस बल के कर्मी भी मौजूद थे।

## डीएम ने लापरवाह 37 अफसरों से तीन दिन में मांगा जवाब

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का डीएम पवन अग्रवाल द्वारा नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा यह पाया गया कि कतिपय अधिकारियों द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में कोई रुचि नहीं ली जा रही है एवं प्रकरणों का सरसरी तौर पर निस्तारण कर दिया जा रहा है।

**▸▸ आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का लिया गया संज्ञान**

उन्होंने आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उक्त सभी अधिकारी अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। समुचित जवाब न प्राप्त होने पर सभी के विरुद्ध अतिमहत्त्वपूर्ण कार्यक्रम आईजीआरएस में प्राप्त संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने, आवेदकों द्वारा निस्तारण पर असतुष्ट फीडबैकं दिये जाने एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों का अनुपालन न किये जाने के सम्बन्ध में शासन को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 317 ने दी प्रवेश परीक्षा

**बलरामपुर।** आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी छात्रों को बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से जिले में संचालित अभ्युदय निश्शुल्क कोचिंग योजना के अंतर्गत सोमवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 317 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में तीन पालियों में संपन्न हुई। इसमें सिविल सेवा, नीट, जेईई और विभिन्न एक दिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के इच्छुक छात्रों ने भाग लिया। पाठ्यक्रम समन्वयक सचिन कुमार सिंह के अनुसार इस बार कुल 419 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिनमें से सिविल सेवा के लिए 149, नीट और जेईई के लिए 103 तथा अन्य एक दिवसीय परीक्षाओं के लिए 167 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 317 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। सर्वाधिक 134 अभ्यर्थी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के रहे।

## बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल ने किसानों को किया जागरूक

**गैड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर, अमृत विचार।** हुसैनाबाद गांव में बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल उतरौला के अधिकारियों व कर्मियों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। किसान जुबेर अहमद के गन्ने के खेत में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया व कीटनाशकों के घोल का छिड़काव कर इसका प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ड्रोन से छिड़काव अत्यंत लाभकारी है। क्योंकि इससे कम लागत में अधिक क्षेत्र में प्रभावी ढंग से खाद और कीटनाशकों का वितरण किया जा सकता है।

गन्ना समिति के पूर्व डायरेक्टर कमरुद्दीन खान ने किसानों से इस तकनीक को अपनाने की अपील की। वहीं चीनी मिल इटईमैदा के गन्ना प्रबंधक विजय पांडेय, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक संतोष कुमार मिश्रा, सहायक गन्ना प्रबंधक आईजी चौधरी, योगेश त्रिपाठी और शारदा त्रिपाठी ने ड्रोन से छिड़काव की तकनीकी जानकारी साझा की।

इफको के प्रतिनिधि आनंदमणि त्रिपाठी ने ड्रोन के जरिए नैनो यूरिया और कीटनाशकों का छिड़काव कर किसानों को उसका व्यावहारिक प्रदर्शन दिखाया।

**आस्था** | शहर क्षेत्रों के साथ ग्रामीण इलाकों में रही भंडारों की धूम

## बलरामपुर में चौथे बड़े मंगल पर भक्तिमय रहा वातावरण


झारखंडी मंदिर के सरोवर पर आयोजित भंडारे पर हनुमान जी की आरती करते देवीपाटन मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी।

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार** : ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगल पर्व पर जिले भर में हनुमान भक्ति की धूम रही। मंगलवार को शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक श्रद्धालुओं की भीड़ हनुमान मंदिरों में उमड़ पड़ी।

बड़े मंगल पर्व पर जिले भर में भंडारों का आयोजन किया गया। भंडारों में पूड़ी-सब्जी, चना, हलवा और शरबत का वितरण हुआ। प्रमुख आयोजनों में पिपरहवा चौराहे पर राना प्रताप सिंह द्वारा जय पेट्रोलियम पेट्रोल पंप पर आयोजित भंडारा प्रमुख रहा। अभिषेक सिंह, आशीष, राकेश प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। झारखंडी महादेव मंदिर पर नगर पालिका चेयरमैन धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने भंडारे का आयोजन किया। भंडारे से पूर्व सुंदरकांड पाठ किया गया। देवीपाटन मंदिर महंत मिथिलेश नाथ योगी ने बजरंबली की आरती उतारी। डीपी सिंह, गौरव मिश्रा, अनिरुद्ध शुक्ला, संजय शुक्ला सहित तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर कोतवाली के निकट तिरुपति मोटर्स पर अंकुर सिंह ने भंडारे का आयोजन किया। दुल्हापुर में अशोक सिंह, रामलीला मैदान पर सोनू दूबे, अमित सिंह, संजीव टंडन समेत कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भंडारे आयोजित किए।

## सार-संक्षेप

### बालाजी महाराज के सवामनी हवनोत्सव का आयोजन


पाठ करते लोग। अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा** : नगवा गांव में स्थित प्रसिद्ध सम्मय माता का स्थान है। मंगलवार से मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा पाठ का आयोजन किया गया। वेदपाठी ब्राम्हणों द्वारा वेदोक्त तरीके से पूजा-अर्चना और कथा पाठ शुरू हो गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए गांव के आनंद देव सिंह और मनीष मिश्र ने बताया कि अवध प्रांत स्वयंभू श्री बालाजी जनकल्याण समिति द्वारा एक दशक से इस कार्यक्रम का लगातार आयोजन किया जा रहा है। सात दिवसीय पाठ के पूर्ण होने के उपरांत सवामनी हवनोत्सव का कार्यक्रम आगामी 9 जुन को होगा और 10 जून को विशाल भंडारा और भव्य जागरण का कार्यक्रम किया जाएगा। नगवा सम्मय माता के प्रति लोगों में अगाध आस्था है। यहां क्षेत्र और दूर दराज से हजारों भक्त अपनी मनवांछित अभिलाषा को साकार करने के लिए आते रहते हैं।

### कथक कार्यशाला में जमकर झूमे प्रतिभागी

**बलरामपुर।** बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश व एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में चल रहे सातदिवसीय ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य नि :शुल्क कार्यशाला के दूसरे दिन सभी प्रतिभागी जमकर झूमें। इस दौरान प्रतिभागियों ने भूमि प्रणाम आदि की जानकारी प्राप्त की। मंगलवार को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय के निर्देशन व कार्यशाला संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान के संयोजकत्व में आयोजित कार्यशाला में सभी प्रतिभागी जमकर झूमें। बिरजू महाराज कथक संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश से नामित कथक गुरु हर्षिता चौहान ने सभी प्रतिभागियों को भूमि प्रणाम की जानकारी दी। उन्होंने मुद्राओं के साथ साथ बताया कि कथक में प्रणाम, जिसे ' भूमि प्रणाम ' भी कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण और पारंपरिक अभिवादन है जो नृत्य की शुरुआत में किया जाता है। यह धरती के प्रति सम्मान व्यक्त करता है और नृत्य को शुरू करने से पहले भूमि से क्षमा याचना भी है। उन्होंने भूमि प्रणाम की आवश्यक जानकारी देते हुए कहा कि स्त्रीय नृत्य है जो कहानी कहने पर आधारित है। इसका अर्थ है "कथा कहने वाला" और यह नृत्य कहानियों को व्यक्त करने का एक माध्यम है। यह नृत्य अपनी लयबद्ध पैरों की हरकतों, चेहरे के भावों और सुंदर हरकतों के माध्यम से कहानी सुनाने के लिए जाना जाता है। भूमि प्रनाम को अलग-अलग तरीकों से किया जा सकता है, जिसमें हाथों और पैरों का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के आकृतियां बनाई जा सकती हैं। कार्यशाला के आयोजन में वालेंटियर विनय पाण्डेय, छवि चतुर्वेदी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### एडीजे ने किया बालगृह का निरीक्षण, परखा रहन सहन


निरीक्षण करते एडीजे दानिश हसनैन। अमृत विचार

**गोंडा** : अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने बुधवार को पोर्टरगंज स्थित बालगृह (बालिका) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां मौजूद बालिकाओं से उनके स्वास्थ्य, भोजन व शिक्षा की जानकारी ली। उन्होंने बालिका गृह के व्यवस्थापक को बालिकाओं की शिक्षा के लिए समुचित प्रबंध करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बालिकाओं को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता भी परखी। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज ने बालिका गृह के कर्मचारियों को साफ सफाई, सुरक्षा और कागजातों को व्यवस्थित रखने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिला जज ने मौजूद बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल बृज लाल तिवारी व बालगृह के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### धान रोपाई के स्थान पर धान की सीधी बुवाई ज्यादा लाभकारी

**गोंडा** : विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत मंगलवार को विकासखंड नवाबगंज के ग्रामों पर्वती, मिलकिनिया तथा किशुनदासपुर में कृषकों को खेती की नवीनतम जानकारी सहित जनपद में कृषि एवं सम्बंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. दिलीप कुमार शर्मा प्रधान वैज्ञानिक भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ ने गन्ना उत्पादन तकनीक, गन्ना के साथ सह फसली खेती, गन्ना प्रसंस्करण आदि की जानकारी दी। कृषि विज्ञान मनकापुर के वैज्ञानिक डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने धान, तिल, अरहर, उर्द एवं मूंग की वैज्ञानिक खेती, खरीफ फसलों की उन्नतशील प्रजातियां, धान की स्री विधि, हरी खाद की खेती आदि, डॉ मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने आम नींबू अमरूद की बागवानी, सब्जियों की खेती, पुराने बागों का जीर्णोद्धार, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन तथा डा. हनुमान प्रसाद पांडे मृदा वैज्ञानिक ने मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, नैनो उर्वरकों, जल विलेय उर्वरकों तथा जैव उर्वरकों का प्रयोग, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती आदि की जानकारी दी। प्रवीन कुमार प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार ने कृषि निवेशों की उपलब्धता, प्रतीक श्रीवास्तव एडीओ एजी ने ड्रोन से कृषि रसायनों का छिड़काव, अरुण कुमार सोनी प्राविधिक सहायक ने कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व स्मार्ट कृषि, वीरेन्द्र कुमार यादव बीटीएम ने फार्म मशीनरी बैंक सहित गन्ना, उद्यान, पशुपालन, रेशम आदि विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। दीपक कुमार सैनी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में अवधेश कुमार सिंह ग्राम प्रधान सहित प्रगतिशील कृषकों सुमित कुमार मिश्रा, जितेंद्र कुमार मिश्रा, सुंदरी, सोनिया, सरिता आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी एवं कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।


पंडरी शंकर में आयोजित भंडारा। अमृत विचार


धानेपुर थाना परिसर में प्रसाद परोसते इंस्पेक्टर निर्भय नारायण सिंह। अमृत विचार


करनैलगंज में आयोजित भंडारे में प्रसाद परोसते चेयरमैन रामजी लाल मोदनवाल। अमृत विचार

# हे दुखभंजन मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार...

## हनुमान मंदिरों में उमड़े भक्त, बजरंगबली के गुणगान के साथ जगह-जगह भंडारों का किया गया आयोजन

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार पर हर तरफ भंडारे के साथ बजरंगबली के गुणगान की धूम रही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सुंदर कांड पाठ के भंडारे का आयोजन हुआ। बीएसए अतुल तिवारी ने बजरंगबली की पूजा अर्चना कर भंडारे की शुरुआत की। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिला समन्वयक राजेश सिंह, गणेश गुप्ता, प्रेमशंकर मिश्रा, जगदीश गुप्ता, बालिका शिक्षा जिला समन्वयक रक्षांदा सिंह, जन्मेजय सिंह, नीरज तिवारी, सुभाष श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे। स्टेशन रोड पर जगह-जगह भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। पंडरी शंकर गांव में हनुमान जी के भंडारे का आयोजन हुआ। बच्चूलाल शुक्ल समेत अन्य लोगों ने प्रसाद वितरण किया।


सुभागपुर रेलवे क्रासिंग के समीप साधन सहकारी समिति पर आयोजित भंडारा। अमृत विचार

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय विज्ञान कैंपस में सुंदरकांड का पाठ हुआ और भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रोफेसर जितेंद्र सिंह, प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र, प्राचार्य रविंद्र कुमार पांडेय, सचिव उमेश शाह सहित तमाम लोगों ने भाग लिया। मंगलवार को करनैलगंज बस स्टॉप पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल ने किया। यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। मुन्नू सिंह करूवा, आशीष कुमार सिंह, डॉ आईपी सिंह, जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह, मंडल अध्यक्ष आशीष गिरि, छोटकऊ सिंह, संतोष पाण्डेय, एसपी तिवारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

उधर चौक घंटाघर पर भंडारे का आयोजन समाजसेवी सुरेश कुमार पुरवार की तरफ आयोजित किया गया। जिसमें जतिन पुरवार, प्रवीन भट्ट आदि ने प्रसाद वितरण किया। पिपरी के सामने विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें राजेश सिंह, रामकुमार आदि ने प्रसाद वितरण किया। ग्राम छतई पुरवा में भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें दिनेश कुमार मिश्रा, मगन बिहारी शुक्ल, सर्वेश पाण्डेय सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

उधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें अमरेश मिश्र ने पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ भंडारे में सैकड़ों की संख्या में लोगों को भोजन प्रसाद वितरित किया। इसी तरह कटरा शाहबाजपुर, बरगदी मोड, भंभुआ, तहसील के सामने, धौरहरा चौराहा, चौरी चौराहे सहित तमाम स्थानों पर भंडारा चल मनकापुर में रफी नगर, पटेल नगर, रेलवे स्टेशन चौराहा, पुरानी तहसील के सामने, सरजू सिंह गुमटी, पुरानी सब्जी मंडी, उतरौला रोड व बाबा सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर में प्रसाद वितरण भक्तों द्वारा किया गया। चेयरमैन दुर्गेश कुमार सोनी, सभासद वैभव सिंह, रवि मिश्रा, नवीन कुमार श्रीवास्तव, राजदीप, अमरदीप, कृष्ण कुमार यादव, दुर्गा पंडित, रवि उपाध्याय आदि लोगों के सहयोग से आयोजन देर शाम तक कार्यक्रम अनवरत चलता रहा।

गोंडा बलरामपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप साधन सहकारी समिति पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुराग तिवारी, राम शुक्ला, चंदन शुक्ला, अंकुर मिश्रा, आलोक शुक्ला, अशोक पांडे, राजा तिवारी, रघुनंदन तिवारी लाल जी, राहुल दुबे, अमित मिश्रा, शिवांशु, राजू, सिद्धेश्वर पांडे, आशु तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। बड़े मंगल पर ही राम जस मार्केट व चन्टू बाबा मंदिर सभी भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सोनू पाठक, प्रेम कुमार मिश्रा, शशि प्रधान, देवेंद्र पांडे, विकास शुक्ला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


आर्यनगर पुलिस चौकी पर आयोजित भंडारा। अमृत विचार

### पुलिस चौकी पर सुंदरकांड के साथ बांटा गया प्रसाद

पुलिस चौकी आर्यनगर पर सुंदरकांड के साथ प्रसाद वितरण किया गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद व चौकी प्रभारी अवनीश कुमार शुक्ल ने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ किया। चौकी प्रभारी ने बताया कि जनसहयोग से भंडारा आयोजित किया गया। इसमें आस पास के गांवों मिलाकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। डीसीडीएफ के सचिव दीपक मिश्र, रामकरन चतुर्वेदी, अमित सिंह, प्रधान आरक्षी विनोद पांडेय, राकेश गौतम, आरक्षी पुनीत सिंह, लवकुश मौर्य, सत्येन्द्र यादव उपस्थित रहे। धानेपुर थाने पर भी भंडारे का आयोजन हुआ। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने हनुमान जी की पूजा कर लोगों को प्रसाद वितरित किया।

## एक नजर

### जन्मजात कटे होंठ व तालू के पंजीकरण को लगा शिविर

**तरबगंज।** सीएचसी तरबगंज में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्माइल ट्रेन संस्था ने कैम्प लगाकर जन्मजात कटे होंठ व तालू के मरीजों का पंजीकरण किया। मौजूद डाक्टरों के स्टॉफ ने परीक्षण कर निशुल्क ऑपरेशन के लिए कुल 32 बच्चों का चयन कर उनका पंजीकरण किया। जिसमें कटे होंठ के 20, कटे तालू के चार व कटे होंठ एवं तालू के आठ मरीजों का पंजीकरण हुआ। डीआईसी मैनेजर उमा शंकर ने बताया कि लखनऊ के हेल्थ सिटी अस्पताल में पंजीकृत मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। सीएचसी अधीक्षक डॉ नवनीत गौरव सिंह, डीआईसी मैनेजर उमाशंकर वर्मा, डा.राजेन्द्र कुमार, डॉ. बिपिन मौजूद रहे।

### शादी में न बुलाने पर पड़ोसी ने किया हमला

**परसपुर।** बहुवन मदार माझा सुकई पुरवा गांव में शादी में बुलावा न दिए जाने से नाराज पड़ोसियों ने एक युवक और उसके माता-पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित रमेश गौतम पुत्र राजेश कुमार गौतम ने बताया कि गांव के नन्हे गौतम, उनकी पत्नी कोयला व पुत्र रंजीत ने घर में शादी में न बुलाने की बात को लेकर पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडे, मुक्कों और थप्पड़ों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान बचाने आए उनके पिता राजेश कुमार गौतम और मां कोयली को भी पीटा गया। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए।

### अनियंत्रित होकर पलटी बोलेरो, बाल-बाल बचे लोग

**तरबगंज, गोंडा।** सिगहाचंदा पथरी राजमार्ग पर एक बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। लेकिन बाल बाल लोग बच गए किसी को खरोच तक नहीं आई। बोलेरो चालक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि वे चंदीपुर से पथरी बाजार जा रहे थे। इसी दौरान इंडियन बैंक की तरफ से साइकिल पर कुछ नाबालिग बच्चे आ रहे थे। बच्चों को बचाने के प्रयास में बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी।

### घायल की इलाज के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

**कटरा बाजार।** बहराइच जनपद के विशेश्वरगंज के गोसाईपुरवा निवासी मंजीत ने कटरा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 23 मार्च को उसका भाई मुकेश (26) अपने घर से मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी सर्वांगपुर गांव के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से घायल हो गया जिसका इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा था। इलाज के दौरान 27 मार्च को मौत हो गई थी। इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह ने बताया है कि मंजीत की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सीएचसी मनकापुर में खुला जन औषधि केंद्र

**मनकापुर :** मंगलवार को सीएचसी मनकापुर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन गोंडा सांसद व विदेश राज्य मंत्री भारत सरकार कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया के प्रतिनिधि पूर्व ब्लाक प्रमुख यू पी सिंह ने किया। उद्घाटन के दौरान शासन द्वारा नामित वेंडर अपूर्व टंडन ने बताया कि उनके केंद्र पर 300 तरह की साल्ट युक्त दवाएं उपलब्ध हैं जिसमें हार्ट, बीपी, शुगर, महिला रोग, मानसिक रोग, चर्म रोग, बाल रोग, हड्डी रोग से संबंधित है जो कि बाजार के दाम से 30% से 80% प्रतिशत तक कम दाम पर उपलब्ध है। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ एस एन सिंह, डॉ रविश रिजवी, डॉ आलोक चौधरी, अनूप टंडन, आशीष सिंह, फार्मासिस्ट राज कौशल आदि लोग मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरते जा रहे कटरा नगर पंचायत चेयरमैन

संवाददाता, कटरा बाजार

- सभासदों ने मोर्चा खोला, आयुक्त से भी हुई शिकायत
- नगर में कराए गए विकास कार्यों का डाटा मांगा तो मचा हड़कंप

**अमृत विचार।** नगर पंचायत कटरा बाजार में अध्यक्ष पर आरोप लगने का सिलसिला रुका नहीं है। सभासदों ने नगर में कराए गए विकास कार्यों का डाटा मांगा तो हड़कंप मच गया। अध्यक्ष के 20 वर्ष के कार्यकाल में कौन-कौन से कार्य हुए और कितना भुगतान हुआ, सूचना मांगते ही मानमनोव्वल का दौर शुरू हो गया।

सभासद ने आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में अनियमितता के साथ ही कराए गए दस लाख से कम पेमेंट के कार्य का पैसा चेयरमेन के ड्राइवर के नाम के.के कांट्रेक्शन पर है। जिस पर आफलाइन कराए गए अधूरे कार्यों का पैसा निकाला गया है। इतना ही नहीं सभासद ने बताया कि पिछले 15 वर्ष में नगर के प्राचीन व प्रसिद्ध मंदिर चतुर्भुजी घाट व सम्मय माता मंदिर के बगल से नालों को निकाल कर नदी में गिराकर न सिर्फ नदी को दूषित किया गया है बल्कि नदी के पास बने प्राचीन घाट को भी दूषित कर दिया गया है। घाट पर पहले लोग नहाने धोने के साथ ही सांस्कृतिक आयोजनों पर पूजा अर्चना करते थे। उस घाट पर आज कोई झांकने नहीं जाता। अध्यक्ष ने अपने पिता को सलाहकार तो बनाया ही साथ-साथ नगर पंचायत में कार्यरत कर्मचारी आधा दर्जन से अधिक उनके परिवार के ही हैं। पद का गलत उपयोग कर अपने परिवार व रिश्तेदारों को लाभ दिया गया है।

आयुक्त से उक्त मामले में निष्पक्ष जांच के साथ मांग की है कि नगर पंचायत ने विकास कर के लिए जिस कंस्ट्रक्शन कंपनी को काम दिया उसको करने के लिए 30 दिन का समय दिया गया था जबकि 2 वर्ष हो गए। वहां कार्य ही नहीं हुआ। जबकि निर्माता कार्य न होने की दशा में कार्य मूल्य का 10 प्रतिशत सिक्योरिटी क्यों नहीं जब्त की गई। साथ ही कंपनी को ब्लैक लिस्ट क्यों नहीं किया गया। जानकारी मांगने पर आज तक अध्यक्ष ने सूची भी उपलब्ध नहीं कराई।

## सालाना उर्स पर नातिया मुशायरे का आयोजन

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करनैलगंज के मोहल्ला भैरवनाथ में बाबा शहीद मर्द के सालाना उर्स पर अज़ीमुश्शान नातिया मुशायरे का आयोजन हुआ। अध्यक्षता सलमान अतहर बाराबंकवी ने की, जबकि संचालन याकूब अज़्म गोण्डवी व मुशर्रफ अशरफी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत क़ारी मासूम रज़ा की तिलावत व अमानतुल्लाह नानपारवी की हम्द से हुई। प्रमुख शायरों में यूनुस पैंतेपुरी, गणेश तिवारी नेश, मुजीब सिद्दीक़ी, सलीम ताबिश, रईस सिद्दीक़ी, मुईद रहबर, फ़ौक बहराइची सहित कई शायरों ने कलाम पेश किया। संयोजक इमरान मसऊदी ने अतिथियों का स्वागत व आभार जताया। कार्यक्रम सलाम व दुआ के साथ सम्पन्न हुआ।

## जंगली जानवर ढूंढते-ढूंढते पकड़ लिया सियार

**खरगूपुर, अमृत विचार :** बच्चे पर जंगली जानवर के जानलेवा हमले के बाद वन विभाग की टीम ने जाल लगाकर सियार को जिंदा पकड़ा है। विभाग ने बहराइच से भी टीम को बुलाने का दावा किया है। तीन दिन पूर्व नाग बाबा पुरवा में शिव भोला के दो वर्षीय अवोध बेटा शिवांश को जंगली जानवर द्वारा दिनदहाड़े उठाकर बुरी तरह से जख्मी करने के बाद मंगलवार को वन विभाग की टीम ने गन्ने के खेत में जल लगाकर एक सियार को पकड़ लिया है। पखवाड़ा भर पूर्व इसी गांव के समीप चार माह की बच्ची को जंगली जानवर द्वारा निवाला बनाया जा चुका है। मंगलवार को टीम द्वारा जाल लगाकर पकड़े गए सियार के बारे में यहां लोगों के गले से यह बात नहीं उतर रहा है कि खूंखार जानवर के हमले में एक की मौत तथा दूसरे को बुरी तरह से घायल करने वाला जानवर सियार नहीं हो सकता है। पीड़ित अलखराम दुबे, देवराज दुबे, मुकेश दुबे, शशांक द्विवेदी, गोविंद नारायण द्विवेदी सहित गांव के लोग किसी आदमखोर जानवर के होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। डिप्टी रेंजर अभिषेक प्रताप ने बताया कि खूंखार जानवरों को पकड़ने वाले शिकारियों को बाहर से बुलाया गया है। जंगली जानवर कब्जे में नहीं आया है। कोशिश की जा रही है।


सियार को दबोचते वन कर्मी। अमृत विचार

## महिला और उसके बेटे को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी

- एसपी ने सीओ को सौंपी मामले की जांच

**धानेपुर, अमृत विचार :** धानेपुर के ग्राम पंचायत त्रिभुवन नगर ग्रंट के मजरा सौरहवा की रहने वाली महिला सोहना देवी पत्नी केसरी प्रसाद ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि वह मेहनत मजदूरी करके किसी तरह से अपने बच्चों का पालन पोषण करती है। उसका पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। महिला के मुताबिक 2 जून का धानेपुर थाने के बीट हेड कांस्टेबल मनीष दुबे व हेड कांस्टेबल कुशहर यादव ने महिला के घर जाकर उसे अपशब्द कहते हुए अभद्रता की। पुलिसकर्मियों ने बताया कि वह उसके बेटे गोविंद की तलाश कर रहे हैं महिला ने जब अपने नाबालिग बेटे का अपराध पूछा तो आक्रोशित पुलिसकर्मियों ने उसको अपशब्द कहते हुए जान से मारने के लिए दौड़ा लिया। महिला का कहना है कि उसने थाने पर सूचना दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि पुलिसकर्मी उसको व उसके नाबालिग बच्चों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे है। पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले की जांच सीओ को सौंपी है।

मुश्किल | पुल के दोनों ओर वाहनों की लग गईं लंबी कतारें, पुलिसकर्मी रहे हलकान

# ओवरब्रिज पर घंटों लगा रहा जाम, लोग परेशान

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** जाम की समस्या से शहर वासियों को मुक्ति नहीं मिल पा रही है। ई रिक्शा व टेंपो जाम के समस्या को और बढ़ा रहे हैं। मंगलवार को गोंडा बलरामपुर मार्ग स्थित ओवर ब्रिज पर घंटों जाम लग रहा। पुल के दोनों तरफ बस, कार, ट्रक की लंबी-लंबी कतार लग गई। जिससे आने जाने वालों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा। एंबुलेंस भी फंसी रही। बीमार लोग भी एंबुलेंस में फंसे रहे। एंबुलेंस को पार कराने के लिए कई लोग परेशान होते रहे। बताया जाता है कि एंबुलेंस में कोई गंभीर रोगी था। कुछ देर बाद जब पुलिस आई तो किसी तरीके से जाम को खुलवाया और वाहनों को पास कराया।

बताया जाता है की जय नारायण चौराहे से लेकर इटियाथोक के बीच कई पुराने टेंपो सड़कों पर दौड़ रहे हैं जो आए दिन दुर्घटना के कारण बन रहे हैं। इन टेंपो की हालत काफी खस्ता है। रोड पर चलने लायक भी नहीं है। फिलहाल यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के लापरवाही से यह पुराने टेंपो रोज दौड़ रहे हैं।


रेलवे ओवरब्रिज पर लगा जाम। अमृत विचार

> पुराने टेंपो, ई-रिक्शा को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही गोंडा बलरामपुर मार्ग पर भी अभियान चलाकर जांच पड़ताल की जाएगी। सड़कों पर वाहन न खड़ा हो इसको लेकर भी अभियान जल्द ही चलाया जाएगा।
>
> -शैलेंद्र तिवारी, यात्री कर अधिकारी

पुल पर जाम लगने से आवा गमन पूरी तरीके से रुक गया। शहर में कई जगह बड़े मंगल पर भंडारे के चलते भी काफी भीड़ रही। भंडारे की वजह से भी काफी स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। फिलहाल जय नारायण चौराहे से पुल के ऊपर जाने वाले लोग काफी परेशान रहे।

## भूमि विवाद में जमकर मारपीट, 3 घायल

**तरबगंज :** असरथा गांव में ज़मीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई, जिसमें पति पत्नी सहित तीन लोग घायल हो गए। दो लोगों की गंभीर हालात को देखते हुए गोण्डा रिफर कर दिया गया है। पीड़ित नरसिंह नरायन शुक्ला ने बताया कि विपक्षी रोहित शुक्ला, आशुतोष उर्फ़ आशू, अखिलेश कुमारी से जमीन विवाद चल रहा है। दोनों के बीच तय हुआ था कि पैमाइश होने के बाद दोनों लोग अपनी अपनी जगह पर हो जायेंगे। लेकिन विपक्षी नहीं माने और अपनी दबंगई से मंगलवार सुबह 10 बजे घर पर आकर गाली-गलौज करते हुए मारने लगे। कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट की शिकायत हुई है। मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## सार-संक्षेप

### करनैलगंज के दो युवाओं ने जेईई एडवांस में मारी बाजी


नीरज शुक्ला।


आयुष्मान शुक्ला।

**करनैलगंज :** परिश्रम और संकल्प के बल पर यदि कुछ कर दिखाने की चाह हो, तो कोई भी बाधा राह नहीं रोक सकती। ऐसा कर दिखाया है करनैलगंज के एक सामान्य किसान परिवार के बेटे नीरज कुमार शुक्ला ने। गांव जहांगीरवा निवासी राज किशोर शुक्ला के बेटे नीरज ने बिना किसी कोचिंग या संस्थागत मदद के जेईई एडवांस 2025 की परीक्षा में 2608 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार तहसील करनैलगंज क्षेत्र के ही कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत दिल्ली पूर्व सारण निवासी आयुष्मान शुक्ला ने भी जेईई एडवांस परीक्षा में ऑल इंडिया 6035वीं रैंक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। उनके पिता अनिल प्रकाश शुक्ला ने बताया कि आयुष्मान ने हाई स्कूल व इंटर की पढ़ाई सिद्धार्थनगर जिले से की है और दोनों परीक्षाओं में जिला टॉप भी किया था। उनकी माता सरोज शुक्ला सिद्धार्थनगर में बेसिक शिक्षिका हैं।

### दिव्यांग बच्चों को चिह्नित कर दिलाएं योजनाओं का लाभ

**गोंडा :** उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति द्वारा 30 अप्रैल को दिव्यांग बच्चों के हितार्थ पारित प्रस्ताव के अनुपालन में मंगलवार को विकास भवन सभागार में अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर जिला जज ने कहा कि मिशन मोड में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित करके उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाय और उनके लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाये। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को सभी सुविधाएं दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। डीपीओ संतोष कुमार सोनी, डिफेंस काउंसिल बृजलाल तिवारी व बेसिक शिक्षा के जिला समन्वयक राजेश सिंह ने दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी।

### संविधान बचाओ अभियान के तहत होगी जनसभा: बृजेंद्र

**गोंडा :** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह के अगुवाई में कांग्रेस भवन में संगठन सृजन अभियान की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व प्रदेश प्रवक्ता बृजेंद्र सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सभी विधान सभा वार संगठन सृजन अभियान और संविधान बचाओ अभियान की जनसभा की जानी है, जिसमें देश व प्रदेश का नेता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरी ताकत और तैयारी से कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में चुनाव में उतरेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अभी से पार्टी को मजबूत करने में जुट जाए। कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराते हुए पार्टी को मजबूत किया जाए। बैठक में शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी, प्रवक्ता शिव कुमार दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश चंद्र श्रीवास्तव, रामसिंह, इरशाद हुसैन, अर्जुन वर्मा, प्रद्युम्न शुक्ला, तवाज्ज खान, सुभाष चंद्र पांडे, जगदीश यादव, सगीर खान, राजेश सिंह, राम सुंदर मिश्रा, सुरेश गौतम, वाजिद अली मोबीन खां, बाबू खान, सैयद, शादाब खान सहित तमाम कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बैठक में उपस्थित रहकर संगठन सृजन अभियान को कामयाब बनाने के लिए अपने अपने विचार व्यक्त किए।

### तेजपुर गांव में बनेगा अंत्येष्टि स्थल

**गोंडा :** मंगलवार को ग्राम पंचायत तेजपुर विकासखंड छपिया के अंतर्गत अंत्येष्टि स्थल का शिलान्यास विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने विधि विधान के साथ किया। विधायक वर्मा ने बताया कि यह अंत्येष्टि स्थल लगभग 24 लाख की लागत से निर्माण किया जाएगा। यह अंत्येष्टि स्थल बन जाने से आसपास के दर्जनों गांव के लोगों को अंतिम संस्कार में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ए.डी.ओ.पंचायत हरिओम पाल सिंह, गुड्डू वर्मा, अमित मिश्रा, जीतेन्द्र पांडे, राजन सिंह, हनुमान दीन पांडे, तुलाराम वर्मा, श्याम बरन पांडेय, अनिल वर्मा, अम्बिका साहू, राम नारायन पांडेय, राकेश भारती, राम सागर वर्मा, राघवराम वर्मा, राम बहोर वर्मा, मिठाई लाल, रत्तीराम मौर्य, पिंटू भारती, राजू कनौजिया, शीतला वर्मा, रामाधार वर्मा, सुरेश वर्मा, गुड्डू आदि लोग मौजूद रहे।


नींव पूजन करते विधायक प्रभात वर्मा। अमृत विचार

### गैर जनपद स्थानांतरित शिक्षक कार्यमुक्त

**रुपईडीह, गोंडा।** शिक्षक शिक्षिकाओं के पारस्परिक अंतर्जनपदीय तबादले के आदेश के तहत ब्लॉक रुपईडीह के विभिन्न विद्यालयों में तैनात सभी स्थानांतरित शिक्षक शिक्षिकाओं को कार्य मुक्त कर दिया गया है। ब्लॉक के बीईओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इसी प्रकार से विभिन्न जिलों से स्थानांतरित होकर आए चार शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा अब तक कार्यभार ग्रहण का किया जा चुका है।

असमर्थगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है, जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है, जिसकी कोई सार्थकता न हो।

## संपादकीय

# महत्व और चुनौतियां

देश के कई हिस्सों में प्री-मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। मानसून भारत की कृषि और अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। मानसून वार्षिक वर्षा में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। मानसून के कारण देश में जल संसाधनों का पुनर्भरण होता है, जिससे जल विद्युत उत्पादन और जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। परंतु मानसून राहत के साथ कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है। इस बार सामान्य से ज्यादा बारिश से कैसे हालात पैदा होंगे, इसका सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है। दक्षिण-पूर्व मानसून का आगमन मूसलाधार बारिश के साथ हुआ है और अनुमान के मुताबिक ही उसने तबाही मचाई है। मानसून के आगमन से पहले विभिन्न राज्यों में भारी बारिश से जान-माल का बड़ा नुकसान हुआ। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राज्य में 5.35 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। उत्तर, पूर्वी और मध्य भारत में भी बारिश का दौर जारी है। उत्तर सिक्किम में, लगातार बारिश से सड़कें बाधित होने के साथ ही भूस्खलनों के चलते लगभग सैकड़ों पर्यटक फंसे हुए हैं। त्रिपुरा में भी सप्ताहांत के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई और लगभग पूरे सप्ताह अत्यधिक वर्षा होने का अनुमान है।

आधिकारिक आकलनों के मुताबिक, बारिश के चलते भू-स्खलन, बाढ़, औचक बाढ़ और बिजली गिरने से पूर्वोत्तर क्षेत्र में 29 मई तक 30 जानें गईं और 31 मई को 22 लोगों ने अपनी जान गंवाई। एक बस उफनती तीस्ता नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और बाकी यात्री लापता हैं। खबरें हैं कि आने वाले समय में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अभी तो जून की शुरुआत ही है और मानसून 15 जुलाई के आसपास पूरे देश को कवर करता है। मानसून के सामान्य से अधिक रहने के अनुमान को देखते हुए आपदाओं की बाढ़ का अनुमान स्वाभाविक माना जाएगा। जब तक बाढ़ और जल प्रबंधन की प्रक्रिया सतत जारी रखने की परंपरा विकसित नहीं होगी, चुनौतियों से पार नहीं पाया जा सकता। जल निकासी प्रणाली में सुधार न होने से बड़े शहरों में बारिश के दौरान जगह-जगह जलभराव के हालात पैदा हो जाते हैं। चिंता की बात है कि जलाशयों का रास्ता नहीं मिलने से बारिश का पानी व्यर्थ बह जाता है। मानसून की बारिश को नुकसान के बजाय अधिकाधिक लाभ में बदला जाना चाहिए। इस दिशा में भी दीर्घकालीन नीतियों बनाने की जरूरत है। दरअसल देश को मजबूत मानसून प्रबंधन तंत्र की जरूरत है।

# तीसरे विकल्प के रूप में बढ़ रही प्रचंड की स्वीकार्यता



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

**यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं।**

नेपाल में राज संस्था और हिन्दू राष्ट्र की बहाली की तेज होती मांग के बीच नेपाली जनता तीसरे विकल्प की तलाश में है। जन चर्चाओं पर गौर करें तो लोगों में पूर्व पीएम व माओवादी नेता प्रचंड की स्वीकार्यता बढ़ रही है। बता दें कि राज संस्था की मांग को लेकर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी तथा राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी नेपाल एक साथ हो लिए हैं। दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रमशः राजेंद्र लिंगदेन और पूर्व गृहमंत्री कमल थापा के बीच पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र की पंचायत में सहमति बनी है। इसके पहले भले ही मंजिल एक हो, लेकिन दोनों के रास्ते अलग थे। दोनों ही हिंदूवादी नेता और राजशाही के समर्थक हैं। हाल ही 29 मई से राज संस्था की बहाली की मांग को लेकर शुरू किए गए राप्रपा के आंदोलन में राप्रपा नेपाल भी शामिल हुआ है। नेपाल में विभिन्न नामों से सक्रिय हिंदूवादी संगठन भी राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग के समर्थन में इनके साथ आ गए हैं। नेपाल में राप्रपा और राप्रपा नेपाल के मुकाबले हिंदू संगठनों की स्थिति बहुत मजबूत है। लिहाजा राप्रपा के नेतृत्व में शुरू हुआ राज संस्था की मांग को लेकर तीसरा आंदोलन संख्या बल के हिसाब से काफी सशक्त था। ओली सरकार इसे देख घबरा गई। अंततः हिंसा की संभावना का बहाना बताकर सरकार ने आंदोलन के चौथे दिन यानी एक जून को इस आंदोलन को वैन कर दिया।

दरअसल एक जून को स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी, क्योंकि राप्रपा नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल थापा के नेतृत्व में आंदोलनकारी बालुआटार प्रधानमंत्री आवास परिसर में ज़बरदस्ती प्रवेश करना चाहते थे। आंदोलनकारियों के जबरन प्रवेश पर पुलिस ने सख्ती की, कमल थापा से हाथापाई हुई, वे जमीन पर गिर पड़े। राजेंद्र लिंगदेन ने इसे आंदोलन कुचलने की ओली सरकार की साजिश करार देते हुए आंदोलन और उग्र करने की धमकी दी। इसी के बाद ओली सरकार ने किसी भी प्रकार के आंदोलन प्रदर्शन को अगले दो महीने तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया, लेकिन आंदोलनकारी काठमांडू में कुछ चिन्हित स्थान पर प्रदर्शन कर सकते हैं। ओली सरकार के इस आदेश के बाद भी काठमांडू वैली में हिंदू वादी संगठन तथा राप्रपा के कार्यकर्ता अलग-अलग ठिकानों पर जमे हुए हैं। राज संस्था व हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच एक मैसेज यह गया कि ओली सरकार नकारा है। उसके नेता और मंत्री भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं।

**प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता।**

यही हाल ओली के समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का भी है। नकली भूटानी शरणार्थी के मामले में दोनों ही दलों के कई बड़े नेता जेल की हवा खा चुके हैं या अभी जेल में ही हैं। नेपाल में दोनों दलों की मिलीजुली साझा सरकार भले ही है, लेकिन ये जनता में स्वीकार्य नहीं हैं। दोनों के शीर्ष नेताओं की आलोचना नेपाल में पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक खूब हो रही है, लेकिन एक सच यह है कि नेपाली जनता राजशाही और मौजूदा सरकार के इतर तीसरे विकल्प की तलाश में है। ऐसे में लोगों की जुबान पर प्रचंड के नाम की चर्चा है। प्रचंड भी कट्टर माओवादी नेता हैं और तीन बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। वे लंबे समय तक चले राजशाही के खिलाफ जनयुद्ध के नायक हैं।

अन्य राजनीतिक दलों और नेताओं की अपेक्षा उनकी छवि इमानदार व सिद्धांतवादी नेता की है। 2008 में जब वे पहली बार प्रधानमंत्री चुने गए थे, तो ठीक नौ महीने बाद तत्कालीन राष्ट्रपति से सेना के एक अफसर की नियुक्ति के मामले में उत्पन्न मतभेद के चलते उन्होंने प्रधानमंत्री पद त्याग दिया था। प्रचंड के इस कदम की चर्चा आज नेपाल में खूब है। हाल ही ओली के समर्थन से वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। इस बार भ्रष्टाचार की जांच को लेकर ओली ने समर्थन वापस लेकर प्रचंड को पदच्युत कर दिया और नेपाली कांग्रेस के समर्थन से खुद प्रधानमंत्री बन गए। भ्रष्टाचार की जांच हो पाती तो ओली की पार्टी एमाले और नेपाली कांग्रेस के कई बड़े नेताओं पर गाज गिरना तय था। ऐसे समय ओली ने प्रचंड सरकार से समर्थन वापस लेकर, उन्हें भले ही सत्ता से बेदखल कर दिया, लेकिन प्रचंड की छवि नेपाल में हीरो की उभरी है।

एक यह बात भी गौर करने लायक है कि आने वाले दिनों में नेपाल के प्रतिनिधि सभा का चुनाव तराई बनाम पहाड़ होगा। यानी तराई को इग्नोर कर कोई पार्टी सत्ता में नहीं पंहुच सकती। इसलिए सभी राजनीतिक दलों ने तराई में संगठन विस्तार और लोगों तक पंहुच बनाने में ज्यादा जोर देना शुरू कर दिया है। तराई के 20 जिलों की आबादी करीब 18 लाख है। यहां माइनॉरिटी की संख्या भी चुनाव परिणाम की दृष्टि से निर्णायक है। मजे की बात यह है कि नेपाल के तराई का यह वोटर जो कभी नेपाली कांग्रेस का हुआ करता था अब, एमाले और माओवादी केंद्र में बंट गया है। हिंदू राष्ट्र की मांग का उन पर गहरा असर पड़ा है। तराई जिसे मधेश भी कहा जाता है, यहां राजशाही समाप्त होने के बाद मधेशी दलों का वर्चस्व बढ़ा था। चूंकि मधेशी दल कई पार्टियों में बंटे हुए हैं, इसलिए बड़ी पार्टियां इनका इस्तेमाल केवल सरकार बनाने के लिए करती रही हैं। इनका वजूद बस इतना था कि पद पाकर किसी भी नेतृत्व की सरकार को समर्थन देते रहें। आज भी इनका यही वजूद है, लेकिन तराई में इन दलों के पास अभी भी कुछ न कुछ वोट बचा है। प्रचंड का कहना है कि आगामी चुनाव वे अकेले लड़ेंगे, लेकिन अंदर खाने मधेशी दलों के साथ भी उनकी खिचड़ी पक रही है।

प्रचंड के राजनीतिक सफर पर गौर करें तो निस्संदेह उनकी भी छवि भारत विरोधी ही रही है, लेकिन इनमें खास यह है कि ये राजनीतिक रूप से अन्य नेपाली नेताओं की अपेक्षा समझदार हैं। कब क्या फैसला लेना है, यह समझ इनमें है। ओली उत्तराखंड के लिपुलेख, लिंपियाधुरा और काला पानी क्षेत्र को मुद्दा बनाकर भारत के खिलाफ रहते हैं। वहीं प्रचंड इस मुद्दे को दोनों देशों के बीच बातचीत से हल करना वाजिब मानते हैं। वे इसके बदले दार्जिलिंग में जमीन की मांग करते हैं। वे यह जानते हैं कि यह आसान नहीं है, लेकिन कम से कम बातचीत का माहौल तो बनाए रखना चाहते हैं।

प्रचंड नेपाल के लिए चीन के महत्व को नकारते नहीं हैं, लेकिन भारत को दरकिनार कर चीन की गोद में बैठ जाना भी नेपाल के हित में नहीं मानते। बीते कुछ महीनों में भारत के प्रति प्रचंड के नजरिए में आश्चर्यजनक बदलाव आया है। वे साफ कहते हैं कि भारत के बिना नेपाल अधूरा है। भारत का भी प्रचंड के प्रति नजरिया बदला है। प्रचंड इस बात को लेकर मुत्मइन हैं कि भारत चूंकि स्वयं को लोकतंत्र की जननी कहता है इसलिए नेपाली लोकतंत्र के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा सकता और न ही लोकतंत्र विरोधियों को शह दे सकता है। बेशक भारत के हिंदूवादी संगठन चाहते हैं कि नेपाल हिंदू राष्ट्र फिर बन जाए या राज संस्था की बहाली हो जाए, लेकिन ऐसा भारत भी चाहता हो यह जरूरी नहीं, क्योंकि वह जानता है कि नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र अब राजा लायक नहीं रह गए। हां आज यदि स्वर्गीय वीरेंद्र शाह का कोई वंश बचा होता तो हिन्दू राष्ट्र और राज संस्था दोनों की बहाली आसान होती।

प्रधानमंत्री के रूप में एक बार छोड़कर प्रचंड ने अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की भारत यात्रा ओली को कभी रास नहीं आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी प्रचंड को भरोसा दिया था कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता। प्रचंड यह भलीभांति जानते हैं कि उनके प्रधानमंत्री बनने में भारत की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। भारत भी भारत के लिए नेपाल की राजनीति में प्रचंड को जरूरी मान रहा हो, यह जरूरी नहीं, लेकिन नेपाल के राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि नेपाल की राजनीतिक परिस्थितियां देखते हुए भारत को अपना हित ध्यान में रखते हुए प्रचंड पर दांव लगाने पर सोचना चाहिए।

## प्रसंगवश

# शहरीकरण की बेरहम कहानी



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों के फैलते नक्शे में सबसे पहले मिटने वाला स्थान अक्सर तालाब होता है। कभी गांव - कस्बों के मध्य में बने तालाब जीवन का केंद्र हुआ करते थे- पूजा, विवाह, तीज-त्योहार, खेलकूद, पानी भरना, जानवरों को नहलाना सबकुछ इन्हीं के चारों ओर होता था, लेकिन आज वही तालाब कंक्रीट की बस्तियों के नीचे दब रहे हैं। नगरों के शहरी विकास ने पारंपरिक जल-संरचनाओं की अहमियत को भुला दिया है।

भूमाफिया और रियल एस्टेट लॉबी ने इन्हें जमीन के खाली टुकड़े मान लिया है और जब शासन-प्रशासन की चुप्पी या मिलीभगत हो, तो ये तालाब धीरे-धीरे नक्शे से भी गायब हो जाते हैं। पहले पाटे जाते हैं, फिर रेत और मलबे से भरे जाते हैं, और अंततः प्लॉटिंग कर दी जाती है। यही प्लॉट कुछ वर्षों में दुकान, मकान या शॉपिंग मॉल में बदल जाता है। पानी, जो कभी वहां का आधार था, अब वहां से भटककर बस्तियों में घुस आता है। इस अतिक्रमण से भूजल स्तर गिरता है, बारिश का जल ठहरता नहीं और शहर जलजमाव से कराहते हैं। तालाब का मरना केवल एक प्राकृतिक संसाधन का अंत नहीं, एक सांस्कृतिक मृत्यु भी है और विडंबना यह है कि यह मृत्यु हमारी आंखों के सामने, हमारी सहमति से हो रही है। अतिक्रमण की इस कहानी के उदाहरण देशभर में बिखरे पड़े हैं, जिनमें प्रशासन की लापरवाही और स्थानीय दबाव साफ दिखते हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में सुंदरवल गांव का मामला सामने आया, जहां सरकारी तालाब की भूमि पर दिनदहाड़े दुकानें बना दी गईं। स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन राजस्व विभाग मौन रहा।

अयोध्या के मीरापुर मोहल्ले में स्थित एक ऐतिहासिक तालाब लगभग पूरी तरह पाट दिया गया। 90 प्रतिशत हिस्से में अब निर्माण हो चुका है। बिजनौर जिले के नहटौर कस्बे में 120 बीघा तालाब पर वर्षों से अवैध कब्जा था, जिसे प्रशासन ने हाल ही में मुक्त कराया। ये घटनाएं बताती हैं कि अतिक्रमण केवल गरीबों की जरूरत से नहीं, बल्कि पैसे और सिफारिश की ताकत से होता है। कहीं तालाब को स्कूल बनाने के बहाने कब्जाया जाता है, तो कहीं पार्क का नाम देकर दीवार खड़ी कर दी जाती है। फिर वो दीवार साल-दर-साल पक्के निर्माण में बदल जाती है। अफसोस की बात है कि जिन दस्तावेजों में तालाब दर्ज हैं, वहां भी प्रशासनिक रिकॉर्ड को नकार दिया जाता है। इससे यह साबित होता है कि कागज की लड़ाई सिर्फ ईमानदार नागरिक ही हारते हैं, भूमाफिया नहीं। प्रशासन की चुप्पी इस संकट की सबसे खतरनाक परत है। जब शिकायतें दर्ज होती हैं, तो उन्हें 'पुराना मामला' या 'न्यायालय में लंबित' कहकर टाल दिया जाता है। फाइलें महीनों चलती हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। कई बार तो सरकारी रिकॉर्ड से तालाब की पहचान ही मिटा दी जाती है या तो उसे 'खाली भूमि' दर्ज कर दिया जाता है या 'अराजी' घोषित कर दिया जाता है। यही वह प्रशासनिक चाल है, जिससे जमीन का मालिकाना बदल जाता है। स्थानीय नेताओं और अफसरों की मिलीभगत से तालाब पाटे जाते हैं और जमीन का नक्शा बदल जाता है। यही कारण है कि भारत के अधिकांश शहरों और कस्बों में आज के तालाब केवल 'कहानी' रह गए हैं। बच्चे पूछते हैं: "तालाब क्या होता है?" और हम तस्वीर दिखाकर बताते हैं। यह एक सांस्कृतिक शून्यता है, जो चुपचाप हमारे चारों ओर पनप रही है। इसलिए प्रश्न अब केवल प्रशासन से नहीं, हम सब से भी है कि हम क्या खो रहे हैं?

अंततः, तालाबों का संरक्षण केवल जल प्रबंधन का सवाल नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विरासत और भावी पीढ़ियों के अधिकार का सवाल है। यह अतिक्रमण केवल भूमि हथियाने की कहानी नहीं, बल्कि एक सभ्यता के स्मृति-चिन्हों को मिटाने की साज़िश है। अगर हमने अब भी नहीं चेता, तो आने वाले वर्षों में बच्चों को तालाब केवल किताबों में मिलेंगे जैसे आज सिंधु घाटी की सभ्यता मिलती है। हमें यह समझना होगा कि तालाब केवल पानी का स्रोत नहीं, सामाजिक एकता, परंपरा और पर्यावरण का बुनियादी आधार हैं। प्रशासन को सख्त नीति अपनानी होगी, तालाबों का डिजिटल नक्शा तैयार कर सार्वजनिक करना होगा और प्रत्येक अवैध निर्माण पर सज़ा तय करनी होगी। साथ ही हमें शिक्षा, संवाद और सामूहिक प्रयासों के जरिए यह चेतना फैलानी होगी कि "तालाब बचाओ" केवल नारा नहीं, आवश्यकता है। यदि हम सच में एक जीवंत समाज की कल्पना करते हैं, तो हमें उसके 'जल स्रोत' को नहीं, 'जल चेतना' को पुनर्जीवित करना होगा।

# समुद्री सीमा पर मंडराता प्रदूषण का खतरा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

**भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है।**

लाइबेरियाई कंटेनर जहाज केरल के अलपुजा तट पर थोतापल्ली से कोई 14.6 समुद्री मील दूर समुद्र में डूबने के बाद सारे क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा हो गया है। यह शनिवार 24 मई को एक तरफ झुकना शुरू हुआ और रविवार 25 मई की सुबह लगभग 7.50 बजे पूरी तरह से डूब गया। भारतीय तटरक्षक दल ने तो तत्परता से जहाज पर सवार सभी लोगों को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन समुद्र कैसे बचे, इसके लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। जहाज में भरा तेल और भट्टी में जलाने के काम आने वाला तेल तो सागर के जैविक संसार के लिए खतरनाक है ही, उसमें लदे कंटेनर में भरे रासायनिक पदार्थ लंबे समय तक तबाही का कारण बन सकते हैं। इस जहाज में कुल 640 कंटेनर लदे थे। इस लेख को लिखे जाने तक कम-से-कम 54 कंटेनर कोल्लम (43), तिरुवनंतपुरम (9) और अलप्पुझा (2) के समुद्र तटों पर बहकर आए हैं। इसके बावजूद, केरल के तट के पास उच्च समुद्र की लहरों से क्षतिग्रस्त कंटेनरों का मलबा केरल के दक्षिणी समुद्र तटों पर आ सकता है। तिरुवनंतपुरम के तट पर छोटे-छोटे प्लास्टिक और पॉलीथीन के दाने बहकर आए हैं, जो लंबे समय तक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण का खतरा बन सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि रबर सॉल्यूशन समुद्र के पानी के साथ प्रतिक्रिया कर चुका है, जिसके कारण प्लास्टिक के ये दाने पाए जा रहे हैं। अभी तक इनके सुरक्षित तरीके से निपटाने का कोई स्पष्ट समाधान नहीं है।


राज्य सरकार ने इसे प्रादेशिक स्तर की आपदा घोषित कर स्वयंसेवकों की मदद से समुद्र तट की सफाई शुरू की है। कैल्शियम कार्बाइड वाले पांच कंटेनर, जो एक और प्रदूषण का खतरा हैं, समुद्र के तल पर पड़े हैं और इन्हें सुरक्षित तरीके से निपटाना आवश्यक है ताकि वे नुकसान न करें। मुख्य चिंता यह है कि जो चीजें लदी थीं, उनमें से 13 को "खतरनाक कार्गो" के रूप में वर्गीकृत किया गया था और 12 में कैल्शियम कार्बाइड था। इसके अलावा, जहाज में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन फर्नेस तेल भी है। ये कंटेनर कोई तीन किलोमीटर की गति से समुद्र में बह रहे हैं और कहा नहीं जा सकता कि कौन-सा कंटेनर किस दिशा में कहां जाए और क्या-क्या नुकसान करे। केरल सरकार ने भी नुकसान कम करने, इसका आकलन करने की दिशा में कुछ फौरी कदम उठाए हैं। 20 समुद्री मील की दूरी तक मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई है। ड्रोन से निगरानी करने के साथ सफाई करने के ख्याल से हर 100 मीटर पर वॉलिंटियर लगाए गए हैं।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नेतृत्व में रैपिड रेस्पॉन्स टीम तैनात करने के अलावा तेल रिसाव की स्थिति पर नजर रखी जा रही। केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई) ने समुद्री पर्यावरण पर जहाज दुर्घटना के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। दरअसल मानसून समय से पहले आ गया है और मुख्य चिंता यह है कि यह समय समुद्री जीवों, खासकर मछलियों का प्रजनन काल होता है। ऐसे में तेल और खतरनाक रसायन का रिसाव समुद्री उत्पादकता को नुकसान पहुंच सकता है। ज्यादा और गंभीर रिसाव होने पर समुद्री जीवों का दम घुट सकता है, जिससे दूरगामी नुकसान की आशंका है। शुरुआती आकलन यह है कि इस जहाज में लदे कैल्शियम कार्बाइड से भरे कंटेनरों से सबसे भयावह नुकसान की आशंका है। जहाज की ईंधन टंकी में रखे डीजल की बड़ी मात्रा का रिसाव भी समुद्र के लिए घातक है। तेल अगर समुद्र तटों, मैंग्रोव जंगलों और दलदली भूमि पर जमा हो गया, तो यह संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों को दीर्घकालिक नुकसान पहुंचा सकता है। जहाज में लदा फर्नेस तेल वेरी लो सल्फर फ्यूल ऑयल (वीएलएसएफओ) कहलाता है। पेट्रोलियम के इस उत्पाद का उपयोग जहाजों के इंजन में ईंधन के रूप में किया जाता है। इसमें गंधक की मात्रा कम होती है, लेकिन कुप्रभाव डीजल की तरह ही होता है।

भारत के दक्षिणी समुद्री तट पर मंडरा रहा यह संकट पर्यावरण के साथ-साथ लाखों लोगों की रोजी-रोटी से भी जुड़ा है। केरल में मत्स्यपालन क्षेत्र राज्य की कुल आबादी के लगभग 2.98 प्रतिशत को आजीविका प्रदान करता है। इनमें से 8 लाख मछुआरे मछली पकड़ते हैं। राज्य में मछली उत्पादों की वार्षिक घरेलू बिक्री लगभग 600 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। केन्द्र सरकार भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाजों की उम्र तय करने पर विचार कर रही हैं। जलयान विभाग के महानिदेशक श्याम जगन्नाथन के मुताबिक, जहाज की उम्र अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अंतर्गत कोई बंधन नहीं हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है कि भारतीय जल क्षेत्रों में संचालित जहाज समुद्री मानदंडों का पालन करें।

## सोशल फोरम

# इतिहास का एक सबक



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बांग्लादेश देश बनने के बाद से पाकिस्तान ने 'हजार घाव देकर भारत का खून बहाते रहने' की नीति अपना ली, जिसे वह निरंतर आतंकी हमलों के माध्यम से अंजाम देता रहा है। लिहाजा दोनों के बीच लगातार छद्मयुद्ध जारी है। 22 मई 2025 को पहलगाम में हुए नृशंस हत्याकांड को इस दीर्घ सिलसिले की अंतिम कड़ी कहने की तीव्र इच्छा होने के बावजूद, निश्चित रूप से इसे अंतिम कहना कठिन है।

इतिहास गवाह है कि विभाजन के बावजूद भारत की हिन्दू-मुस्लिम समस्या का हल नहीं हुआ। दोनों देशों में रह गए अल्पसंख्यकों का सवाल किसी ने नहीं उठाया। कांग्रेस ही उठा सकती थी, किंतु वह पाकिस्तान प्रस्ताव को स्वीकार कर लेने के बावजूद अपने इतिहास से, एक राष्ट्र सिद्धांत से बंधी हुई थी। लिहाजा पश्चिमी पाकिस्तान से अल्पसंख्यकों का लगभग सफाया हो गया। पूर्वी पाकिस्तान में यह काम किस्तों में हुआ। विभाजन के समय, फिर 1950 में, जो नेहरू लियाकत पैक्ट की पृष्ठभूमि बना। फिर बांग्लादेश युद्ध के पूर्व और उसके दौरान। फिर शेख हसीना के तख्तापलट के पहले और उसके बाद। भारत में भी अल्पसंख्यकों की स्थिति सामान्य नहीं है। चीन ने 1963 से ही पाकिस्तान से होकर अरब सागर में ग्वादर तक 3000 किमी लंबा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के निर्माण की योजना पर काम करना शुरू कर दिया था।

इस गलियारे की काफी दूरी पाकिस्तान अधिकृत (गिलगित-बाल्टिस्तान के) तथा चीन-अधिकृत (शक्सगाम घाटी के) भारतीय भूक्षेत्र से होकर गुजरती है। हमारे दोनों शत्रु नाभिकीय अस्त्रों से संपन्न हैं। दोनों देशों के इस सामरिक और आर्थिक गठजोड़ ने भारत की सुरक्षात्मक स्थिति को बेहद नाजुक बना दिया है। देश का विरोधी पक्ष युद्ध विराम के लिए सरकार को लगातार कोस रहा है। सरकार भी, शायद फेससेविंग के तहत, पाकिस्तान को लगातार ललकार रही है। बस भूलकर भी चीन का नाम नहीं लेती। जैसे किसी यूटोपिया में जी रही हो।

-फेसबुक वॉल से

# कोविड संक्रमण से बचने के लिए चमगादड़ों पर अध्ययन



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है।**

कोविड-19 विषाणु के संक्रमण से फैली महामारी से छुटकारा मिला ही था कि इस विषाणु के दो नए विभेदों (वेरिएन्ट्स) ने फिर से दुनिया में खतरा पैदा कर दिया है। ये दोनों वेरिएन्ट्स अत्यधिक सक्रियता दिखा रहे हैं, लेकिन अधिक खतरनाक नहीं है। भारत में इस समय सार्स कॉव-2 के दो वेरिएन्ट्स एलएँफ़.7और एनबी.1.8.1 सक्रिय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और कोविड-19 वैक्सीन संरचना पर इसका तकनीकी सलाहकार समूह (टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप-कोविड-वैक्सीन) नियमित रूप से कोविड-19 वैक्सीन के उक्त वेरिएन्ट्स पर असर का आकलन करना जारी रखता है ताकि वैक्सीन संरचना के अपडेट पर निर्णय लेने में मदद मिल सके।

15 मई 2025 को प्रकाशित नवीनतम अनुशंसा में तकनीकी सलाहकार समूह ने सलाह दी कि कोविड-19 वैक्सीन के लिए जेएन.1 या केपी.2 रेकॉम्बिनेंट/मोनोवैलेंट एंटीजन असरदार बने रहेंगे। मोनोवैलेंट एलपी.8.1 एक उपयुक्त वैकल्पिक वैक्सीन एंटीजन है। भारत में अभी उक्त वेरिएन्ट्स से 4000 से अधिक व्यक्ति प्रभावित हो चुके हैं और कम से कम 32 व्यक्तियों की मौत भी हो चुकी है। स्थिति पर भारत सरकार का डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ रिसर्च एवं आईसीएमआर और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल पूरी तरह से नज़र रखे हुए हैं। गत शनिवार 31 मई 2025 को इस बाबत बैठक हो चुकी है। प्रांतीय सरकारों के स्वस्थ्य विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कोरोना विषाणु की बायोलॉजी, जूनॉटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, विषाणु और संक्रमित व्यक्ति के संबंधों (होस्ट-पैथोजन रिलेशनशिप), विषाणुओं के व्यवहार और इनके रिजर्वायर (चमगादड़) के अलावा इनकी किस्मों के बारे में अध्ययन के अलावा टीका विकसित करने के लिए विषाणुओं की जरूरत और टीका का विकास के बारे में सोचें तो वैज्ञानिकों का सबसे पहला ध्यान चमगादड़ पर ही जाता है। लंबे समय से दुनिया के वैज्ञानिक दुनिया के अनेक हिस्सों में रहने वाले चमगादड़ों के शरीर में निवास करने और पलने वाले अनेक किस्म के विषाणुओं का अध्ययन कर चुके हैं, लेकिन इन्हें प्रयोगशाला में उत्पन्न करने और टीका विकास में इनका इस्तेमाल करने में कामयाब नहीं हो पा रहे थे। मौजूदा समय में जो दर्जनभर टीके दुनिया में माइक्रो-रायिबोन्यूक्लिक (एम-आरएनए) टेक्नोलॉजी और पुराने तरीके से विषाणु को कमज़ोर करके (एटेन्युएटेड एवं किल्ड वायरस) इस्तेमाल से शरीर में एंटीबाडीज विकसित करने के लिए किए गए हैं। उनके लिए विषाणु को संक्रमित मनुष्यों से ही प्राप्त किया गया था। इस प्रकार प्राप्त विषाणुओं के करैक्टरायिज़ेशन और प्रोटीन संरचना को समझ कर टीका विकसित किया गया ताकि वायरल प्रोटीन के विरुद्ध एक इच्छित स्तर तक प्रतिपिंड बना सके।

साइंस पत्रिका के 15 मई सन् 2015 के अंक में प्रकाशित लेख -एक्स्पैन्डेड यूटिलिटी बेल्ट फॉर टैक्लिंग बैट वायरसेस के माध्यम से मालूम हुआ है कि वैज्ञानिकों को चमगादड़ों से प्राप्त ऊतकों में कोरोना वायरस को विकसित करने में सफलता मिली है। इससे टीका विकास में सटीकता आएगी। चमगादड़ों में वायरस की एक बड़ी और विविध श्रृंखला होती है, जिसमें उन वायरस के रिश्तेदार भी शामिल हैं, जिनकी वजह से मनुष्यों में गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम (एसएआरएस), मध्य-पूर्व देशों में देखे गए श्वसन सिंड्रोम (एमईआरएस) और कोविड-19 महामारी का प्रकोप हुआ था। फिर भी इन वायरस को ले जाने वाले चमगादड़ों में बीमारी के न्यूनतम लक्षण दिखाई देते हैं।

ऑर्गेनोइड्स एवं प्रयोगशाला में विषाणुओं के प्रजनन के बारे में एक पर्चा -बैट ऑर्गेनोइड्स रिवील एंटीवायरल रेस्पोंसेस एट एपिथेलियल सर्फेसेस, नेचर पत्रिका के 21 मई 2025 के अंक में भी प्रकाशित हुआ है। इसके लिए वैज्ञानिकों ने रूसेट्टस इजीप्टियाकस चमगादड़ के फेफड़ों और आंत की भीतरी झिल्ली के ऊतकों का इस्तेमाल किया। चमगादड़ की यह किस्म मिस्र देश में होती है और फलों को खाती है। चमगादड़ की यह किस्म अफ्रीका, मध्य-पूर्व के देशों, भूमध्य सागर के निकट के देशों और भारत में भी पाई जाती है, जिसकी छह प्रजातियां हैं। सन् 1810 से इस चमगादड़ पर अध्ययन किए जा रहे हैं और सतत निगरानी भी रखी गई है। ये चमगादड़ ईरानी बकैण, जंगली खजूर, संतरा, केला, लोकाट और गूलर के फल खाते हैं। इनके शिकारी पक्षी जब इन चमगादड़ों को खाते हैं, तो इनके शरीर में भी वायरस और परजीवी प्रवेश करते हैं। संक्रमित पक्षियों से भी मनुष्य में संक्रमण प्रवेश कर सकता है। जानकार हैरानी हो सकती है कि संसार में चमगादड़ों की 1400 किस्मों के शरीर में अब तक 8176 प्रकार के विषाणुओं के बारे में मालूमात दर्ज की गई हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# जिले के 1043 गांवों में लगेंगे हरि शंकरी के पेड़

## पर्यावरण दिवस पर 30 लाख पौधे लगाने का है लक्ष्य

मनरेगा की पहल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में सम्भवतःपहली बार वृक्षारोपण का काम नए अंदाज में होगा। वृक्षारोपण केवल औपचारिकता ही न ही रहेगी बल्कि रोपित पौधों की देख रेख व उसकी सुरक्षा की भी व्यवस्था की जाएगी। अगर यह प्रयास सफल रहा तो हरे-भरे बहराइच का नजारा देखने को मिलेगा।

प्रतिवर्ष मानसून शुरू होते ही पर्यावरण संरक्षण के लिए शासन द्वारा बड़े पैमाने पर अभियान चला कर वृक्षारोपण किया जाता है । इसके किए करोणों रुपए खर्च किए जाते हैं । लेकिन इसका सार्थक परिणाम जिले में दिखाई नहीं दिया । अनुमान के अनुसार पिछले दस वर्षो में जितने पौधे लगाए गए है उनमें से अगर आधे भी बच जाते हो जिले में हर तरफ हरियाली नजर आती । इस बार मानसून के साथ ही वृक्षारोपण भी नए अंदाज में शुरू होगा । मनरेगा अधिकारी सतीश पाण्डेय ने बताया कि इस बार जिले में वृक्ष लगाने का लक्ष्य है लेकिन प्रयास किया जाएगा कि 30 से 35 लाख वृक्ष लगाए जाएं । इस बार की खास बात ये है कि वृक्ष लगाने से ज्यादा फोकस इस बात पर रहेगा कि उनकी सुरक्षा हो । श्री पाण्डेय ने कहा कि पेड़ अच्छे और बड़े स्थानों पर लगाए जाए जिससे उनकी सुरक्षा किए लिए तार बंदी और खाईं की व्यवस्था हो सके । उन्होंने बताया कि इस बार वृक्षारोपण के लिए ऐसे वृक्षों का चयन किया गया है जो पर्यावरण के लिए उपयुक्त हों और जन मानस किए लिए भी उपयोगी हों । श्री पाण्डेय ने बताया कि जिले के हर गांव में कम से कम एक हरि शंकरी वृक्ष लगाने की योजना है । इस वृक्ष के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि हरिशंकरी तीन वृक्षों से मिलकर बनता है । इसमें पाकड़ , बरगद और पीपल के पौधे को एक साथ मिला कर एक ही स्थान पर लगाया जाता है । आगे चल कर ये एक वृक्ष हो कर विकसित होता है । उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी का निर्देश है कि जहां जहां पेड़ लगाए जहां इनकी सुरक्षा की व्यवस्था हो ।



डी सी मनरेगा सतीश पांडे।

# हे दु:ख भंजन, मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को भोर से ही बजरंगबली के मंदिरों में मंगला आरती के बाद बजरंग बाण पाठ, हनुमान चालीसा, संतोष शिरोमणी तुलसीदास कृत रामचरित मानस के सुंदर कांड के सामूहिक पाठ की रसधार बही। जगह जगह बजरंगबली के भक्तों ने पूजा अर्चना के बाद स्टाल लगाकर विभिन्न मिष्ठान्न व खाद्य पदार्थों का प्रसाद वितरण कर अरदास की।

मां जानकी के लंकेश रावण की ओर से हरण के बाद तलाश में जंगल जंगल भटक रहे रघुकुलनंदन की बजरंगबली से पहली मुलाकात ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को हुई थी। बजरंगबली उनसे ब्राह्मण भेष में मिले थे। जेठ के पहले मंगलवार को तभी से बुढ़वा मंगल या बड़ा मंगल के नाम से प्रसिद्ध है। जेठ के हर मंगलवार को रघुकुलनंदन के आशीर्वाद से बजरंगबली के भक्त जेठ माह के हर मंगलवार को तो विशेष महत्व देते ही है। जेठ के चतुर्थ मंगलवार की भोर होते ही शहर स्थित पांडवकालीन श्रीसिद्धनाथ मंदिर, श्रीदेवी गुल्लावीर मंदिर, कानूनगोपुरा दक्षिणी स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर, रोडवेज रोड पीपल स्थित हनुमान मंदिर, घंटाघर चौक के पास सराफा गली स्थित हनुमान मंदिर आदि मंदिरों में भोर में मंगला आरती के साथ कपाट खुले। मंदिर के पुजारियों ने आने वाले श्रद्धालुओं को विधि विधान से बजरंगबली की पूजा कराई। घृत मिश्रित सिंदूर से बजरंगबली का श्रंगार किया गया। स्थान पर विशेष आयोजन किए गए । श्रद्धालुओं की ओर से हनुमान चालीसा, बजरंग बाण आदि का पाठ किया गया। सम्पूर्ण शहर के विभिन्न स्थानों पर मंगलवार दोपहर में सज उठे स्टालो पर छोला पूड़ी, हलुवा, नुक्ती, छोला भठूरा, ठंडे छाछ, ठंडे शर्बत आदि विभिन्न चीजों का प्रसाद का वितरण किया गया।

## एक नजर

### कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

बहराइच , अमृत विचार। जिले के थाना पयागपुर अन्तर्गत गोंडा बहराइच मार्ग पर ग्राम इंद्रापुर सोहरियावां के पास कार व मोटर सायकिल की टक्कर में मोटर सायकिल सवार युवक की मौत हो गई । थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी । बहराइच की ओर से गोंडा की ओर जा रही एक कार ने ग्राम इंद्रापुर सोहरियावां के पास एक बाइक को ठोकर मार दी इस घटना में बाइक सवार गोण्डा के रानी पुर निवासी पंकज पाठक गम्भीर रूप से घायल हो गया । इसे सीएचसी पहुंचाया गया । यहां से घायल को बहराइच मेडिकल कॉलेज भेजा गया । लेकिन उसकी बाद में मौत हो गई । थाना प्रभारी करुणाकर पांडेय ने बताया कि मृतक की मृत्यु विशेश्वरगंज थान्तर्गत हुई है तो पंचनामा की कार्यवाही वही से पूर्ण कर लाश को पोस्टमार्टम के लिय भेज दिया गया है । तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी

### फंदे से लटकता मिला युवती की शव

खैरीघाट बहराइच अमृत विचार। जिलें खैरीघाट थाना क्षेत्र के तिगड़ा के मजरे बढ़ई पुरवा में मंगलवार सुबह 20 वर्षीय शांति देवी पत्नी दुर्गेश की लाश घर में छत के कुंडे से लटकती मिली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

हुजूरपुर बहराइच अमृत विचार । थाना हुजूरपुर के ग्राम बसंतपुर बढ़ईन पुरवा निवासी अनूप उर्फ तुफान (22) मंगलवार की सुबह स्कूटी से कहीं जा रहा था । हुजूरपुर बहराइच मार्गपर नटवीर .बाबा थान के पास हुजूरपुर की तरफ से आ रही एक अज्ञात बोलैरो ने स्कूटी को टक्कर मार दी। घटना का शोर सुनकर जब तक आसपास के लोग दौड़ते बोलेरो चालक वाहन लेकर भाग निकाला । लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से घायल को मेडिकल कालेज पंहुचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई इस मामले में थाने के प्रभारी निरीक्षक वृजेन्द्रकुमार मिश्र ने बताया कि दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत की सूचना मिली है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई कोतवाली नगर बहराइच द्वारा कराई गई है। परिवार वालों के तहरीर देने पर कार्यवाही की जायेगी।

# पाकिस्तान जिंदाबाद भीम आर्मी जिन्दाबाद का वीडियो हुआ वायरल,जांच में जुटी पुलिस

बहराइच

**अमृत विचार।** रामगांव के खसहा मोहम्मदपुर में मंगलवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें पाकिस्तान जिंदाबाद, भीम आर्मी जिन्दाबाद के नारे लगाए गए है। इस वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नही करता ।

रामगांव थाने के खसहा मोहम्मद पुर में मंगलवार को यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगों में आक्रोश फैल गया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। खसहा मोहम्मदपुर के मंदिर मे प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने के प्रकरण में पुलिस अभी तक असली मुजरिमों तक नहीं पहुंच सकी है। अब तक लगभग कई लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। जिसमें से कुछ लोगों को पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ भी दिया है। 5 दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक पूरे घटना का खुलासा नहीं हो सका है। अब यह वायरल वीडियो अंबेडकर नगर गांव का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में कुछ युवक पाकिस्तान जिंदाबाद,भीम आर्मी जिंदाबाद का नारा लगा रहे हैं। वायरल वीडियो 12 सेकंड का है जिसमें सात युवक एक साथ पाकिस्तान जिंदाबाद व भीम आर्मी जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं।वीडियो वायरल होने पर हिंदू समुदाय के लोगों में कड़ा आक्रोश है। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने वायरल वीडियो की सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राणा ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है। इस मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है।

# डीजी फायर ने किया दमकल केंद्रो का निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** पुलिस महानिदेशक फायर आदित्य मिश्रा ने मंगलवार को सदर,कैसरगंज, व नानपारा दमकल केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्हे तीनो दमकल केन्द्र पर गार्ड आफ आनर की सलामी दी गई। इस अवसर पर सीएफओ विशाल रामानुज गौड़ मौजूद रहे। डीजी लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पूर्व चेयरमैन रहे है। मंग को लैंड पोर्ट अथॉरिटी रुपईडीहा में उनके सम्मान में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

रूपईडीहा में आयोजित सम्मान समारोह नेपाल देश के कस्टम प्रभारी जनार्दन पौडल, भारतीय कस्टम सुपरिंटेंडेंट दिनेश धनिया, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीओ नानपारा प्रद्युमन सिंह, प्लांट क्वारंटाइन निदेशक डॉक्टर प्रदीप कुमार, इमीग्रेशन प्रभारी राम अवध सिंह, मैनेजर लैंड पोर्ट रुपईडीहा सुधीर शर्मा, लैंड पोर्ट नेपाल मैनेजर तारक जोशी ने आदित्य मिश्रा के कार्यकाल को एक स्वर्णिम युग बताया। आशा व्यक्त की गई कि आदित्य मिश्रा की शुभकामनाएं सदैव साथ रहेंगी ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदित्य मिश्रा आईपीएस ने अपने संबोधन में कहा कि इस लैंड पोर्ट की नींव हमारे सामने रखी गई थी। आज इसको प्रगति के पथ पर अग्रसर होते देखकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। उनकी शुभकामनाएं हैं और खुशी की बात है कि इस लैंड पोर्ट में सभी विभाग एक छत के नीचे एक परिवार की तरह कार्य कर रहे हैं। इस टीम स्प्रिट कि वह हृदय से प्रसन्नता व्यक्त करते है। डीजी फायर आदित्य मिश्रा के आगमन पर लैंड पोर्ट अथॉरिटी के मैनेजर सुधीर शर्मा ने पुष्प पुंज एवं रुद्राक्ष माला प्रदान कर उनका स्वागत किया । अभिनंदन जनार्दन पौडल ने अंग वस्त्र एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने राम जन्मभूमि के मंदिर का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। एसएसबी के भरत पाठक, नेपाल से करुणा चौधरी, नेपाल प्लांट क्वारंटाइन के डॉक्टर मोहम्मद कपिल अहमद, राम निरंजन, ऋषभ सिंह, अमित सिंह, ओमपाल सिंह, सीएफओ विशाल रामानुज गौड़, पुष्कर राय एवं विवेक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### लखनऊ में बनेगी देश की पहली स्वदेशी फैब लाइन



समझौता ज्ञापन दिखाते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अधिकारी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ,अमृत विचार : राजधानी में आईआर डिटेक्टरों के निर्माण के लिए देश की पहली स्वदेशी फैब-लाइन स्थापित होगी। यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में 25 एकड़ क्षेत्र में इसका निर्माण होगा। इस परियोजना पर दो हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। लगभग 650 नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सोमवार को लोकभवन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान (आईआरडीई) देहरादून और उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। एमओयू के तहत रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के अधीन एक अग्रणी प्रयोगशाला आईआरडीई, आईआर डिटेक्टरों के विकास और निर्माण के लिए फैब-लाइन की स्थापना होगी। इस अवसर पर आईआरडीई के निदेशक डॉ. अजय कुमार, डॉ. सुधीर खरे, डॉ. निमिष दीक्षित, अजय मिश्रा, डॉ. प्रभात शर्मा, एसएन सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे। आईआरडीई के अधिकारियों ने डिफेंस नोड पर प्रस्तावित साइट का भ्रमण भी किया।

### श्रमिकों को मिलेगा डिजिटल न्याय, जल्द शुरू होगा ई-कोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : योगी सरकार सिर्फ निवेश ही नहीं, बल्कि श्रमिक सम्मान का राष्ट्रीय मानक गढ़ने के लिए औद्योगिक विवादों के समाधान में डिजिटल तकनीक अपनाने की तैयारी है। श्रम न्यायालयों और अधिकरणों के निर्णयों का शत-प्रतिशत अनुपालन के साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और त्वरित बनाने के लिए ई-कोर्ट व्यवस्था लागू होगी। साथ ही, श्रम आयुक्त की अनुमति के निरीक्षण नहीं होगा और निरीक्षण के 48 घंटे में रिपोर्ट सार्वजनिक करनी होगी।श्रम एवं सेवायोजन विभाग डिजिटल तकनीक के माध्यम से श्रम विवादों के समाधान को आसान बनाएगा। जल्द ही ई-कोर्ट के जरिए केस फाइलिंग से लेकर सुनवाई तक की सुविधा शुरू होगी। इससे धन व समय की बचत के साथ पारदर्शिता भी आएगी। इससे आनुतोषिक भुगतान, कर्मचारी प्रतिकर, वेतन भुगतान, समान पारिश्रमिक, मातृत्व लाभ, और श्रमजीवी पत्रकारों से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित होगा।

### बिहार में नाबालिग के साथ दुष्कर्म व हत्या चिंतनीय

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि बिहार के मुजफ्फरपुर में अनुसूचित वर्ग के नाबालिग के साथ दुष्कर्म, चाकू से गोदकर मारने व पटना अस्पताल में इलाज में लापरवाही से मौत की घटना बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता जागता प्रमाण है। यह अति निंदनीय व चिंतनीय है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि बिहार सरकार दोषियों के खिलाफ त्वरित सख्त कानूनी कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

### दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार पर परिवहन कर्मी होंगे दंडित

अमृत विचार, लखनऊ: दिव्यांगजनों से दुर्व्यवहार करने वाले परिवहन निगम कर्मी दंडित होंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने इस सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिये। राज्यमंत्री मंगलवार को विधानभवन में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों की यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की। यात्रियों का विस्तृत रिकॉर्ड बनाने व चालक-परिचालकों को संवेदनशील व्यवहार का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों की यात्रा का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जाय। यह रिपोर्ट समयबद्ध ढंग से तैयार कर विभाग को प्रस्तुत की जाए।

### सभी जिलों में सीटी स्कैन होगा निःशुल्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ,अमृत विचार : प्रदेश के सभी जिलों में अब नि:शुल्क सीटी स्कैन जांच की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर लागू हुई इस सुविधा से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। दरअसल, सभी जिला अस्पतालों में पैथोलॉजी, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड समेत दूसरी जांचों की भांति सीटी स्कैन भी नि:शुल्क हो रहा है, लेकिन छह जिलों में सीटी स्कैन जांच के एवज में मरीजों से 500 रुपये शुल्क जमा कराया जा रहा था। लखनऊ, आगरा, गोरखपुर, कुशीनगर, मुरादाबाद एवं रायबरेली में सीटी स्कैन जांच के लिए रोगी कल्याण निधि में बतौर यूजर चार्जेज 500 रुपये जमा कराए जा रहे थे। ब्रजेश पाठक की पहल पर यह शुल्क माफ कर दिया गया है।उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 12 मेडिकल कॉलेज व कानपुर के दो संस्थानों में मरीजों के हितों में सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। इसमें आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, बांदा, आजमगढ़, सहारनपुर, अम्बेडकर नगर, जालौन, कन्नौज व बदायूं और कानपुर के हृदय रोग संस्थान, जेके कैंसर संस्थान के लिए 464.70 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस क्रम में अवमुक्त धनराशि में से प्रति मेडिकल कॉलेज को 33.5 लाख तथा जेके कैंसर संस्थान को 31 लाख रुपये आवंटित किया गया है। इससे मेडिकल कॉलेज व संस्थान आवश्यक उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# विभिन्न दुर्घटनाओं में दस लोग घायल,मेडिकल कालेज में भर्ती

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** रामगांव थाने के मैगला गांव मोड़ के पास सोमवार रात तेज रफ्तार ई रिक्शा के आगे कुत्ता आ जाने से पलट गया और इसी थाने के नेवादा गांव निवासी ई रिक्शा चालक इमरान (19) पुत्र लड्डन व उसका सहयोगी शहबान (20) पुत्र गुलाब बाबू घायल हो गये। दोनों घायलों को इलाज के लिये मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

हरदी थाने के ख़र्चहा चौराहे के पास दो बाइकों की सीधी टक्कर में एक बाइक पर सवार इसी थाने के बहोरिका पुरवा निवासी प्रदीप (28) पुत्र राम बुझावन व उसकी बहन रामगांव थाने के मुंशीपुरवा निवासनी राम जानकी (30) पत्नी विजय व भांजा सुजीत (5) घायल हो गये। तीनों घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। बलहा संवाद के अनुसार नानपारा - मिहींपुरवा हाइवे के अमवा इमलिया गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मोतीपुर थाने के बोटनपुरवा निवासी बजरंगी (20) पुत्र राम निवास व उसका साथी मिहीपुरवा कस्बे का आकाश (19) पुत्र आनन्द कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों युवकों को सीएचसी मोतीपुर ले जाया गया , जहां हालत नाजुक देख दोनों को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। दरगाह थाने के पास ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से श्रावस्ती जिले के सोनवा थाने के नासिरगंज निवासी बाइक सवार विनय (22) पुत्र दिलीप गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज़ के लिये मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

# शॉर्ट सर्किट से ब्यूटी पार्लर में लगी भीषण आग, मची अफरा तफरी

बहराइच अमृत विचार। शहर के बीचो-बीच स्थित दिव्यांशी ब्यूटी पार्लर में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। इससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना पाते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने अत्यधिक धुआं होने के कारण स्मोक एक्सहेस्टरऔर ब्रीदिंग ऑपरेटस का इस्तेमाल करके आग पर काबू पाया। इस दौरान कई अन्य संसाधनों का भी इस्तेमाल किया गया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आग पर काबू पाया। सीएफओ विशाल ने बताया कि आग लगने की सूचना पाते ही टीम को तुरंत मौके पर रवाना किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ब्यूटी पार्लर बेसमेंट में चल रहा था, इसकी जांच कराई जा रही है। स्थिति नियंत्रण में है और आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। ब्यूटी पार्लर और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में आग से बचाव के उपायों को सुनिश्चित करना आवश्यक है। आग से बचाव के लिए फायर सेफ्टी ऑडिट और नियमित जांच कराना अनिवार्य होना चाहिए।दिव्यांशी ब्यूटी पार्लर में आग लगने की घटना ने आग से बचाव के महत्व को उजागर किया है। आग पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड की टीम ने सराहनीय काम किया है। आगे भी ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

# बारात में आतिशबाजी के दौरान चेहरे के पास फटा गोला, युवक गंभीर

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** कोतवाली देहात इलाके के धरसवा ग्राम में एक बारात के दौरान बड़ा हादसा हुआ। 22 वर्षीय युवक निरंकार आतिशबाजी के दौरान गोला दगने से गंभीर रूप से झुलस गया।

घटना उस वक्त हुई जब हरदी थाना क्षेत्र के बनगांव से बारात आई हुई थी और निरंकार आतिशबाजी कर रहे थे। बताया जा रहा है कि निरंकार द्वारा गोला दागा गया, जो उनके चेहरे के पास ही फट गया। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें एम्बुलेंस की मदद से शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। निरंकार की हालत गंभीर बताई जा रही है और डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है और परिजन अस्पताल में मौजूद हैं। अगर देखा जाए तो इस तरह की घटनाएं अक्सर आतिशबाजी के दौरान होती हैं और सावधानी न बरतने से बड़े हादसे हो सकते हैं। ईएमओ राजेश सोनकर ने बताया कि गंभीर रूप से झुलस कर निरंकार आए हुए थे। भारती कर उनका इलाज किया जा रहा है। परिजनों द्वारा बताया गया कि गोला फटने से वह गंभीर रूप से झुलसे है। इस मामले में कोतवाली देहात के प्रभारी रमेश सिंह रावत ने बताया कि निरंकार शादी विवाह समेत अन्य कार्यक्रमों में आतिशबाजी हल करने जाता है। इसी दौरान यहां हादसा हुआ है। अगर कोई तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।


## वर्ग पहेली- 451

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर; कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।



### वर्ग पहेली -450 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 नी | ■ | 2 दा | ■ | 3 नौ |
| 4 त | र | हे | ल | ■ | ब |
| ■ | स | ■ | द | ■ | त |
| ■ | ता | ■ | लि | ■ | ख़ा |
| ■ | ■ | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 म | न | मै | ला |

## सुडोकू -175

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| | 8 | | | | | | 4 | |
| | | | | 6 | | | | |
| 1 | | | | | | | | 4 |
| | | | | | 9 | | | |

### सुडोकू - 174 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 1 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 4 |
| 5 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 6 | 2 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- नवमी 23 .54 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराफाल्गुनी 5 जून 03 .35 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज पिछले काफी समय से जिस कार्य में फंसे थे, वो पूर्ण हो सकता है। कारोबार में महत्वपूर्ण समझौते कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको भाग-दौड़ी करनी पड़ेगी। एकांत में आपको समय अवश्य बिताना चाहिए। पिता के कार्यों में आप सहयोग देंगे।

**वृष** – आज आपको अपनी प्रबंधन क्षमताओं को दुरुस्त करना होगा। ऑनलाइन शॉपिंग में छूट का लाभ उठा सकते हैं। किसी दूसरे व्यक्ति की सलाह को अधिक महत्व न दें, लेकिन लोग आपकी सलाह से लाभान्वित होंगे।

**मिथुन** – आज मन में उलझनों का अंबार रहेगा। क्रोध में आकर प्रतिक्रिया देने से बचें। परिजनों के साथ डिनर पर जा सकते हैं। तकनीक शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई में समस्या होगी। काम को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कर्क** – आज बेरोजगार लोग यदि प्रयास करें तो जॉब मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। परिवार में एकता का वातावरण रहेगा। आप नए कार्यों में अत्यधिक रुचि ले सकते हैं। सरकारी अधिकारियों को पदोन्नति मिल सकती है।

**सिंह** – आज संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। महिलाओं को शॉपिंग करते समय अत्यंत सावधानी रखनी होगी। अचानक खर्चे बढ़ सकते हैं। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को थोड़ी समस्या हो सकती है। गैस और कब्जियत की शिकायत होने की संभावना है।

**कन्या** – आज व्यापार की समस्याओं का निवारण होगा। अनुभवी लोगों से आपको मार्गदर्शन मिलेगा। प्रियजनों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। आपके काम की सर्वत्र प्रशंसा होगी। व्यवहार में नरमी और सौम्यता का भाव रखें।

**तुला** – आज आपको किसी से झूठ नहीं बोलना चाहिए। पैरों में सूजन और दर्द की शिकायत हो सकती है। अपनी गलतियों को ढकने से बचें। कानूनी मामलों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। किसी को उधार देने से बचें।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में बड़े अनुबंध और ऑर्डर मिलने की प्रबल संभावना है। दूसरों के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। घर का वातावरण बहुत ही शांत रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। समय पर सारे कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

**धनु** – आज कारोबार में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। कला की ओर आप आकर्षित रहेंगे। रुके हुए कार्य पुन: प्रारंभ होंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वभाव में चंचलता का भाव रहेगा। शुभ कार्यों में अधिक धन खर्च कर सकते हैं।

**मकर** – आज जॉब में अचानक ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है। कार्यक्षेत्र के वातावरण में थोड़ी कड़वाहट हो सकती है। छात्रों को शिक्षा में थोड़ी अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

**कुंभ** – आज अनैतिक कार्यों से धन कमाने का प्रयास न करें। बातचीत के दौरान सही शब्दों का चयन करें। धार्मिक यात्रा के दौरान कठिनाई हो सकती है। सहकर्मियों के साथ व्यवहार खराब न करें। किसी पारिवारिक सदस्य से झगड़ा हो सकता है।

**मीन** – आज अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। पूरी एकाग्रता से साथ सभी कार्य करें। वैवाहिक जीवन सुखद रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। मेहनत का लाभ मिलने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

# किशोर की हत्या में दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

## सेशन कोर्ट को मामला सुपुर्द, अगली सुनवाई 12 को होगी, प्रतापपुर कमैचा के 14 वर्षीय बालक की हत्या कर शव फूलपुर के तालाब में फेक दिया था

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



दीवानी न्यायालय परिसर में वादकारी व अधिवक्तागण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 14 वर्षीय किशोर की संपत्ति के लालच में हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। सीजेएम नवनीत सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आरोपियों की हाजिरी दर्ज कर मामला सेशन कोर्ट के सुपुर्द कर दिया है । मामले में जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत में सुनवाई 12 जून को होगी।

चांदा थाना क्षेत्र के प्रतापपुर कमैचा मेला वाली बाग निवासी निसार के 14 वर्षीय इकलौते पुत्र की बीती 18 फरवरी को हत्या करके शव प्रयागराज जिले के फूलपुर थाने के ग्राम लंका वोदई में स्थित तालाब में फेंक दिया था। मामले में केस अज्ञात में दर्ज किया गया था। दौरान तफ्तीश पुलिस ने मृतक के जीजा मोहम्मद समीर और प्रयागराज जिले के थाना फूलपुर के धुर्वा निवासी शुभम भारतीय को आरोपी बनाया गया था। आरोप है कि सम्पति की लालच में आरोपी मोहम्मद समीर ने सह आरोपी शुभम भारतीय के साथ मिलकर इकलौते साले अरमान की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। सीजेएम नवनीत सिंह ने मामले को सेशन कोर्ट के विचारण हेतु सुपुर्द कर दी है।

### अपहरण के दोषी को पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई 5 साल की कैद

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से चार वर्ष पूर्व किशोरी के अपहरण के मामले में अदालत ने दोषी मनराज उर्फ मल्लू को पांच साल की कैद की सजा सुनाकर जेल भेज दिया । अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है जिसकी सम्पूर्ण रकम बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देय होगी। सहायक शासकीय अधिवक्ता रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक मामला 8 दिसंबर 2021 का है, जब अम्बेडकरनगर जनपद के कोतवाली अकबरपुर के बदलपुर गांव निवासी मनराज उर्फ मल्लू पर किशोरी के पिता ने अपहरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। पॉक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए छह गवाहों की गवाही और साक्ष्यों के आधार पर सोमवार को आरोपी को अपहरण का दोषी ठहराकर जेल भेज दिया था जिसकी सजा के बिन्दु पर सुनवाई करने के लिए दोषी को मंगलवार को जेल से तलब कर उसे पांच साल की कैद की सजा सुनाकर उसे करनी की सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया गया।

## सांसद संजय सिंह की डिस्चार्ज अर्जी खारिज, बयान दर्ज

- आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ा मामला
- सांसद संजय सिंह अपने वकील के साथ कोर्ट में हुए हाजिर
- संजय सिंह समेत 11 आरोपियों का बयान दर्ज किया गया

संवाददाता, सुलतानपुर



दीवानी से निकलते अपने वकील के साथ सांसद संजय सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचारः** आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह सहित 13 सह-आरोपियों की डिस्चार्ज अर्जी एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने खारिज कर दी। मंगलवार को सांसद संजय सिंह अपने वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन के साथ कोर्ट में हाजिर हुए। कोर्ट ने सांसद संजय सिंह समेत 11 आरोपियों का बयान दर्ज किया गया। वहीं, आरोपी अब्दुल हई व सलीम के गैरहाजिर रहने पर उनका बयान नहीं दर्ज हो सका । आरोपियों ने लगाए गए आरोपों से इंकार करते हुए विचारण की मांग की । कोर्ट ने बयान दर्ज कर अभियोजन साक्ष्य के लिए पांच जुलाई की तारीख नियत की है। यह मामला 13 अप्रैल 2021 का है, जब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान संजय सिंह ने बंधुआकला थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में बिना अनुमति जनसभा की थी। पुलिस ने इस संबंध में संजय सिंह सहित 13 नामजद और 45 अज्ञात लोगों पर आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया था।

## फर्जी नियुक्ति मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

- फर्जी नियुक्ति पत्र देकर लाखों रुपये की ठगी का है आरोप

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) कोर्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशा सिंह की अदालत ने फर्जी नियुक्ति पत्र देकर लाखों रुपये की ठगी के गंभीर आरोपों में प्रतापगढ़ जिले के अन्तू थाने के अडगवा मिश्राने निवासी आरोपी संतोष पांडेय उर्फ संजय मिश्रा उर्फ मनोज उर्फ राजीव भाटिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सहायक शासकीय अधिवक्ता विजय शंकर शुक्ल के अनुसार, आरोपी ने अपने सहअभियुक्तों के साथ मिलकर मेडिकल कॉलेज में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी ज्वॉइनिंग लेटर जारी कर भादर खरगपुर निवासी वादी बृजलाल व उसके परिचितों से नगद व खाते के माध्यम से लाखों रुपये की ठगी की। केस डायरी के अनुसार, पुलिस जांच में यह नियुक्ति पत्र फर्जी पाया गया और पीड़ितों से करीब 1.5 लाख रुपये की ठगी की पुष्टि हुई। वहीं आरोपी की ओर से पक्ष रखते हुए यह कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है और उसके खाते में कोई रकम नहीं आई है, न ही किसी दस्तावेज पर उसके हस्ताक्षर हैं। सरकारी अधिवक्ता ने इसका विरोध करते हुए कहा कि आरोपी का गंभीर अपराधों में संलिप्त होना, दो अन्य आपराधिक इतिहास और ठगी की ठोस साक्ष्य उसकी संलिप्तता सिद्ध करते हैं। अदालत ने सभी तथ्यों व केस डायरी के अवलोकन के बाद आरोपी की जमानत याचिका को निरस्त कर दिया।

## दो शिक्षकों की सेवा समाप्त तीसरे पर लटक रही तलवार

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**कार्रवाई**

- एक शिक्षक को सेवा समाप्ति के लिए दी गई अंतिम चेतावनी नोटिस
- लंबे समय से विद्यालय से अनुपस्थित रहने पर बीएसए ने की कार्रवाई

**अमृत विचारः** विद्यालयों से लंबे से अनुपस्थित चल रहे दो शिक्षकों की सेवा समाप्ति की कार्रवाई कर दी गई है। एक अन्य शिक्षक पर भी बर्खास्तगी की तलवार लटक रही है। बीएसए की कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मचा है।

बल्दीराय थाना क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय डेहरियावां की सहायक अध्यापक नीलम पटेल 22 नवंबर 2017 से बिना किसी सूचना के विद्यालय से निरंतर अनुपस्थिति चल रही है। जिसके कारण उन्हें नौ दिसंबर 2024 को पहली नोटिस दी गई। सात मार्च 2025 को दूसरी नोटिस दी गई, फिर भी कोई जवाब नहीं मिला। 15 अप्रैल 2025 को अंतिम नोटिस का भी जवाब नहीं मिला। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि कई बार नोटिस का जवाब न मिलने पर शिक्षिका की नियुक्ति समाप्त कर दी गई। बीएसए ने बताया कि लंभुआ विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय जखनी कला के सहायक अध्यापक राजेश कुमार यादव बिना किसी सूचना के 15 जनवरी 2013 से विद्यालय से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। कई बार नोटिस भेजी गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। नियमानुसार इनकी भी सेवा समाप्ति की कार्रवाई की गई हैं।

जबकि, कूरेभार विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय अंगना कोल की सहायक अध्यापक श्वेता सिंह नौ मई 2024 से बिना किसी सूचना के लगातार विद्यालय से अनुपस्थित चल रही है। इन्हें अंतिम नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी गई है कि एक सप्ताह के अंदर कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपने त्यागपत्र के संबध में पक्ष प्रस्तुत करें।अन्यथा सेवा समाप्ति की कार्यवाही कर दी जाएगी। इसके पहले भी बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने कई शिक्षकों की सेवा समाप्त कर चुके हैं। ऐसे में महकमे में हड़कंप मचा है।

## आंधी-पानी से बिजली व्यवस्था ध्वस्त, 40 गांवों में 15 घंटे अंधेरा

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** सोमवार देर शाम आई तेज आंधी और बारिश ने क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। खासकर लोलेपुर और भदैया उपकेंद्रों की आपूर्ति पर इसका गंभीर असर पड़ा। 33 केवी पावर लाइन में फॉल्ट आने के चलते लगभग 40 गांवों में 15 घंटे तक अंधेरा छाया रहा। भदैंया विकास खंड की कुल 71 पंचायतों में पांच प्रमुख उपकेंद्र लोलेपुर, भदैंया, दरियापुर, पकड़ी और शिवगढ़ विद्युत आपूर्ति का कार्य करते हैं। तेज आंधी से कई स्थानों पर पेड़ गिरने और विद्युत तार टूटने के कारण लोलेपुर उपकेंद्र से जुड़ी सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई। भदैया उपकेंद्र की आपूर्ति जहां रात में ही बहाल कर दी गई, वहीं लोलेपुर की लाइन मंगलवार सुबह 10 बजे तक बाधित रही। रातभर बिजली बंद रहने से क्षेत्रवासियों को गर्मी व अंधेरे में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोलेपुर उपकेंद्र के अवर अभियंता आनंद जायसवाल के अनुसार, लाइनमैन बिजली आपूर्ति बहाल करने में लगातार जुटे हैं और जल्दी ही मरम्मत पूरी कर ली जाएगी।

**कादीपुर कस्बे में छह घंटे रही बिजली गुल :** कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः सोमवार रात कादीपुर कस्बे के सुलतानपुर रोड पर 11,000 वोल्ट के बिजली तार आपस में चिपकने से रात 1 बजे से सुबह 7 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे भीषण गर्मी में हजारों लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। सुबह विद्युत कर्मियों ने फाल्ट ठीक कर आपूर्ति बहाल की।

**अनुरक्षण कार्य से सूरापुर में बाधित रही विद्युत आपूर्ति :** सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः 132 केवी उपकेंद्र कादीपुर से जुड़े 33 केवी फीडर टीपी नगरा-सूरापुर पर मंगलवार सुबह आठ बजे से तार और जम्फर बदलने का अनुरक्षण कार्य किया गया।

उमाकर यादव की देखरेख में यह कार्य रामसूरत मौर्य, बाबूराम, अंकित यादव, यादवेंद्र यादव, रविंद्र तिवारी आदि कर्मियों की टीम ने किया। कार्य के चलते क्षेत्र में कुछ समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

## एसपी से मिले प्रधान, बताया सोशल मीडिया पर कर रहे अभद्र टिप्पणी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जैसे-जैसे ग्राम पंचायतों में प्रधान का चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे ही प्रधानों के खिलाफ शिकायतों को संख्या बढ़ गई है। वहीं ग्राम पंचायत कम्मरपुर के प्रधान मनोज कुमार तिवारी ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। प्रधान का आरोप है कि सोशल मीडिया के माध्यम से उनको बदनाम किया जा रहा है। एसपी के निर्देश पर साइबर थाने में फर्जी सोशल मीडिया आई डी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रधान ने फेसबुक आई डी का स्क्रीन शॉट व अश्लील कमेंट का प्रिंट आउट सौंपा है। साइबर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### मिनी ट्रक हादसे से चालक और क्लीनर घायल

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र में वाराणसी फोरलेन पर सोमवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। पखरौली रेलवे स्टेशन के पास निर्माणाधीन आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) पर रखे बोल्डर से एक मिनी ट्रक टकरा गई, जिससे ट्रक चालक मोहित (37) व खलासी जीतू दोनों निवासी वीड, महाराष्ट्र घायल हो गए। दोनों को तत्काल जिला चिकित्सालय सुलतानपुर में भर्ती कराया। देहात कोतवाल अखंड देव ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पिटाई के विरोध में युवकों ने जाम किया हाईवे

भदैया, सुलतानपुर



हाईवे पर प्रदर्शन करते ग्रामीण व समझाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अमृत विचारः रामपुर हनुमानगंज गांव में जमीन विवाद के मामले में पुलिस की कार्रवाई के विरोध में ग्रामीणों ने लखनऊ-वाराणसी हाईवे जाम कर दिया। हनुमानगंज बाजार के उधव गुप्ता और सिताराम के बीच लंबे समय से जमीन विवाद चल रहा है। मंगलवार को लम्भुआ सीओ मुकदमे की जांच के लिए सिताराम के घर पहुंचे। वहां मौजूद पड़ोस के दो सगे भाइयों से पूछताछ की गई। आरोप है कि पुलिस ने सोनू (20) और शुभम (18) की पिटाई कर दी। इससे नाराज होकर दलित बस्ती के सैकड़ों लोग हनुमानगंज रेलवे क्रॉसिंग के पास एकत्र हो गए। जिससे हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर कोतवाल अखंडदेव मिश्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया लेकिन मामला बढता देख लम्भुआ, शिवगढ थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्राम प्रधान सहित गांव के विशिष्ट लोगों के समझाने के बाद जाम मे शामिल लोग पुलिस अधीक्षक से मिलने की बात से सहमत होकर घर वापस लौटे।

## संकटमोचन के दर पर आस्था का सैलाब, भक्ति भाव का अद्भुत दृश्य

सुलतानपुर टीम



पर्यावरण पार्क गेट स्थित हनुमान मंदिर पर लगे भंडारे में प्रसाद वितरण करते समाजसेवी।



बिजेथुआ महावीरन धाम में हनुमानजी का दर्शन पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचारः** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को जिलेभर में प्रसाद व शरबत वितरण चलता रहा। वहीं, कलेक्ट्रेट परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें डीएम व एसपी ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और भीड़ को नियंत्रित करने में अपनी भूमिका निभाई।

सूरापुर संवाददाता के मुताबिक पौराणिक धर्म स्थल विजेथुआ महावीर धाम में हनुमानजी के दर्शन पूजन के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। विजेथुआ मोड़ धीरु बाबा देवस्थान के निकट दुर्गा मंदिर भवानीपुर के परिसर में श्री विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, कलान के प्रबंध निदेशक डॉ. वेदप्रकाश सिंह राजू द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी सुनील मिश्रा व रिंकू मिश्रा ने बताया कि ज्येष्ठ मास के प्रत्येक मंगलवार की महत्ता के चलते कालिनेमि वध स्थल पौराणिक विजेथुआ महावीर धाम में स्थित मकरी कुण्ड सरोवर में श्रद्धालुओं ने स्नान कर माला, फूल, मीठी पूड़ी, सिंदूर आदि लेकर हनुमानजी के दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर परिक्षेत्र में बने धर्मशालाओं में कड़ाही देने वालों की भीड़ रही। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए पुलिस बल मुस्तैद रही। इस दौरान सूरापुर बाजार में सुबह करीब 9 बजे से लोगों को जाम के झाम से जूझना पड़ा। गोसाईगंज प्रतिनिधि के अनुसार, थाना क्षेत्र गोसाईगंज अंतर्गत सुदनापुर में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा शरबत और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। दुर्गा मैरिज हॉल समेत आसपास के क्षेत्रों में राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, शरबत और प्रसाद की निःशुल्क व्यवस्था की गई। बाबूगंज कटका समेत कई स्थानों पर लगे विशाल भंडारों में सैकड़ों लोगों ने पूड़ी-सब्जी ग्रहण की। विंदेश्वरीगंज प्रतिनिधि के मुताबिक बल्दीराय तहसील के विभिन्न जगहों पर श्रद्धालुओं व राहगीरों के लिए भव्य भंडारे और शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए ।देहली बाजार चौक स्थित बघौना मोड़ पर एक भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों राहगीरों और क्षेत्रवासियों ने पूड़ी-छोले और चावल-छोले का प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच व्यवस्था अनुशासित और सराहनीय रही।

वहीं, जयसिंहपुर कस्बा स्थित हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं ने बाबा की पूजा अर्चना की साथ ही आने जाने वाले लोगों को प्रसाद वितरित करते हुए शरबत वितरण हुआ। इस मौके पर रमेश अग्रहरि, डा कृष्ण कुमार अग्रहरि, विकास सैनी सहित अन्य भक्त डटे रहे।

## एक नजर

### अराजकतत्वों ने एमआरएफ सेंटर में लगाई आग, मशीनें व वायरिंग क्षतिग्रस्त

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कस्बे के गांधीनगर मोहल्ले स्थित नगर पंचायत के कूड़ा निस्तारण केंद्र (एमआरएफ) में रविवार की देर रात कुछ अराजकतत्वों ने सेंटर का ताला तोड़कर आग लगा दी। आग से केंद्र में रखी मशीनें, वायरिंग और प्लास्टिक सामग्री बुरी तरह जल गईं। सोमवार देर शाम सेंटर प्रभारी शिवम अग्रहरि की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### जमीन विवाद में मां-बेटी से मारपीट, 11 पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पोखरदहा गांव में जमीन विवाद को लेकर शनिवार देर शाम रेनू शर्मा और उनकी बेटी तनु शर्मा पर विपक्षियों ने हमला कर दिया। आरोप है कि विपक्षी जबरन जमीन कब्जाने के इरादे से आए थे और गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पुलिस ने रेनू शर्मा की तहरीर पर गांव के 11 लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रास्ते में घात लगाकर मां-बेटी पर हमला

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मुड़िलाडीह गांव की मंजू देवी रविवार रात अपनी बहन के घर से लौट रही थीं, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे रोशनलाल ने उन पर ईंट से हमला कर दिया। बचाव करने आई उनकी बेटी पूजा को भी चोट पहुंचाई गई और हाथ में दांत से काट लिया गया। सोमवार देर शाम पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला ने परिजनों पर लगाया आरोप

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** हमजापुर पठान गांव की सीमा वर्मा ने ससुर और जेठ पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा है कि वे उसे संपत्ति में हिस्सा नहीं दे रहे हैं और चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं। वह पिछले दो वर्षों से अपने बच्चों के साथ अलग रह रही हैं। पुलिस ने जेठ प्रमोद वर्मा और ससुर तुलसी वर्मा के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जौनपुर जिले के सरपतहां थाना क्षेत्र के अभय मिश्र (22) की बाइक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें कादीपुर सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मामला जौनपुर क्षेत्र का होने के कारण शव और केस वहीं स्थानांतरित कर दिया गया।

### पीटने के साथ दी धमकी, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** चांदा थाना क्षेत्र के भौरियार गांव निवासी राजकुमार ने थाने में तहरीर दी है ।राजकुमार ने बताया कि वह अपने मुर्गी फार्म पर था। उसके पड़ोसी शौकत, सलाकत, शराफत व कैया ने उसे लाठी डंडे से पीटा। साथ ही धमकी भी दी कि अगर थाने गए तो अंजाम बुरा होगा। चांदा थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### सब्जी लेकर लौट रहे युवक को पीटा, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के निदूरा गांव निवासी सुमित तिवारी ने थाने में तहरीर दी है। आरोप है कि सोमवार की रात करीब साढ़े नौ बजे वह सब्जी लेकर घर आ रहा था। जैसे ही वह गांव के विपक्षी अजय यादव के घर के समीप पहुंचा तो अजय उसे लाठी डंडे से पीटने लगे। गुहार लगाने पर उसकी जान बची अजय की पिटाई से उसे गंभीर चोट आई है। जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### बीमा कंपनी को 3 लाख रुपये मुआवज़ा देने का निर्देश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कोतवाली नगर के ओमनगर निवासी उपभोक्ता विवेक त्रिपाठी की शिकायत पर फैसला सुनाते हुए आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी को तीन लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि उक्त धनराशि दो माह के भीतर परिवादी को अदा की जाए, अन्यथा छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। परिवादी विवेक त्रिपाठी, निवासी अमेठी, ने अपने वाहन रेनॉल्ड क्विड का बीमा कराया था जो बीमित अवधि में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसकी सूचना उन्होंने तत्क्षण बीमा कंपनी को दी थी। वाहन को लखनऊ स्थित वर्कशॉप में भेजा गया, जहां वह आठ माह तक खड़ा रहा, लेकिन बीमा कंपनी ने क्लेम पास नहीं किया। कंपनी की ओर से टालमटोल किए जाने पर विवेक त्रिपाठी ने उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया। सुनवाई के बाद अध्यक्ष राम लखन सिंह चन्द्रौल एवं सदस्य भारत भूषण तिवारी ने निर्णय सुनाते हुए बीमा कंपनी को तीन लाख रुपये क्षतिपूर्ति, दो हजार रुपये मानसिक क्षति और एक हजार रुपये वाद व्यय अदा करने का आदेश दिया।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के केस में नहीं पूरी हुई बहस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** वर्ष 1996 के विधानसभा चुनाव के दौरान पीपरपुर थाने के देहली मुबारकपुर गांव स्थित मतदान केंद्र से मतपत्र गायब होने के मामले में चांदा के पूर्व बसपा विधायक सफदर रज़ा समेत तीन आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे में मंगलवार को बचाव पक्ष ने बहस की । बचाव पक्ष के वकील हसन अली व रामअवध यदव ने बताया बहस पूरी न होने के कारण कोर्ट ने शेष बहस के लिए 20 जून की तारीख तय की है। 6 अक्टूबर 1996 को हुए विधानसभा चुनाव में मतपत्र गायब होने की घटना को लेकर उप निर्वाचन अधिकारी विमल चंद्र श्रीवास्तव द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस मामले में सफदर रज़ा के साथ आबाद उल्ला और अबरार अहमद भी आरोपी बनाए गए हैं।

### हर्ष फायरिंग के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** हर्ष फायरिंग के उल्लंघन के आरोपों से इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी बहन अर्चना सिंह के मामले में एमपी-एमएलए की कोर्ट में अभियोजन गवाह उपनिरीक्षक श्याम चंद्र यादव के न आने से मंगलवार को सुनवाई 4 जुलाई तक टल गई ।14 जून 2021 को अर्चना सिंह के हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद धनपतगंज थाने के दरोगा सुशील कुमार ने अर्चना सिंह पर मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में सोनू सिंह का नाम भी सामने आया और दोनों पर चार्जशीट दाखिल हुई।

### जेल में निरुद्ध महिला को मिली जमानत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नीरज कुमार श्रीवास्तव ने नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में जेल में बंद महिला आरोपी सुशीला को सशर्त जमानत प्रदान की है। बचाव पक्ष के वकील सौरभ तिवारी ने बताया कूरेभार थानाक्षेत्र निवासी सुशीला के विरुद्ध किशोरी को भगाने के आरोप में बीते वर्ष 12 सितंबर की घटना में केस दर्ज कर जेल भेज दिया था । प्राथमिकी में सुशीला नामजद नहीं हैं। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद महिला आरोपी की जमानत मंजूर कर ली है।

### प्रधानी चुनाव में बवाल के मामले में आरोपी की जमानत मंजूर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कादीपुर के धनाइतपुर सरैया मुस्तफाबाद में प्रधानी के चुनाव में फर्जी वोट डालने की अफवाह फैलाने और पुलिस टीम पर हमला कर मत पेटी ले जाने का विरोध करने के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी करमजीत की जमानत अर्जी एडीजे द्वितीय संध्या चौधरी ने मंजूर कर ली है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 13 जून 2021 को दो मुकदमे दर्ज किए गए थे। एक मुकदमा दरोगा अनिल कुमार मिश्र ने और दूसरा तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कादीपुर बेचू सिंह यादव ने दर्ज कराया था। केस में करमजीत समेत और 50 अज्ञात लोग आरोपी बनाये गये थे। आरोप है कि आरोपियों ने मतदान के दौरान फर्जी वोट पड़ने की झूठी अफवाह फैलाई और मतदान केंद्र में घुसकर अपने पक्ष में मतदान कराने का प्रयास किया । पुलिस का यह भी आरोप है कि चुनाव समाप्त होने के बाद आरोपियों ने पुलिस का रास्ता अवरुद्ध कर मतपेटी ले जाने का विरोध किया।

### 20 दिन पहले चोरी हुई बाइक का मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के खैराबाद निवासी त्रिवेणी प्रसाद ने 20 दिन पहले तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि बीते दस मई की शाम चार बजे उनकी बाइक सुलतानपुर बस स्टेशन से गायब हो गई थी। जिसकी सूचना उन्होंने डायल 112 को देने के साथ थाने पर तहरीर दी थी। नगर कोतवाल ने बताया कि मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एसपी ने की शक्ति मोबाईल शाखा की समीक्षा, दिए निर्देश

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने मंगलवार को शक्ति मोबाईल शाखा की साप्ताहिक समीक्षा की। समीक्षा के दौरान एसपी ने शाखा की कार्यप्रणाली, दस्तावेजों के रखरखाव का भी जायजा लिया । इस पी द्वारा द्वारा शाखा के कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए ।

### मंदिर-मस्जिद विवाद में डिप्टी सीएम से मिले पुजारी



पुजारी की समस्या सुनते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के बालमपुर गांव में चल रहे मंदिर-मस्जिद विवाद ने अब गंभीर मोड़ ले लिया है। मंदिर के पुजारी पारसनाथ मिश्रा ने आरोप लगाया है कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में है। पुजारी ने इस संबंध में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिलकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। विवाद की शुरुआत मंदिर के लाउडस्पीकर को लेकर हुई थी, जिस पर विशेष समुदाय ने आपत्ति जताई थी। इसके जवाब में हिंदू पक्ष ने मस्जिद के निर्माण को अवैध करार देते हुए शिकायत की थी। जांच में खुलासा हुआ कि मस्जिद का निर्माण ग्राम समाज की जमीन पर हो रहा था, जिस पर प्रशासन ने तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद मस्जिद कमेटी के कुछ लोग निर्माण कार्य जारी रखने का प्रयास कर रहे थे। बीते दिनों जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस टीम के साथ दुर्व्यवहार और हमला किया गया। अतिरिक्त बल पहुंचने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। देहात कोतवाली के दरोगा मनोज सिंह की तहरीर पर पांच नामजद और कई अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने की अपील

संवाददाता, गोरखपुर

● सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी: एसपी नार्थ

**अमृत विचार**।आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर एनेक्सी सभागार में पीस कमेटी की एक अहम बैठक एडीएम सिटी के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर के मुस्लिम धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बकरीद पर किसी भी स्थिति में सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न की जाए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के बाद बचा हुआ अवशेष इधर-उधर न फेंका जाए, बल्कि नगर निगम और नगर पंचायत द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही निस्तारण किया जाए। एडीएम ने सभी से गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी धर्म या समुदाय की भावनाओं को ठेस न पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।इसके अलावा, एडीएम सिटी ने लाउडस्पीकर को लेकर भी सख्ती दिखाई और निर्देश दिए कि मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की आवाज 65 डेसिबल से अधिक न हो। उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर चलाने से पहले नियमानुसार अनुमति लेना अनिवार्य है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान अफवाह फैलाने या भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साइबर सेल को एक्टिव मोड में रखा जाएगा और किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट पर तुरंत संज्ञान लिया जाएगा। एसपी ट्रैफिक संजय कुमार ने बताया कि बकरीद के दिन शहर और गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से गश्त पर रहेंगे। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।


पीस कमेटी की बैठक करते अधिकारी। अमृत विचार

उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस मौके पर उपस्थित मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी प्रशासन को आश्वस्त किया कि त्योहार को शांति और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए कानून व्यवस्था का ध्यान रखें। बैठक में प्रमुख रूप से एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक संजय कुमार पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक अपराध सुधीर जायसवाल सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव एसीएम केसरी नंदन त्रिपाठी एसडीएम सदर रोहित मौर्य जिला परियोजना अधिकारी संदीप सिंह क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार तिवारी क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ सहित नगर निगम व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने पीएचसी का निरीक्षण किया

**सिद्धार्थनगर , अमृत विचार**। जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नौगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया कि शेष कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कर ले। इसके अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण करे। माह जुलाई 2025 तक सभी कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि कमेटी गठित कर सत्यापन कराकर हैण्डओवर कराये। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन लाइब्रेरी कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था के अधिकारी को 15 जून तक समस्त कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

# राष्ट्रपति करेंगी प्रदेश के पहले आयुष विवि का लोकार्पण

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का साकार रूप है गोरखपुर में बना विश्वविद्यालय

संवाददादाता, गोरखपुर


आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर। अमृत विचार

**अमृत विचार**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में नॉलेज सिटी बन रहे गोरखपुर में एक नए शैक्षिक इतिहास का सृजन होने जा रहा है। यह इतिहास गोरखपुर में सीएम योगी के विजन से बने प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण के साथ रचा जाएगा। इसका लोकार्पण 30 जून को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों संभावित है। यह गोरखपुर का चौथा विश्वविद्यालय होगा और साथ ही यहां का पहला ऐसा विश्वविद्यालय जिसकी नींव भी राष्ट्रपति ने रखी और अब लोकार्पण भी राष्ट्रपति के हाथों होगा। दोनों आयोजनों में राष्ट्रपति को गोरखपुर बुलाने का श्रेय योगी आदित्यनाथ के नाम होगा। महायोगी गुरु गोरखनाथ के नाम बने आयुष विश्वविद्यालय का शिलान्यास तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था जबकि लोकार्पण वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु करेंगी।

प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर जिले के भटहट क्षेत्र के पिपरी में 52 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इसकी स्वीकृत लागत 267.50 करोड़ रुपये है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है और इसका शिलान्यास 28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। मुख्यमंत्री के बुलावे पर आगामी 30 जून को इसका लोकार्पण राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथों संभावित है। सोमवार को जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के साथ महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण करने के बाद कमिश्नर अनिल ढींगरा ने बताया कि वर्तमान समय में आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य 95 प्रतिशत से अधिक पूरा हो गया है। फैसिलिटी सेंटर, कुलपति आवास, अलग-अलग प्रकार के स्टाफ आवास पूर्ण रूपेण तैयार हैं। जबकि एकेडमिक और हॉस्पिटल ब्लॉक में सिर्फ कतिपय फिनिशिंग और बालक-बालिका छात्रावास में फाइनल कोट पेंटिंग से जुड़े कार्य शेष हैं। इन्हें भी अधिकतम अगले दस दिन में पूरा करने की हिदायत कार्यदायी संस्था को दी गई है।

**कवायद**

- तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था विश्वविद्यालय का शिलान्यास
- लोकार्पण के लिए 30 जून की तिथि संभावित, तैयारियों में जुटा प्रशासनिक अमला
- भटहट के पिपरी में 52 एकड़ में बना है विश्वविद्यालय, 267.50 करोड़ है लागत

आयुष विधा के एकीकृत नियमन का माध्यम बना आयुष विश्वविद्यालयः प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने से पहले आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्धा की चिकित्सा पद्धति, जिन्हें समन्वित रूप में आयुष कहा जाता है, के नियमन के लिए अलग-अलग संस्थाएं कार्यरत रहीं। पर, राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय के अस्तित्व में आने के बाद प्रदेश के सभी राजकीय और निजी आयुष कॉलेजों का नियमन अब इसी विश्वविद्यालय से ही होता है। वर्तमान सत्र में प्रदेश के करीब सौ आयुष शिक्षण (आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी) के कॉलेज/संस्थान इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं।

### टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा, बढेंगे रोजगार के अवसर

आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने से आयुष हेल्थ टूरिज्म में रोजगार की संभावनाएं भी सृजित होंगी। इस पर गंभीरता से काम किया गया तो प्रदेश के इस पहले आयुष विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के लोगों को रोजगार के किसी न किसी स्वरूप से जोड़ा जा सकता है। आयुष विश्वविद्यालय के पूर्णत: क्रियाशील होने से किसानों की खुशहाली और नौजवानों के लिए नौकरी-रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा। लोग आसपास उगने वाली जड़ी बूटियों का संग्रह कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। किसानों को औषधीय खेती से ज्यादा फायदा मिलेगा। आयुष विश्वविद्यालय व्यापक पैमाने पर रोजगार और सकारात्मक परिवर्तन का कारक बन सकता है।

### अगले दौरे पर निरीक्षण कर सकते हैं मुख्यमंत्री

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का जीवंत रूप है। इसका शिलान्यास उन्होंने राष्ट्रपति से कराया तो अब लोकार्पण भी देश के प्रथम नागरिक के हाथों कराने की तैयारी है। वह कई बार आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का जायजा ले चुके हैं। उम्मीद की जा रही है कि अगले गोरखपुर दौरे पर एक बार फिर आयुष विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर सकते हैं।

### ओपीडी में एक लाख से अधिक मरीज ले चुके हैं लाभ

आयुष विश्वविद्यालय में आयुष ओपीडी का शुभारंभ 15 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। तब से प्रतिदिन यहां आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी की ओपीडी में औसतन 300 मरीज परामर्श लेते हैं। ओपीडी शुभारंभ के बाद अब तक करीब एक लाख से अधिक लोग आयुष चिकित्सकों से परामर्श लाभ ले चुके हैं। जल्द ही यहां आयुष अस्पताल शुरू होने से आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथ योग, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति आदि से उपचार की बेहतरीन सुविधा भी उपलब्ध होने लगेगी।

# अंतिम क्षण तक राष्ट्र हित में लगे रहे रामरेखा यादव

संवाददाता, सिद्धार्थ नगर

**अमृत विचार**। लोकतंत्र रक्षक सेनानी पूर्व विधायक स्वर्गीय राम रेखा यादव की 12 वीं पुण्यतिथि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया। सदर विधायक श्याम धनी राही,भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान,जिला उपाध्याय दीपक मौर्य,श्याम सुंदर मित्तल,राम निवास यादव ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि राम रेखा यादव अपने जीवन के अंतिम क्षण तक हिंदुत्व, समाज के उत्थान व राष्ट्रहित में कार्य करते रहे।

जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कहा कि राम रेखा यादव के योगदान का कभी भुलाया नहीं जा सकता। सदर विधायक श्यामधनी राही ने आज पुण्यतिथि पर संकल्प ले कि उनके विचार को आगे बढ़ाएँ यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि राम रेखा सज्जन और सरल स्वभाव के थे। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रामनिवास यादव ने कहा कि गरीबो के हक की लड़ाई लड़ने वाले राम रेखा यादव के कार्यो को कभी भुलाया नही जा सकता। आयोजक स्व. राम रेखा यादव के सुपुत्र भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने कहा कि 1952 में हमारे पिता राम रेखा यादव संघ से जुड़े और समाज के लिए घर का परित्याग कर दिया। कार्यक्रम का संचालन राजेश यादव ने किया।श्रद्धांजलि सभा को जिला उपाध्यक्ष,दीपक मौर्या,श्याम सुंदर मित्तल, विश्वनाथ चौधरी, दयाराम यादव आदि ने संबोधित किया। इस दौरान अरविंद उपाध्याय, दयाराम यादव, अनिल यादव, राजेन्द्र यादव, श्याम सुंदर मित्तल, एडवोकेट अनुज यादव, विनोद जायसवाल, लाल जी जायसवाल, कमलेश जायसवाल, रामशंकर उमर वैश्य, मिथलेस जायसवाल, शैलेंद्र मिश्रा, इनल यादव, विश्वनाथ चौधरी, हरिशंकर तिवारी, राम सिंह, प्रहलाद यादव, नंदकिशोर गुप्ता, प्रभुदयाल यादव, राम प्रसाद चौरसिया, राम भरोस, हंसराज , सुनील रामदयाल रहे।

## पूर्वोत्तर रेलवे को स्क्रैप निस्तारण में 29.65 करोड़ की आय

**गोरखपुर, अमृत विचार**। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन स्क्रैप निस्तारण के क्षेत्र में निरन्तर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहा है। स्क्रैप निस्तारण से रेल राजस्व की प्राप्ति के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों को नई गति मिली है। स्क्रैप निस्तारण के परिणामस्वरूप रेल परिसर एवं रेल लाइनों के किनारे पड़ी निराकृत सामग्रियों के निस्तारण से यह स्थल स्वच्छ एवं साफ-सुथरे हो रहे हैं। वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में माह मई, 2025 में 'मिशन ज़ीरो स्क्रैप' के तहत स्क्रैप निस्तारण से रू. 29.65 करोड़ की आय हुई है। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत रेल परिसरों तथा रेल पटरियों के किनारे पड़े हुये अवांछित एवं निष्प्रयोज्य सामग्री, परित्यक्त इमारतों एवं आवासों की पहचान कर निस्तारण किया गया है, जिससे रेल राजस्व प्राप्त होने के साथ ही रेल परिसर तथा रेल पटरियों को स्वच्छ रखने में भी सफलता मिली है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# बकरीद पर चिह्नित स्थानों पर ही अवशेषों का निस्तारण कराया जाए: मंडलायुक्त

संवाददाता कुशीनगर



समीक्षा बैठक में मौजूद मंडलायुक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक शिवासिम्पी चन्नप्पा की अध्यक्षता में कुशीनगर पुलिस लाइन सभागार मंर सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यों, राजस्व तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया गया कि त्यौहार के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। सभी स्थानों पर साफ सफाई स्वच्छ पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ साथ अवशेषों के डिस्पोजल पर भी पैनी निगाह रखे और चिन्हित स्थानों पर ही अवशेषों का निस्तारण कराये।

निर्देशित किया कि पीस कमेटी की बैठकों में रिटायर्ड सेना के जवानों, रिटायर्ड संभ्रांत व्यक्तियों सहित प्राचार्यों विद्यालयों के तथा अन्य सम्भान्त व्यक्तियों को भी बुलाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि बर्ड फ्लू पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी विशेष सतर्कता बरतें। अगर कहीं भी इस तरह के प्रकरण आते है तो त्वरित कार्यवाही भी करें। उन्होने सभी कार्यालयों एवं थानों पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुनने, सौम्य व्यवहार करने तथा शिकायतों का समाधान अविलम्ब करने एवं महिला अपराधों पर अंकुश लगाने तथा महिलाओं की सुरक्षा व सहायता पर विशेष ध्यान देने, मिशन शक्ति रोमियो स्क्वाड को सक्रिय करने, सभी मुख्य बाजार,मार्गों, चैराहों एवं हाइवे पर रात्रि गश्त एवं प्रभावी चेकिंग करने, ट्रैफिक नियमों का अनुपालन कराने, सोशल मीडिया पर भ्रामक व गलत संदेश व सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने, यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने तथा थानों पर महिला हेल्पडेस्क, डॉयल 1090, 112, 108 इत्यादि से जनता को लगातार जागरूक करते हुए प्राप्त निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई करने के सम्बन्ध में समस्त राजपत्रित अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं समस्त संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। विद्युत आपूर्ति की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि ट्रांसफार्मर बदलने की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करें, विद्युत से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करें, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अगर कहीं आंधी तूफान से लाइट खराब हो तो उसे ठीक कराएँ।

## आदर्श पार्क के रूप में विकसित होगा आजाद पार्क

**सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार**। नवनिर्मित शीतल गंज स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद के नाम से निर्मितआजाद पार्क को आदर्श पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा जिसमें बच्चों बुजुर्गों और नौजवानों के सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा उक्त बातें पूर्व नपा अध्यक्ष वर्तमान प्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी ने मंगलवार को आजाद पार्क व पोखरे के सुंदरीकरण में हो रहे कार्यों का ज्यादा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कहीं किसी प्रकार की कोई कमी ना रहने पाए बांसी का सबसे बेहतर पार्क इसे बनाया जाना है।

# प्रमोद पांडेय अध्यक्ष और चंद्र मिश्र महामंत्री निर्वाचित

संवाददाता, गोरखपुर

**बार एसोसिएशन चुनाव**

● 670 मतदाताओं में 616 ने किया मताधिकार का प्रयोग

**अमृत विचार**। जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन कार्यकारिणी के चुनाव में प्रमोद कुमार पांडेय 291 मत पाकर अध्यक्ष और चंद्र प्रकाश मिश्र 162 मत पाकर महामंत्री निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव में 670 मतदाताओं में से 616 ने मताधिकार का प्रयोग किया। परिणामों की घोषणा करते हुए एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन राधेश्याम शुक्ल, सदस्य शिवरतन भारती एवं रत्नेश्वर शुक्ल ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। अध्यक्ष पद पर कुल छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, जिसमें से प्रमोद पांडेय के निकटतम प्रतिद्वंदी महेंद्र प्रताप सिंह को 159 मत प्राप्त हुए। मंत्री पद पर आठ प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जिसमें से चंद्र प्रकाश मिश्र के निकटतम प्रतिद्वंदी हरि शंकर पांडेय को 133 मत प्राप्त हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संजय चौरसिया 182 मत प्राप्त हुए, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी वशिष्ठ मिश्र को 171 मत मिले।

कोषाध्यक्ष पद पर उपेंद्र धर दूबे 271 मत पाकर विजयी घोषित किए गए, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी अंबरीश राय को 183 मत मिले। शेष पदों के लिए गणना मंगलवार को 12 बजे से शुरू होगी। इससे पहले चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं ने अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए अंतिम दौर तक पर्ची बांटे और वोट मांगे। चुनाव कराने में कार्यालय अधीक्षक वेद प्रकाश दूबे एवं चुनाव समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य मधुसूदन त्रिपाठी, जिला अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामाश्रय त्रिपाठी, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, गया नारायण लाल श्रीवास्तव, मुन्नी लाल यादव, रविन्द्र श्रीवास्तव, योगेन्द्र मिश्र बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट के अध्यक्ष भानु प्रताप पांडेय, मंत्री गिरिजेश मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता हरि प्रकाश मिश्र, बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव, अशोक नारायण धर दूबे, अभिमन्यु पांडेय, मनोज गुप्ता, सत्येंद्र तिवारी, तृप्ति मिश्रा, गीता गुप्ता, रत्नाभ पति त्रिपाठी, मनोज पांडेय, उमापति उपाध्याय, अभिनव श्रीवास्तव, जितेंद्र धर दूबे, धीरेन्द्र द्विवेदी ने विजयी पदाधिकारियों को बधाई दी। प्रमोद कुमार पांडेय, अध्यक्ष अधिवक्ताओं के हित के लिए निरंतर कार्य करूंगा। अधिवक्ता कल्याण निधि के धन का समुचित सदुपयोग होगा एवं सरकार से अनुदान लाकर अधिवक्ताओं के समग्र विकास का कार्य किया जाएगा। चंद्र प्रकाश मिश्र, मंत्री ने कहा कि अधिवक्ता हितों के लिए निरंतर संघर्षरत रहूंगा। उनके अधिकार और सम्मान की लड़ाई मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

### पत्रकार हित मे कार्य करता है ग्रापए: शैलेश उपाध्याय

कुशीनगर अमृत विचार : मंगलवार को मोतीचक ब्लाक मुख्यालय के सभागार में ग्रामीण पत्रकार एसोसियशन ब्लाक इकाई मोतीचक के पत्रकारों का एक बैठक ब्लाक प्रभारी मोतीचक गौतम मुनि तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक मे संगठन के प्रान्तीय सम्मेलन एवं तहसील मुख्यालय हाटा में पत्रकार सम्मान समारोह जून माह में कराने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि ग्रापए प्रदेश की सबसे बड़ा संगठन है। यह संगठन हमेशा पत्रकारों के हित के लिए कार्य करता है। ग्रामीण पत्रकारों की आवाज अब देश के कोने कोने तक पहुंचेगी।

## सार-संक्षेप

### डीएम ने की बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा


बैठक लेते जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर।

**सिद्धार्थ नगर अमृत विचार**। जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक सिद्धार्थ सभागार में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूल फेज वन एवं फेज टू में गैप्स के पैरामीटर की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूलों में एमडीएम सेड, टाइलिंग, छत मरम्मत, बाउंड्री वॉल आदि का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण न होने पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पीएम श्री स्कूल में फर्नीचर के लिए स्टीमेट तैयार कराकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। स्कूल चलो अभियान 2025- 26 के अंतर्गत कुल 26628 नवीन नामांकन हुआ है। जिलाधिकारी ने नामांकन में प्रगति लाने का निर्देश दिया। साथ ही कोई भी आउट ऑफ स्कूल बच्चा छूटने न पाए। संबंधित उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाएं। जिलाधिकारी ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारी को प्रतिदिन दो विद्यालयों के समर कैंप में शामिल होने एवं समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले बच्चों का डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा पीएम श्री स्कूलों में आवंटित बजट के सापेक्ष में की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जर्जर विद्यालयों को चिन्हित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार, वित्त एवं लेखा अधिकारी निलोत्तम चौबे, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई किया


जनसुनवाई करते एसपी सिद्धार्थ नगर।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार** ।पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं शिकायतों को सुना। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया ।कुल 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 02 भुमि विवाद व 01 मारपीट तथा शेष 18 अन्य से संबन्धित थें। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया ।

### विवाहिता ने फांसी लगा कर जान दी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार**। लोटन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़हरा टोला सिंघोरवा में नीलम यादव (25) ने मंगलवार को अपने घर में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सोनू यादव की शादी थाना कोतवाली कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर के ग्राम पिपरसन में नीलम यादव के साथ 2020 में हुई थी। उसके एक तीन साल का लड़का भी है। कुछ दिनों से दोनों में किसी बात को लेकर नहीं बन रही थी। इस पर नीलम दस दिन पहले बिना किसी को बतायें रात में घर से चली गई। कोई पता न चलने पर पति सोनू यादव ने कोतवाली लोटन में 25 मई को गुमशुदगी की तहरीर देकर रिपोर्ट लिखाई। बाद में पता चला कि नीलम परसा महापात्र में है। उसकी मौसी ने सोनू यादव व गांव के कुछ लोगो को अपने वहां बुला कर दोनों में सुलह -समझौता करा कर 2 जून को सिंघोरवा भेजवा दिया। मंगलवार को घर सूना पाकर नीलम ने फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

गोरखपुर, अमृत विचार ।रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 07651/07652 जालना-छपरा-जालना विशेष गाड़ी में अतिरिक्त कोच लगाये जाने के फलस्वरूप 07651/07652 जालना-छपरा-जालना विशेष गाड़ी में जालना से 04 जून,2025 से तथा छपरा से 06 जून,2025 से संशोधित रेक संरचना के अनुसार वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 13, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 24 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### खुद की पानी की बोतलों के प्रति किया जागरूक

**गोरखपुर, अमृत विचार**। पूर्वोत्तर रेलवे पर विश्व पर्यावरण दिवस के अन्तर्गत मंगलवार को मुख्य रूप से ''जल संरक्षण में यात्रियों की भागीदारी'' पर ध्यान केन्द्रित करते हुये स्टेशनों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस हेतु यात्री उद्घोषणा प्रणाली से निरन्तर उद्घोषणा करते हुये यात्री जनता को जल संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। स्टेशनों पर रेलकर्मियों एवं यात्री जनता को प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में बताते हुये स्वयं की पानी की बोतलों का उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया। रेलकर्मियों एवं यात्रियों को जागरूक करने हेतु जल संचयन व प्लास्टिक एवं जल प्रदूषण पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी को वर्षा जल संचयन तथा जल पुनर्चक्रण के बारे में बताया गया। अभियान के दौरान रेलवे पर जल संचयन एवं पुनर्चक्रण प्रणाली का रख-रखाव किया गया तथा रेलवे स्टेशनों के पास जल निकायों की सफाई एवं उनका पुनरूद्धार किया गया। रेलवे पर किये जा रहे इन सभी कार्यों की मानीटरिंग रेलवे अधिकारियों द्वारा की गयी।

### कसया बस स्टेशन पर शिशु आहार कक्ष का शुभारंभ

कुशीनगर अमृत विचार : रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा माताओं और शिशुओं की गरिमा, सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए कसया स्थित रोडवेज बस स्टेशन परिसर में स्थापित शिशु आहार कक्ष का लोकार्पण हुआ। केंद्र का उद्घाटन उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक लव कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने बताया कि यह शिशु आहार कक्ष माँ और शिशु दोनों के सम्मान, सुरक्षा और सुविधा के उद्देश्य से स्थापित किया गया है ।यह एक आवश्यक और मानवतावादी पहल है।

### सद्कर्म से मोक्ष की प्राप्ति संभव: पं बिरेन्द्र तिवारी

कुशीनगर अमृत विचार :कसया क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौली राजा शिव मंदिर परिसर में चल रहे श्रीराम महायज्ञ के तिसरे दिन मंगलवार को कथावाचक पं बिरेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि सद्कर्म से मोक्ष की प्राप्ति संभव है। इसी से प्रभु की भक्ति व दिव्यता प्राप्त की जा सकती है ।मुख्य अतिथि अभिषेक पाण्डेय उर्फ मोनू पालू पांडेय,ग्राम प्रधान अजय जायसवाल सहित अन्य लोगों द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, राजेश जायसवाल, उपेंद्र मिश्र, अशोक पटेल, अजय जायसवाल, दिनेश मौजूद रहे।

### पुलिस ने 5 करोड़ रुपये की सम्पत्ति की बरामदगी


प्रेस वार्ता के दौरान अधिकारीगण›

कुशीनगर अमृत विचार : थाना खड्डा, साइबर सेल व स्वाट टीम द्वारा संयुक्त रूप से संगठित साइबर गैंग का पर्दाफाश करते हुए अपराध से अर्जित अनुमानित लगभग 05 करोड़ रुपये की सम्पत्ति, वाहन, कैश इत्यादि की बरामदगी करते हुए लगभग 20 लाख रुपये से अधिक आभूषण, करोड़ों के जमीन के कागजात, क्रेप्टो करेंसी, दुकान के कागज, 02 स्कार्पियों,भारी मात्रा में सिम नेपाली व भारतीय, कूटरचित दस्तावेज के साथ 04 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन व पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी खड्डा उमेश चन्द्र भट्ट के नेतृत्व में साइबर अपराधों के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना खड्डा पुलिस, स्वाट व साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा थाना खड्डा क्षेत्र से 04 संगठित साइबर गिरोह के अपराधियों रंजीत उर्फ अविनाश यादव पुत्र विरेन्द्र यादव निवासी तुर्कहा थाना खड्डा जनपद कुशीनगर, विवेक यादव पुत्र कमला यादव ग्राम तुर्कहा थाना खड्डा जनपद कुशीनगर, अमित पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी मथौली बाजार थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर व विनोद यादव पुत्र कमला यादव निवासी तुर्कहा थाना खड्डा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई ।अभियुक्तों द्वारा साइबर अपराध से अर्जित धन से बनाये गये सम्पत्ति को कुर्क कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,737.51 | 24,542.50 |
| गिरावट | 636.24 | 174.10 |
| प्रतिशत में | 0.78 | 0.70 |

## एक नजर

### पीएनबी ने शिक्षा ऋण पर ब्याज दर 0.2% घटाई

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक ने विद्या लक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण पर ब्याज दर में 0.2 प्रतिशत की मंगलवार को कटौती की। बैंक ने बयान में कहा कि यह पहल शिक्षा की सुलभता बढ़ाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इसमें कहा गया, यह पहल उन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है जो समूचे भारत में 860 चिन्हित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों में मेरिट के आधार पर प्रवेश प्राप्त करते हैं।

### भारत में कर व्यवस्था को और भरोसेमंद बनाएं

**नई दिल्ली।** वैश्विक विमानन कंपनियों के समूह आईएटीए ने कहा कि भारत की कर प्रणाली को और भरोसेमंद बनाने की जरूरत है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइन कंपनियां अपने बेड़े और नेटवर्क का विस्तार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि भारत के विमानन बाजार में वृद्धि दर चीन से अधिक होगी।

# जवाबी शुल्क पर दोहरी रणनीति अपनाएं

## नीति आयोग ने एक रिपोर्ट में अमेरिकी शुल्क के संबंध में भारत को दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● अमेरिका से आयातित गैर संवेदनशील कृषि वस्तुओं पर उच्च शुल्क कम करने का सुझाव

अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाए जाने के बाद भारत को दोहरी नीति अपनानी चाहिए। इसके तहत अमेरिका से आयातित गैरसंवेदनशील कृषि वस्तुओं पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने के साथ घरेलू आपूर्ति में कमी को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से रियायतें भी देनी चाहिए। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट यह कहा है।

आयोग ने 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के कृषि क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अत्यधिक अस्थिरता की स्थिति से निपटने को लेकर उत्पादकों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसमें कहा गया, अब दोहरी नीति अपनाना आवश्यक है। अल्पावधि में भारत को गैर-संवेदनशील आयात पर चुनिंदा रूप से उच्च शुल्क कम करने और पॉल्ट्री जैसे कमजोर माने जाने वाले क्षेत्रों पर गैर-शुल्क रक्षोपाय कदमों पर बातचीत करने पर विचार करना चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार जनवरी, 2025 में डोनाल्ड ट्रंप के फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिकी निर्यात पर 'जवाबी शुल्क' की अचानक घोषणा और बाजार में पहुंच बढ़ाने से दुनियाभर में खासकर अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों को झटका लगा। भारत जहां घरेलू आपूर्ति में अंतर है, उसमें रणनीतिक रूप से रियायतें दे सकता है। इनमें खाद्य तेल और बादाम, अखरोट आदि शामिल हैं।

भारत खाद्य तेल का सबसे बड़ा आयातक है और अमेरिका के पास सोयाबीन का बहुत बड़ा निर्यात अधिशेष है, जो जीन संवर्धित है। ऐसे में भारत अमेरिका को सोयाबीन तेल के आयात में कुछ रियायत दे सकता है ताकि उस देश में मांग पूरी की जा सके और घरेलू उत्पादन को नुकसान पहुंचाए बिना व्यापार असंतुलन को कम किया जा सके।

### अमेरिका से व्यापार समझौते पर सहमति की उम्मीद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच निकट भविष्य में व्यापार समझौते होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते के प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है। लुटनिक ने सोमवार को यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में अपने मुख्य भाषण में कहा कि जब दोनों ओर से सही लोग वार्ता के सामने आते है तो लगता है कि यह दोनों के लिए उचित होता है। उन्होंने कहा, आप निकट भविष्य में अमेरिका और भारत के बीच एक समझौते की उम्मीद कर सकते हैं। देशों के बीच समझौते के ऐसे प्रारूप को लेकर सहमति बन गई है जो दोनों के लिए हितकारी है।

## पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर का पैकेज

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी है। यह राशि राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में सुधार के लिए दी जा रही है।

वित्त मंत्री के सलाहकार खुर्रम शहजाद ने सोशल मीडिया पर एक संक्षिप्त बयान में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि कुल राशि में 30 करोड़ डॉलर का नीति-आधारित ऋण और 50 करोड़ डॉलर की कार्यक्रम-आधारित गारंटी शामिल है। उन्होंने कहा, एडीबी ने संसाधन जुटाने के सुधार कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्त पोषण पैकेज को मंजूरी दी है। पाकिस्तान के लिए एडीबी की क्षेत्रीय निदेशक एम्मा फैन ने कहा, पाकिस्तान ने वृहद आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

# मेकमाईट्रिप ने शुरू की सीट उपलब्धता पूर्वानुमान सेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● मिलेगी जानकारी कब तक उपलब्ध रहेगा टिकट, समय पर बुकिंग करा सकेंगे रेलयात्री

यात्रा बुकिंग मंच मेकमाईट्रिप ने ट्रेनों में सीट उपलब्धता की जानकारी देने की सेवा शुरू की। इससे यात्रियों को किसी ट्रेन की टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी, यह जानकारी मिलेगी ताकि वे समय पर अपनी टिकट बुक करा लें।

गुरुग्राम स्थित कंपनी ने सोमवार को यह सेवा पेश की। बयान के अनुसार, भारत में आरक्षित रेल टिकट की बुकिंग प्रस्थान तिथि से 60 दिन पहले शुरू होती है। हालांकि, अधिकतर यात्री अपनी योजना को प्रस्थान तिथि के बहुत करीब आने पर ही अंतिम रूप देते हैं।

अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध कंपनी ने कहा, सप्ताह-दर-सप्ताह मांग में काफी बदलाव होने के कारण कन्फर्म बुकिंग की अवधि बदलती रहती है। अप्रैल में अधिकतर हाई-स्पीड ट्रेन की टिकट प्रस्थान तिथि से करीब 13 दिन पहले ही बिक जाती हैं। मई तक बढ़ती मांग के कारण, वे आमतौर पर प्रस्थान से 20 दिन पहले ही बुक हो जाती हैं।

बयान में कहा गया कि इससे यात्रियों को यह पता होता है कि उन्हें कौन सी ट्रेन की टिकट लेनी है लेकिन वे इस बात का अंदाजा नहीं लगा पाते कि आखिर ये टिकट कब तक उपलब्ध रहेगी। इससे समय पर योजना बनाना कठिन हो जाता है। यह सेवा मेकमाईट्रिप ऐप और वेबसाइट दोनों पर उपलब्ध है।

# भारत बनाएगा पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत

**ओस्लो, एजेंसी**



● नार्वे की कंपनी से हुआ समझौता स्वदेश में ही होगा निर्माण

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में मंगलवार को यहां कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे की कंपनी कॉन्ग्सबर्ग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता किया जिससे भारत को अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत स्वदेश में बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

इस मौके पर सोनोवाल ने कहा, यह समझौता उम्मीद और प्रगति की एक किरण है, जो भारत की वैज्ञानिक उन्नति और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम सिर्फ एक पोत नहीं बना रहे, बल्कि नवाचार, खोज और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की एक विरासत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह समझौता भारत की वैज्ञानिक खोज, ध्रुवीय और समुद्री अनुसंधान में क्षमता वृद्धि और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में योगदान का संकल्प है।

उन्होंने कहा कि यह पोत अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों से लैस होगा, जिससे शोधकर्ता समुद्र की गहराई, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन और ग्रह के अतीत, वर्तमान और भविष्य की जानकारी जुटा सकेंगे। यह भारत की जहाज निर्माण क्षमताओं का प्रमाण होगा, जो 'मेक इन इंडिया' पहल को और आगे बढ़ाएगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को उनकी प्रतिबद्धता के लिए बधाई देते हुये कहा मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब यह ध्रुवीय अनुसंधान पोत रवाना होगा।

## भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात 10 माह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात मई में बढ़कर 10 महीने के उच्चस्तर 19.6 लाख बैरल प्रति दिन पर पहुंच गया है। वैश्विक बेंचमार्क कीमतों की तुलना में रूसी तेल पर लगातार मिलने वाली महत्वपूर्ण छूट इसकी मुख्य वजह रही। केप्लर के पोत परिवहन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है। यह विदेशों से करीब 51 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदता है जिससे रिफाइनरियों में पेट्रोल एवं डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। भारत का तेल आपूर्तिकर्ताओं में रूस की सबसे बड़ी 38 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है। वहीं इराक से भारत को प्रतिदिन 12 लाख बैरल कच्चा तेल मिलता है। इराक देश के लिए दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। सऊदी अरब ने 6,15,000 बैरल प्रति दिन का निर्यात किया, जबकि संयुक्त अरब अमीरात ने 4,90,000 बैरल प्रति दिन की आपूर्ति की।

# तीसरे दिन भी सेंसेक्स में 636 अंकों की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी**



● विदेशी निवेशकों की निकासी और चौतरफा बिकवाली ने किया प्रभावित

● अदाणी ग्रुप की 11 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में भी दर्ज की गई गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तीसरे दिन भी गिरावट जारी रही, जिससे सेंसेक्स 636 अंक और निफ्टी 174.10 अंक टूटकर नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली ने बाजार को काफी प्रभावित कर रखा है। घरेलू शेयर बाजार में तीसरे दिन ऊर्जा, वित्त और आईटी के शेयरों में बिकवाली देखने को मिली।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 636.24 अंक गिराकर 80,737.51 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 798.66 अंक तक टूटा था। एनएसई का निफ्टी 174.10 अंक टूटकर 24,542.50 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,266 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,731 शेयरों में तेजी रही। 147 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मिले-जुले वैश्विक संकेतों, वैश्विक स्तर पर तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के साथ अस्थिर मुद्रा बाजार के बीच घरेलू बाजार में गिरावट रही। आरबीआई के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में मुनाफावसूली हुई। उन्होंने कहा कि बेहतर आय वृद्धि और मूल्यांकन में कमी से मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बड़ी कंपनियों की तुलना में अपेक्षाकृत कम गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### लापता जवानों की तलाश के लिए छातेन पहुंची टीम

**गंगटोक।** छातेन में सेना के एक शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता हुए छह सैनिकों की तलाश के लिए मंगलवार को एनडीआरएफ के 23 कर्मियों का एक दल नार्थ सिक्किम के छातेन भेजा गया। एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ का दल सैटेलाइट फोन और आवश्यक आपातकालीन उपकरणों से लैस है। टीम को लेकर एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को पाकयोंग हवाई अड्डे से छातेन के लिए रवाना हुआ। छातेन में एक सैन्य शिविर के भूस्खलन की चपेट में आने के बाद तीन सैन्यकर्मियों की मौत हो गई और छह सैनिक लापता हो गए।

### कोरोना: पांच और की मौत सक्रिय मामले हुए 4026

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह बढ़कर 4026 तक पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से पांच और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 37 पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 2700 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 37 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 65 सक्रिय मामले सामने आए हैं।

### कन्नड भाषा पर टिप्पणी के लिए हासन को फटकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता कमल हासन को उनके हालिया विवादास्पद बयान (कन्नड़ भाषा तमिल से निकली है) को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस टिप्पणी ने कन्नड़ लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। कोर्ट ने हासन से पूछा कि क्या वह इतिहासकार या भाषाविद् हैं, जो ऐसा दावा कर रहे हैं। हासन की फिल्म ठग लाइफ के सहनिर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कहा कि हासन के माफी मांगने से मामला सुलझ जाएगा।

### क्षीर भवानी मेले में शामिल हुए कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में गंदेरबल जिले के तुलमुल्ला में मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित वार्षिक क्षीर भवानी मेले में शामिल होने के लिए एकत्र हुए। यह मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। पिछले साल 25,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस साल सुरक्षा चिंताओं के कारण भागीदारी प्रभावित हुई है, फिर भी काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे।

# संसद का विशेष सत्र बुलाएं प्रधानमंत्री

## पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए विपक्ष के 16 दलों ने प्रधानमंत्री मोदी से किया आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● सशस्त्र बलों को धन्यवाद अदा करने और आगे की रणनीति पर चर्चा करने की जताई मंशा

कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के 16 घटक दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम की घोषणा किए जाने से जुड़े मुद्दों चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नेताओं में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रमुख हैं।

मंगलवार को एक बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने संवाददाताओं से कहा, इंडिया गठबंधन के 16 राजनीतिक दलों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। पहलगाम आतंकवादी हमले तथा भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान, सभी विपक्षी दल हमारे सशस्त्र बलों और भारत सरकार के समर्थन में खड़े थे। जब अमेरिका ने संघर्षविराम की घोषणा की, तो हमने मांग की कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए ताकि सभी दल हमारे सशस्त्र बलों को धन्यवाद दे सकें तथा सरकार बिंदुवार अपनी बात रखे।

हुड्डा ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले से लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिका के संघर्ष विराम का एलान किए जाने तक पर विभिन्न विषयों पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। आतंकवाद को कैसे खत्म किया जाए, इस पर और अपनी आगे की रणनीति पर भी संसद में हमें चर्चा करनी चाहिए। अब जब भारत सरकार दुनिया के सामने अपने विचार रख रही है तो मुझे लगता है कि सरकार को संसद में भी ऐसा ही करना चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा, सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है, संसद जनता के प्रति उत्तरदायी है। इसलिए हम संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रहे हैं। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा, हम सरकार से जानना चाहते हैं कि किन देशों ने हमारा समर्थन किया।

### राहुल गांधी ने कहा- ट्रंप' के आगे नरेंदर सरेंडर

**भोपाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के आगे सरेंडर करने का तीखा आरोप लगाया। राहुल यहां प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरूआत करने आए थे। उन्होंने कहा, बीजेपी आरएसएस वालों को मैं अच्छी तरह जानता हूं। इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो, डरके भाग जाते हैं ये लोग। जैसे उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा मोदी जी, क्या कर रहे हो... 'नरेंद्र सरेंडर'। और जी हुजूर करके, नरेंद्र मोदी जी ने, ट्रंप के इशारे का पालन किया। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी सरकार ने कांग्रेस के दबाव में जातिगत आधार पर जनगणना का फैसला लिया है, लेकिन वे खानापूर्ति करना चाहते हैं।

### महबूबा ने कहा- पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री तथा पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना कश्मीर अधूरा है और किसी भी राजनीतिक प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उन्हें अहम भूमिका निभानी होगी। महबूबा ज्येष्ठ अष्टमी के अवसर पर कश्मीरी पंडितों के समुदाय को बधाई देने गंदेरबल जिले के तुलमुला गई थीं। गंदेरबल में उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पंडितों बिना अधूरा है। पीडीपी का मानना है कि जम्मू-कश्मीर मुद्दे को बंदूकों से नहीं सुलझाया जा सकता। इसका कोई सैन्य समाधान नहीं है और आतंकवादियों की बंदूक भी इसका समाधान नहीं है। इसके लिए राजनीतिक प्रक्रिया होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक कश्मीरी पंडित भाई-बहन कश्मीर में वापस नहीं लौटते, तब तक राजनीतिक प्रक्रिया संभव नहीं है।

# भगवंत मान के विवादित बयान पर भाजपा ने जताई आपत्ति

**चंडीगढ़, एजेंसी**

● पंजाब के सीएम ने कहा- क्या मोदी के नाम का सिंदूर लगाएंगी महिलाएं

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने घर-घर सिंदूर भेजने की भाजपा की कथित योजना को लेकर मंगलवार को विवादित टिप्पणी की। मान ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा की घर-घर सिंदूर बांटने की कथित योजना पर पूछे गए सवाल पर कहा, क्या यह वन नेशन, वन हसबैंड योजना है।

उन्होंने कहा, भाजपा ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर वोट मांग रही है। इन लोगों ने 'सिंदूर' को मजाक में बदल दिया है। वे हर घर में सिंदूर भेज रहे हैं। क्या अब आप मोदी के नाम का 'सिंदूर' लगाएगे। पिछले दिनों मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि पाकिस्तान के आतंकवादियों के खिलाफ सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के मद्देनजर भाजपा घर-घर सिंदूर भिजवाएगी, हालांकि भाजपा ऐसा कोई कार्यक्रम चलाने का पहले ही खंडन कर चुकी है।

मान की टिप्पणी की भाजपा नेता एवं हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री पहले कॉमेडियन भी रहे हैं और राजनीति में भी ये कॉमेडी करना चाहते हैं।

### भविष्य के जांबाज



राष्ट्रीय एकता यात्रा के तहत द्रास (लद्दाख) के आर्मी गुडविल स्कूल छात्रों का एक समूह मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिला। राष्ट्रपति ने बातचीत के दौरान उनसे भविष्य के इरादों के बारे में पूछा। एजेंसी

## पंजाब: गुरुद्वारे में एसी कंप्रेसर फटने से महिला की मौत

**रूपनगर (पंजाब)।** रूपनगर में सतलुज नदी के किनारे एक गुरुद्वारे में मंगलवार को एसी का कंप्रेसर फटने से एक महिला की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। यह घटना एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट का कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। विस्फोट के बाद गुरुद्वारे में मौजूद लोग भागने लगे। घायलों में ज्यादातर महिलाएं हैं, जो एसी के पास बैठी थीं। कुछ लोग इसके बाद हुई भगदड़ में घायल हो गए। मृत महिला की पहचान रूपनगर के हरगोबिंद नगर निवासी कश्मीर कौर के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर में रेफर कर दिया गया है।

# पॉक्सो मामले के आरोपी को सामुदायिक सेवा करने का दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) मामले के एक आरोपी को सरकारी अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने और युद्ध हताहत सेना कल्याण कोष में 50,000 रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने एक नाबालिग स्कूली छात्रा को पैसे की मांग पूरी न करने पर उसकी निजी तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी देने वाले आरोपी के आचरण को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस तरह का व्यवहार डिजिटल मंच के घोर दुरुपयोग और सहमति और निजी गरिमा के प्रति चिंताजनक अनादर को दर्शाता है। अदालत ने कहा कि आरोप निस्संदेह गंभीर हैं, जिसमें एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न और शोषण के आरोप शामिल हैं, जो सोशल मीडिया युग के नकारात्मक पहलुओं का प्रतीक है।

# संसद के अगले सत्र में न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ लाया जाएगा महाभियोग प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● संसदीय कार्य मंत्री विभिन्न दलों के नेताओं से करेंगे बात

सरकार संसद के आगामी सत्र में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाएगी और कथित भ्रष्टाचार के मामले में आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ कार्रवाई के लिए सर्वदलीय सहमति बनाने का प्रयास करेगी।

सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू विभिन्न दलों के नेताओं से बात करेंगे ताकि उन्हें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की न्यायाधीश के खिलाफ सौंपी गई रिपोर्ट के बाद उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव के लिए राजी किया जा सके। इस वर्ष मार्च में राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, जिसके बाद कथित तौर पर जली हुई नकदी बरामद हुई। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे। न्यायाधीश वर्मा ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त समिति ने उन्हें दोषी ठहराया। विवाद के दौरान इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किए गए न्यायमूर्ति वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा।

## निर्वाचन आयोग देगा मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह अनुमानित मतदान प्रतिशत आंकड़ों पर समय पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक सुव्यवस्थित एवं प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली शुरू कर रहा है, जिससे पूर्व की पारंपरिक पद्धतियों से लगने वाला समय-अंतराल काफी कम हो जाएगा। इस पहल के तहत, प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी अब मतदान के दिन हर दो घंटे में नए ईसीआईएनईटी एप्लीकेशन पर मतदाता उपस्थिति दर्ज करेंगे, ताकि अनुमानित मतदान रुझानों को अद्यतन करने में लगने वाला समय कम किया जा सके। निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर इसे स्वचालित रूप से एकत्रित किया जाएगा। आयोग ने कहा कि अनुमानित मतदान प्रतिशत डेटा पहले की तरह हर दो घंटे में प्रकाशित होता रहेगा। विशेष रूप से, मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतदान केंद्र छोड़ने से पहले, मतदाता मतदान डेटा अब पीठासीन अधिकारी द्वारा ईसीआईएनईटी में दर्ज किया जाएगा।

# जी-7 में प्रधानमंत्री का न जाना एक और कूटनीतिक विफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● कांग्रेस ने किया दावा, कहा- पिछले छह सालों में पहली बार हो रहा है ऐसा

कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जी7 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेना भारत-पाकिस्तान के बीच अमेरिका को मध्यस्थता करने देने के बाद एक और कूटनीतिक विफलता है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों, ब्रिटेन, जापान, इटली और कनाडा के प्रधानमंत्रियों और जर्मनी के चांसलर का जी7 शिखर सम्मेलन 15 जून, 2025 से कनाडा के अल्बर्टा में हो रहा है। शिखर सम्मेलन में ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और यूक्रेन के राष्ट्रपति और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जी7 कई वर्षों तक जी8 था क्योंकि इसमें रूस भी शामिल था। डॉ. मनमोहन सिंह को जी8 शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया जाता था जहां उनकी आवाज सुनी जाती थी। उन्होंने कहा, भारतीय प्रधानमंत्रियों को आमंत्रित करने की परंपरा 2014 के बाद भी जारी रही। लेकिन अब 6 साल में पहली बार 'विश्वगुरु' कनाडा सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। भले ही बातों को घुमाने का प्रयास किए जाए, तथ्य यह है कि यह एक और बड़ी कूटनीतिक विफलता है।




**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 717 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 22 विकेट |
| 4. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

# पंजाब किंग्स ने आरसीबी को 190 रनों पर रोका

## विराट कोहली बड़ी पारी खेलने से चूके, अर्शदीप और जैमीसन ने 3-3 विकेट लेकर बेंगलुरु की पारी को समेटा

**अहमदाबाद, एजेंसी**





अर्शदीप सिंह और काइल जैमीसन के नेतृत्व में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल में मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को नौ विकेट पर 190 रन पर रोक दिया। आईपीएल में अब तक खिताब से वंचित आरसीबी के बल्लेबाज फाइनल में अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके।

चार बार फाइनल हार चुकी आरसीबी के लिये विराट कोहली भी 35 गेंद में 122. 85 की स्ट्राइक रेट से 43 रन बनाकर आउट हो गए। मैदान पर 'कोहली कोहली' और 'आरसीबी आरसीबी' के शोर के बीच विराट पहले की तरह पारी के सूत्रधार की भूमिका नहीं निभा सके। कोहली ने अपनी पारी में सिर्फ तीन चौके लगाए। पावरप्ले में आरसीबी का स्कोर एक विकेट पर 55 रन था लेकिन छठे से 11वें ओवर के बीच सिर्फ 42 रन बने। फिल साल्ट (16) ने पहले ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया लेकिन अगले ओवर में विकेट गंवा बैठे। मिडआन पर खड़े पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने दस कदम से अधिक पीछे की ओर लेते हुए जैमीसन की गेंद पर शानदार ऊंचा कैच लपका। साल्ट के आउट होने का आरसीबी की पारी पर बड़ा असर पड़ा क्योंकि मयंक अग्रवाल (24), रजत पाटीदार (26) और लियाम लिविंगस्टोन (25) अच्छी शुरूआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल पाये।

जैमीसन ने सटीक लैंग्थ और लाइन के साथ गेंदबाजी की और विविधता से बल्लेबाजों को उलझाये भी रखा। उन्होंने चार ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि अर्शदीप ने चार ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दूसरे ओवर में साल्ट को अय्यर के हाथों लपकवाने के बाद जैमीसन ने 11वें ओवर में शानदार यॉर्कर पर पाटीदार को पगबाधा आउट किया। जैमीसन के चौथे और पारी के 17वें ओवर में जितेश शर्मा ने दो और लिविंगस्टोन ने एक छक्का लगाकर कुल 23 रन बंटोरे। जितेश ने दस गेंद में दो चौकों और दो छक्कों के साथ 24 रन बनाए। जैमीसन ने फुलटॉस पर लिविंगस्टोन को पगबाधा आउट किया । पहले तीन ओवर में 37 रन देने के बाद भारत के स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप ने आखिरी ओवर में सिर्फ तीन रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने कृणाल पंड्या (चार), भुवनेश्वर कुमार (एक) और रोमारियो शेफर्ड (17) को आउट करके आरसीबी को 200 रन तक नहीं पहुंचने दिया।

### कोहली ने धवन का तोड़ा रिकॉर्ड

आईपीएल के इतिहास में विराट कोहली सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली ने पंजाब के खिलाफ फाइनल मैच में कुल तीन चौके लगाए। अब कोहली के नाम पर 771 चौके दर्ज हो गए हैं। कोहली ने अपनी इस पारी के दम पर शिखर धवन को पछाड़ते हुए उनका रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**190/9** (20 ओवर)

- फिल साल्ट का अय्यर बो जैमीसन 16
- विराट कोहली का और बो उमरजइ 43
- मयंक अग्रवाल का अर्शदीप बो चहल 24
- रजत पाटीदार पगबाधा बो जैमीसन 26
- लियाम लिविंगस्टोन पगबाधा बो जैमीसन 25
- जितेश शर्मा बो विशाख 24
- रोमारियो शेफर्ड पगबाधा बो अर्शदीप 17
- कृणाल पंड्या का अय्यर बो अर्शदीप 4
- भुवनेश्वर कुमार का आर्य बो अर्शदीप 1
- यश दयाल नाबाद 1

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-3, उमरजइ 4-0-35-1, विशाख 4-0-30-1, चहल 4-0-37-1

### ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर हुआ समापन समारोह

**अहमदाबाद।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑपरेशन सिंदूर के थीम पर आयोजित समापन समारोह के दौरान भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया गया। मशहूर गायक शंकर महादेवन ने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल छू लिया। महादेवन के बेटों शिवम और सिद्धार्थ ने भी परफॉर्म किया। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। क्लोजिंग सेरेमनी के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य को भी ऑडियो-विजुअल माध्यम से प्रदर्शित किया गया। महादेवन ने अपने बेटों के साथ मैं रहूं या न हूं, भारत ये रहना चाहिए। हां यही रास्त है तेरा, जैसे गीतों से समां बांधा। स्टेडियम में मौजूद दर्शक भी सुर से सुर मिलाते दिखे।

## खेल डायरी

### बेंगलुरु में 5 जुलाई से नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता

**बेंगलुरु।** भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब 5 जुलाई को आयोजित होगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। भारत में पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को होनी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है।

### विलियमसन ने फिर न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया

**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को फिर से अस्वीकार कर दिया है और उनका अगले महीने जिंबॉब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में खेलना संदिग्ध है। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध को स्वीकार नहीं किया था ताकि वह टी-20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र हो सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में न्यूज़ीलैंड ने जो 13 टेस्ट मैच खेले उनमें से नौ मैच में हिस्सा लिया और 1,000 से अधिक रन बनाए। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जिन 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची जारी की उसमें विलियमसन का नाम शामिल नहीं है। उनके अलावा डेवॉन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्यूसन भी इस सूची में नहीं है।

### इंग्लैंड-वेस्टइंडीज क्रिकेट मैच में ट्रैफिक जाम के कारण विलंब

**लंदन।** लंदन में ट्रैफिक जाम से इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच एक दिवसीय क्रिकेट मैच की शुरूआत में विलंब हो गया चूंकि दोनों टीमों की बसें जाम में फंस गई थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बस से उतरकर बाइक से स्टेडियम पहुंचने का फैसला किया। इंग्लैंड के खिलाड़ी मैच से पहले वार्मअप के लिए समय पर पहुंच गए, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बस में ही रहे और टॉस के निर्धारित समय से दस मिनट बाद पहुंचे। वेस्टइंडीज के कप्तान शाइ होप ने कहा कि हमें पैदल चलकर आना चाहिए था। ब्रिटेन की पीए समाचार एजेंसी के अनुसार वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का होटल ओवल से पांच किलोमीटर दूर था। टॉस 40 मिनट विलंब से हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।

### ऑस्ट्रेलिया अगले साल कर सकता है पाकिस्तान का दौरा

**कराची।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ ने अगले साल सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने पर सहमति जताई है। ग्रीनबर्ग ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अधिक दौरों के लिए पाकिस्तान जाने का इच्छुक है तथा दोनों देशों के बोर्ड के बीच चर्चा चल रही है। जब भी विंडो उपलब्ध हो, हम पाकिस्तान के साथ लाल और सफेद गेंद की शृंखला का कार्यक्रम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रीनबर्ग ने कहा कि 2022 में और फिर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के अनुभव के आधार पर वे चाहते हैं कि ज्यादा दौरे आयोजित किए जाएं।

### विंबलडन में चोटिल होने से नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस

**लंदन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने से इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। यह 30 वर्षीय आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है। उन्होंने मियामी ओपन के रूप में अपना अंतिम टूर्नामेंट खेला था, जहां उन्होंने लगभग ढाई साल में पहली बार कोई मैच जीता था। किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मेरी रिकवरी में छोटी सी बाधा आई है और दुर्भाग्य से मैं इस साल नहीं खेल पाऊंगा।

## थाईलैंड के खिलाफ गत दो जीत से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा भारत

**पथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी**

भारत बुधवार को जब अंतर्राष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा तो उसकी नजरें गत दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है। जकार्ता में 1962 के एशियाई खेलों में पहली बार इन दोनों टीम के बीच मुकाबला हुआ था। भारत ने उसमें 4-1 से जीत हासिल की थी। तब से लेकर अब तक दोनों टीमें 26 बार भिड़ चुकी हैं। भारत ने 7 जबकि थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी 7 ड्रॉ रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच 2019 में जो दो मैच खेले गए थे उन दोनों में भारत ने जीत हासिल की थी। भारत बुधवार को होने वाले मैच में इन जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। भारत ने थाईलैंड के खिलाफ अबू धाबी में 2019 एएफसी एशियाई कप में 4-1 से जीत हासिल की थी। इसके बाद उसने थाईलैंड को उसकी धरती पर किंग्स कप में 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था।

## एरिगैसी को हराकर दूसरे स्थान पर गुकेश



**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी**

**नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट**

- गुकेश की टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दूसरे दौर में मिली हार का लिया बदला

भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने कुछ विपरीत परिस्थितियों से गुजरने के बाद हमवतन अर्जुन एरिगैसी को पहली बार क्लासिकल बाजी में हराया, जिससे वह नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए। गुकेश की टूर्नामेंट में यह लगातार दूसरी जीत है। उन्होंने पिछले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया था।

इस 19 वर्ष के खिलाड़ी ने इस जीत से एरिगैसी से दूसरे दौर में मिली हार का बदला चुकता भी किया। गुकेश के अब 11.5 अंक हो गए हैं और उन्होंने नॉर्वे के गत चैंपियन कार्लसन को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना 12.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। उन्होंने चीन के वेई यी को हराया। कार्लसन एक अन्य अमेरिकी ग्रैंडमास्टर और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ आर्मागेडन में जीत के बाद 11 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 8.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

गुकेश से हार के बाद एरिगैसी 7.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि वेई यी 6.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में अभी तीन दौर की बाजियां खेली जाने बाकी हैं। महिला वर्ग में, यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी को हराया, जबकि भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली चीन की लेई टिंगजी से हार गई।

## सिंधु और सात्विक-चिराग की जोड़ी दूसरे दौर में

**इंडोनेशिया बैडमिंटन टूर्नामेंट**

- लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से हुए बाहर

**जकार्ता, एजेंसी**





दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्रीक्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए।

सिंधु ने महिला एकल में जापान की नोजोमी ओकुहारा को रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। अब राउंड 16 में उनका सामना थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्णपावी चोचुवोंग से होगा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, पहले दौर में जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मेरा हौसला बढ़ेगा। मैं पहले दौर में हारती रही हूं, इसलिए मैच जीतना मेरे लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण है। सेन को पुरुष एकल में चीन के शि यू क्यू से 11-21 22-20 15-21 से हार मिली। भारत के इस खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और बागास मौलाना को पहले दौर के मुकाबले में 18-21 21-18 21-14 से हराकर राउंड 16 में जगह बनाई। सिंधू और ओकुहारा के बीच गलतियों से भरा मैच रोमांचक रहा, जिसमें काफी गेम प्वाइंट और मैच प्वाइंट मिले। वहीं, सिंधू महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रही। अब उनका मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ महिला एकल मैच के बीच में ही रिटायर हो गईं। भारतीय खिलाड़ी जब 21-16 16-15 से आगे चल रही थीं तब वह कोर्ट पर फिसलने के कारण चोटिल हो गई और उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। अनुपमा उपाध्याय कोरिया की किम गा इयुन से सीधे गेम में 15-21, 9-21 से जबकि रक्षिता रामराज थाईलैंड की सुपानिडा से 21-14, 15-21, 12-21 से हार गईं।

## भारत की वजह से क्रिकेट की 100 साल बाद ओलंपिक में हुई वापसी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री सुनक ने इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक सदी के लंबे अंतराल के बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव से जोड़ा और साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की परिवर्तन लाने की काबिलियत की सराहना की। क्रिकेट को 1900 के बाद पहली बार लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 की स्पर्धाओं की सूची में शामिल किया गया है।

अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच फाइनल देखने पहुंचे सुनक ने कहा, यह 21वीं सदी में भारत के असर का संकेत है। भारत के जुनून, भारत के स्वाद का वैश्विक प्रभाव है। क्रिकेट की 100 साल में पहली बार ओलंपिक में वापसी क्यों हुई है? भारत की वजह से। सुनक ने आईपीएल से आए बदलावों पर कहा, आईपीएल ने क्रिकेट को बदल दिया है। महिला क्रिकेट के लिए भी यह बहुत बढ़िया रहा है क्योंकि महिला प्रीमियर लीग में काफी ज्यादा लड़कियां खेल रही हैं। उन्होंने आईपीएल के इंग्लैंड के क्रिकेट पर हुए असर पर जैकब बेथेल जैसे खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन का उदाहरण दिया। सुनक ने कहा, इंग्लैंड के खिलाड़ियों को देखिये जो इसमें खेल रहे हैं और वे बेहतर होते जा रहे हैं। मैं पिछले हफ्ते एजबेस्टन में इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज वनडे देख रहा था।

## सालुंखे से तीसरे चरण में उम्मीदें बढ़ीं

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी**

**तीरंदाजी विश्व कप**



पिछले महीने शंघाई विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को आकर्षित करने वाले पार्थ सालुंखे बुधवार को जब तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में भारत के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे तो उनकी कोशिश फिर से चमकदार प्रदर्शन करने की होगी। महाराष्ट्र के सतारा के 21 वर्षीय तीरंदाज ने शंघाई में दो बड़े नामों को हराकर तीरंदाजी की दुनिया को चौंका दिया था।

उन्होंने शुरुआती दौर में शूट-ऑफ में तुर्की के तोक्यो ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज और फिर क्वार्टर फाइनल में दो बार के ओलंपिक टीम स्वर्ण पदक विजेता दक्षिण कोरिया के किम जे-देओक को बिना सेट गंवाए हराकर उलटफेर किया था। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सालुंखे ने अपने दूसरे ही विश्व कप में कांस्य पदक जीत लिया, जिसमें उन्होंने प्लेऑफ में पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता फ्रांस के बापटिस्टे एडिस को मात दी। उनके लिए सबसे अलग चीज सिर्फ उनकी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि दक्षिण कोरियाई तीरंदाजों के खिलाफ उनका स्वभाव और परिपक्वता थी जिन्हें लंबे समय से इस खेल में भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। सेमीफाइनल में सर्वकालिक महान खिलाड़ी किम वूजिन के खिलाफ सालुंखे ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी कर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। लेकिन पांच सेटों के मुकाबले में निर्णायक सेट में उन्हें मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा। सालुंखे ने कहा, मेरा ध्यान सिर्फ पदक पर नहीं था बल्कि इस बात पर अधिक था कि मैंने जिसके लिए अभ्यास किया था, क्या मैं वह कर सकता हूं।

## बुब्लिक के बेहतर प्रदर्शन से ड्रेपर हारे

**पेरिस, एजेंसी**



कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक ने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी जैक ड्रेपर को शिकस्त दी। 23 वर्षीय जैक ड्रेपर पर सबसे कम रैंक वाले रूस के बुब्लिक ने 5-7, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इसी के साथ कजाकिस्तान के बुब्लिक ने टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टरफाइनल में बुब्लिक का सामना जैनिक सिनर से होगा।

मैच के बाद ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने कहा कि विश्व के 62वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक से मिली आश्चर्यजनक हार के बाद उन्हें फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का 'अवसर गंवाने' जैसा महसूस हो रहा है। ड्रेपर की हार ने एकल में ब्रिटेन के अभियान को समाप्त कर दिया है। एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क के टैलोन ग्रिक्सपूर के 6-4, 3-0 से पिछड़ने के दौरान उन्हें पेट में परेशानी से मैच से हटने से जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव ने आठ साल में सातवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व नंबर वन इटली के जैनिक सिनर ने 17वीं वरीयता प्राप्त रूस के एंड्री रूबलेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराया। अगले दौर में इटली के सिनर का अगला मुकाबला कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक से होगा।

### सेमीफाइनल में स्वियातेक व सबालेंका होंगी आमने-सामने


इगा स्वियातेक


एरिना सबालेंका

**पेरिस।** चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो पर लगातार 26वीं जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका से होगा। स्वियातेक ने स्वितोलिना को हराया। रोलां गैरो पर सबसे ज्यादा 29 जीत का रिकॉर्ड क्रिस एवर्ट के नाम है। सबालेंका ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किंवेन को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# बेयरबॉक चुनी गईं संरा महासभा अध्यक्ष

- रूस ने की गुप्त मतदान की मांग, 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया
- 167 वोट मिले, आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुप्त मतदान की रूस की मांग के बीच जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 193 सदस्यीय विश्व निकाय का अगला प्रमुख चुना। बेयरबॉक को 167 वोट मिले जो कि जीत के लिए आवश्यक 88 वोटों से लगभग दोगुने हैं जबकि उच्च पदस्थ जर्मन राजनयिक हेल्गा शिमड को लिखित रूप में सात वोट मिले वहीं 14 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया।

जर्मनी ने महासभा के अध्यक्ष पद के लिए शिमड को नामित किया था, लेकिन हाल में हुए चुनाव में देश के विदेश मामलों के प्रमुख के पद से बैरबॉक की हार के बाद उन्हें ही नामित किया। इस निर्णय की जर्मनी में आलोचना भी की गई थी। जब 15 मई को बेयरबॉक अपनी उम्मीदवारी पर चर्चा करने के लिए महासभा के समक्ष उपस्थित हुईं तो संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप राजदूत दिमित्री पोलियांस्की ने उन पर हमला बोलते हुए कहा था, बेयरबॉक ने बार-बार अपनी अक्षमता, अत्यधिक पूर्वाग्रह और कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों की समझ नहीं होना साबित किया है। सितंबर में 80वें सत्र की शुरुआत में बेयरबॉक कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमोन यांग की जगह लेंगी। वह सितंबर के अंत में दुनियाभर के नेताओं की वार्षिक सभा और संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के वर्षगांठ समारोह की अध्यक्षता करेंगी। महासभा में अध्यक्ष पद के लिए प्रति वर्ष चुनाव होते हैं। अध्यक्ष पद के लिए चुने जाने के बाद बेयरबॉक ने अपने भाषण में कहा कि उनके अध्यक्ष पद का विषय बेटर टुगेदर होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया इस चुनौतीपूर्ण समय में अनिश्चितता की राह पर है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि बेयरबॉक ऐसे समय में अध्यक्ष का पद संभालेंगी, जब विश्व न केवल संघर्षों, जलवायु आपदा, गरीबी और असमानता'' का, बल्कि विभाजन और अविश्वास का भी सामना कर रहा है।

# एआई से बना रहे डीपफेक

एआई से डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल झूठी जानकारी या प्रचार करके जनता को गुमराह करने के लिए किया जा रहा है। डीपफेक वीडियो में किसी विश्व नेता या सेलिब्रिटी को कुछ ऐसा कहते हुए दिखाया जा सकता है जो उन्होंने नहीं कहा है, जिसे फेक न्यूज़ भी कहा जाता है जो जनता की राय बदल देता है। साइबर अपराधी डीपफेक प्रौद्योगिकी का उपयोग घोटाले, झूठे दावे और झांसे बनाने के लिए कर सकते हैं जो संगठनों को कमजोर और अस्थिर करते हैं। उदाहरण के लिए, कोई हमलावर किसी वरिष्ठ अफसर का कोई झूठा वीडियो बना सकता है जिसमें वह वित्तीय अपराध जैसे आपराधिक कृत्य को स्वीकार कर रहा हो या संगठन की गतिविधि के बारे में झूठे दावे कर रहा हो। इसे गलत साबित करने में समय और पैसा खर्च करने के अलावा, इससे व्यवसाय के ब्रांड, सार्वजनिक प्रतिष्ठा और शेयर की कीमत पर बड़ा असर पड़ सकता है।

**96%**
खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी से

**24**
घंटे के भीतर शिकायत के बाद भारत में हटाना होगा वीडियो



### ज्यादातर सेलिब्रिटी बनते हैं निशाना

- डीपफेक से होने वाला एक बड़ा खतरा गैर-सहमति वाली पोर्नोग्राफी है, जो इंटरनेट पर 96% तक डीपफेक के लिए जिम्मेदार है। इनमें से ज्यादातर सेलिब्रिटी को निशाना बनाया जाता है। डीपफेक तकनीक का इस्तेमाल बदला लेने के लिए पोर्न बनाने के लिए भी किया जाता है। नवंबर 2024 में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एक्ट्रेस आलिया भट्ट, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के डीपफेर फोटो, वीडियो जारी हो चुके हैं।

### सांसद ने दिखाई एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर

- न्यूजीलैंड की महिला सांसद लॉरा मैक्लर ने संसद में अपनी एक एआई-जेनरेटेड न्यूड तस्वीर दिखाई। उनका मकसद लोगों को ये बताना था कि ऐसी फर्जी तस्वीरें बनाना कितना आसान है और ये कितना खतरनाक हो सकता हैं। 14 मई को लॉरा ने संसद में कहा कि उन्होंने एक गूगल सर्च के जरिए मिली वेबसाइट का इस्तेमाल करके कुछ ही मिनटों में अपनी डीपफेक तस्वीर बना ली। उन्होंने डीपफेक और एआई को नियंत्रित करने के लिए कानून की मांग की है।

### भारत में डीपफेक को लेकर नियम

- डीपफेक कंटेंट मिलते ही कोई भी एफआईआर करा सकता है। विक्टिम व उसकी तरफ से नियुक्त व्यक्ति को भी केस दर्ज कराने के अधिकार होंगे। सोशल मीडिया यूजर्स से यह शपथ लेगा कि वह डीपफेक कंटेंट नहीं डालेगा। प्लेटफॉर्म यूजर्स को इस संबंध में अलर्ट मैसेज देंगे। सहमति के बाद ही यूजर अकाउंट एक्सेस कर सकेगा। डीपफेक कंटेंट को 24 घंटे में हटाना होगा। उसका अकाउंट बंद कर सूचना दूसरे प्लेटफॉर्म को देनी होगी, ताकि अकाउंट न बना सके।

## एक नजर

### पुलिस कार्रवाई से भारतवंशी व्यक्ति की हालत नाजुक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में 42 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति को गिरफ्तारी के दौरान पुलिस अधिकारी द्वारा उसके गले पर कथित तौर पर घुटना रखने के बाद गंभीर हालत में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। पुलिस अधिकारी को लगा कि व्यक्ति घरेलू हिंसा में शामिल है, जिसके बाद उसने यह कार्रवाई की। यह घटना पिछले सप्ताह एडिलेड के पूर्वी हिस्से में रॉयस्टन पार्क के पेनहैम रोड पर हुई थी।

### पोलैंड के पीएम बोले- 11 को विश्वास मत करेंगे साबित

**वारसॉ।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार संसद में 11 जून को विश्वास मत साबित करेगी। बीते सप्ताहांत में राष्ट्रपति चुनाव में उनके राजनीतिक सहयोगी और उदारवादी नेता के वारसॉ के मेयर करोल नवरोकी से हारने के बाद टस्क ने विश्वास मत का आह्वान किया। पोलैंड की राजनीतिक व्यवस्था में अधिकांश शक्ति संसद द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री के पास होती है।

### तुर्किये के भूमध्यसागर तट पर 5.8 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा।** तुर्किये में भूमध्यसागर से सटे तटीय शहर मारमारिस में सोमवार देर रात 5 .8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के कारण घबराकर लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर भागने की कोशिश करने लगे जिससे कम से कम सात लोग घायल हो गए। तुर्किये की आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी डिजास्टर एंड एमरजेंसी मैनेजमेंट प्रेसीडेंसी' ने कहा कि भूकंप का केंद्र भूमध्य सागर में था और यह देर रात दो बजकर 17 मिनट पर आया।

### द. कोरिया राष्ट्रपति चुनाव में ली की जीत का अनुमान

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति चुनाव पर जारी एग्जिट पोल में लिबरल पार्टी के उम्मीदवार ली जे-म्यांग की जीत का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया के तीन प्रमुख टीवी चैनलों केबीएस, एमबीसी और एसबीएस द्वारा किए गए एग्जिट पोल में ली को 51 .7 फीसदी मत और कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार किम मून सू को 39 .3 फीसदी वोट मिलने का अनुमान जताया गया है। दक्षिण कोरिया में मंगलवार को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान हुआ।

# असम में बाढ़ से 5.35 लाख प्रभावित प्रधानमंत्री ने मदद का दिया आश्वासन

## मोदी ने सीएम हिमंत से की बात, 20 जिलों में स्थिति गंभीर, भारी बारिश का पूर्वानुमान

गुवाहाटी, एजेंसी



असम में बाढ़ के कारण राजमार्गों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई।

असम में बाढ़ की स्थिति मंगलवार को भी गंभीर बनी रही और 20 से अधिक जिलों में 5.35 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से फोन पर बात कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

शर्मा दिन में कछार जिले का दौरा करेंगे, जो मौजूदा बाढ़ से राज्य के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी), गुवाहाटी ने मंगलवार के लिए चार जिलों धुबरी, दक्षिण सलमारा मानकाचर, ग्वालपारा और कोकराझार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और बाढ़ तथा भूस्खलन की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है, जबकि दो अन्य लापता हैं। राज्य के 22 जिलों के 65 राजस्व मंडलों और 1,254 गांवों में 5.15 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें श्रीभूमि सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 1,94,172 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। कुल 165 राहत शिविरों में 31,212 विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया है, जबकि 157 अन्य राहत वितरण केंद्र भी कार्यरत हैं। पिछले 24 घंटे में 12,610 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें जलमग्न हो गई हैं, जबकि 94 जानवर बाढ़ के पानी में बह गए हैं। ब्रह्मपुत्र, बराक और कोपिली नदियां खतरे के स्तर से ऊपर बह रही हैं, जबकि सुबनसिरी, बूढ़ी दिहिंग, धनसिरी, रुकनी, धलेश्वरी, कटाखल और कुशियारा सहित अन्य नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

### अरुणाचलः जान गंवाने वालों की संख्या 11 हुई

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में दीवार गिरने की घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। इससे राज्य में लगातार जारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11 पर पहुंच गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, एक जून को भूस्खलन के दौरान दीवार गिरने से 38 वर्षीय भावेन मुर्मू की मौत हो गई, जबकि इस घटना में जीआरईएफ के तीन कर्मचारी घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि 23 जिलों के 156 गांवों में बाढ़ से कुल 938 लोग प्रभावित हुए हैं।

### मिजोरम : पांच की मौत और 152 घर क्षतिग्रस्त

**आइजोल।** मिजोरम में पिछले दस दिनों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मकान ढहने और अन्य घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभागीय आंकड़ों के अनुसार भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण मकान और दीवारें ढहने से चंपाई जिले में तीन और आइजोल तथा सेरछिप जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य के कई स्थानों पर भूस्खलन की 552 घटनाएं हुईं, जबकि इसी अवधि के दौरान बारिश के कारण 152 मकान ढह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

# भारत तभी पाकिस्तान से बात करेगा जब वह आतंक के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे

- सांसद थरूर ने कहा- सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत

ब्रासीलिया, एजेंसी



मिस्र में सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में भारत का बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर पाकिस्तान देश में मौजूद हर आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ उल्लेखनीय कार्रवाई करता है, तो भारत उससे बातचीत कर सकता है।

ब्राजील में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थरूर ने यह भी कहा कि उनकी टीम ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को लातिन अमेरिकी देशों तक सफलतापूर्वक पहुंचाया, जिनमें वे देश भी शामिल हैं जिन्हें कुछ गलतफहमियां हो सकती हैं। थरूर ने कहा, हम अपने वार्ताकारों से यही कहते हैं कि अगर पाकिस्तान इतना ही निर्दोष है जितना वह दावा करता है, तो वह वांछित आतंकवादियों को पनाह क्यों देता है, आखिर (आतंकवादी) वे (पाकिस्तान में) सुकून से रहने, प्रशिक्षण शिविर चलाने और लोगों को कट्टरपंथी बनाने, हथियारों से लैस करने तथा लोगों को अपने हथियारों और कलाश्निकोव (राइफल) का अभ्यास करने के लिए प्रेरित कैसे कर पाते हैं? पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में समस्या भाषा नहीं है, बल्कि सभ्यता और शांति के लिए एक साझा दृष्टिकोण खोजने की जरूरत है। थरूर ने कहा, आप आतंकवाद के बुनियादी ढांचे पर नकेल कसें जो आपके देश में हर जगह दिखाई देता है।

### अरब लीग के महासचिव से मिला प्रतिनिधिमंडल

**काहिरा।** सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मिस्र में अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गईत से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ रुख को नयी दिल्ली और अरब लीग दोनों के लिए प्राथमिकता बताया। राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अरब लीग के महासचिव से मुलाकात की। ये प्रतिनिधिमंडल के चार देशों की यात्रा का अंतिम पड़ाव है। मिस्र में भारतीय दूतावास ने कहा कि बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अरब लीग के साथ भारत के व्यापक राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जुड़ाव पर चर्चा की। इसमें कहा गया, आतंकवाद का मुकाबला करना अरब लीग और भारत दोनों के लिए प्राथमिकता है। प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के एकीकृत रुख और सामूहिक दृढ़ संकल्प को रेखांकित किया।

# यूक्रेन में रॉकेट हमले में तीन की मौत रूस में कीव ने पुल किया क्षतिग्रस्त

- यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा की

कीव, एजेंसी



रूस ने मंगलवार को यूक्रेन के शहर सुमी को निशाना बनाकर हमला किया जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह इस बात को रेखांकित करता है कि मॉस्को का तीन साल से जारी युद्ध को रोकने का कोई इरादा नहीं है।

इस बीच, यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने कहा कि उसने रूस के अंदर फिर से हमला किया है। इसके दो दिन पहले यूक्रेन ने ड्रोन के जरिये रूस के अंदर घुसकर उसके हवाई अड्डों पर भीषण हमला किया था जिसमें कई विमान नष्ट हो गए थे। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए प्रत्यक्ष शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं होने के एक दिन बाद उत्तर-पूर्वी शहर के केंद्र में स्थित इमारतों और एक अस्पताल पर रॉकेटों की बौछार कर दी गई।

जेलेंस्की ने कहा इस युद्ध को समाप्त करने से जुड़ी रूस की इच्छा के बारे में आपको बस इतना ही जानना चाहिए। यह स्पष्ट है कि वैश्विक दबाव के बिना, अमेरिका, यूरोप और दुनिया के सभी सत्तारूढ़ लोगों की निर्णायक कार्रवाई के बिना, (रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन युद्धविराम के लिए सहमत नहीं होंगे।

# भूकंप के बाद निकासी के दौरान पाकिस्तान की जेल से 200 कैदी भागे

**कराची।** पाकिस्तान में भूकंप के बाद एहतियात के तौर पर वहां की एक जेल से कैदियों को निकाले जाने के दौरान मची अफरा-तफरी के बाद कम से कम 216 कैदी जेल से भाग गए। मंगलवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। कराची की मलीर जेल में सोमवार रात हुई घटना में एक कैदी की मौत हो गई और अर्द्धसैनिक फ्रंटियर कोर के तीन जवान तथा एक जेल कर्मचारी घायल हो गया।

जेल अधिकारियों के अनुसार, 80 से अधिक कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया। कराची में पिछले 24 घंटे में कई बार भूकंप के झटके आए। जेल अधीक्षक अरशद शाह ने कहा कि भूकंप के दौरान 600 से अधिक कैदियों को उनके बैरक से बाहर निकाला गया था। शाह के हवाले से खबर में कहा गया है, अफरा-तफरी के बीच 216 कैदी भाग निकले।

# राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे 27 लोगों की इजराइली सेना ने की हत्या

- फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने गोलीबारी का लगाया आरोप

यूनिस (गाजा पट्टी), एजेंसी



गाजा में मौत पर विलाप करती महिला।

फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि इजराइली सेना ने मंगलवार को एक राहत वितरण केंद्र की तरफ बढ़ रहे लोगों पर गोलीबारी करके कम से कम 27 लोगों की हत्या कर दी। यह तीन दिन में इस तरह की तीसरी घटना है। लेकिन इजराइली सेना ने कहा कि उसने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के पास गोलीबारी की जो निर्धारित मार्ग से हटकर सेना की ओर बढ़े थे और उन्होंने इस दौरान दी गई चेतावनी की अनदेखी की थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोलीबारी उसी जगह पर हुई जहां एक दिन पहले इजराइली सुरक्षा बलों ने भीड़ पर गोली चलाई थी। ये भीड़ दक्षिणी गाजा में उस सहायता केंद्र की ओर जा रही थी, जिसे इजराइल और अमेरिका समर्थित 'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' संचालित कर रहा है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कई संदिग्धों की ओर चेतावनी स्वरूप गोलियां चलाईं, जो सैनिकों की ओर बढ़ रहे थे और उनके लिए खतरा पैदा कर रहे थे। घटना स्थल सहायता वितरण केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है। घटना तब हुई तब यह केंद्र बंद था। सेना ने इस बात से इनकार किया कि वह लोगों को सहायता वितरण स्थल पर पहुंचने से रोक रही है।

### गाजा में इजराइल के तीन सैनिक मारे गए

**खान यूनिस।** इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि गाजा पट्टी में उसके तीन सैनिक मारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि मार्च में हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त होने के बाद से इजराइली सेना पर यह सबसे घातक हमला है। सेना ने बताया कि तीनों सैनिक सोमवार को उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारे गए। हालांकि उसने विस्तृत जानकारी नहीं दी। इजराइली मीडिया ने बताया कि वे जबालिया क्षेत्र में हुए विस्फोट में मारे गए।

# सिंगापुर में भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र में अवसरों पर भारत ने की चर्चा

**पेरिस।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम योंग के साथ मंगलवार को बैठक की और आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने एवं भारतीय पोत परिवहन क्षेत्र के व्यापक अवसरों पर चर्चा की। गोयल व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के नेताओं और कारोबारियों से मिलने यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। मंत्री ने पिछले तीन दिन में बड़ी कंपनियों के सीईओ और मंत्रियों के साथ कई बैठकें की हैं।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल, नाइजीरिया के व्यापार मंत्री जुमोके ओडुवोले, फ्रांस के अर्थव्यवस्था एवं वित्त मंत्री एरिक लोम्बार्ड, मोटर वाहन आपूर्तिकर्ता कंपनी वेलियो ग्रुप के सीईओ क्रिस्टोफ पेरिलाट तथा लोरियल ग्रुप के सीईओ निकोलस हिरोनिमस के साथ मुलाकात की।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करते दो आरोपी गिरफ्तार

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप

चंडीगढ़/ जयपुर, एजेंसी

पंजाब के तरनतारन जिले के एक व्यक्ति को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वह कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित खालिस्तान समर्थक नेता गोपाल सिंह चावला के संपर्क में भी था। वहीं, राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पंजाब के डीजीपी ने बताया कि आरोपी की पहचान तरनतारन के मोहल्ला रोडूपुर, गली नजर सिंह वाली के निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगन के रूप में हुई है। उसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### सहायक प्रशासनिक अधिकारी भी करता था जासूसी

राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर के रोजगार कार्यालय में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) शकूर खान को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। शकूर पर भारत से जुड़ी सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान को भेजने का आरोप है।

# पाकिस्तान में टिकटॉक स्टार सना की बर्थडे पर गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर किशोरी की उसके घर में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोशल मीडिया मंच टिकटॉक और इंस्टाग्राम पर इस इन्फ्लुएंसर के 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और पाकिस्तान में पिछले पांच माह के भीतर इस तरह का यह तीसरा मामला है। पुलिस ने बताया कि इस्लामाबाद में सुंबल पुलिस थाने के अंतर्गत सेक्टर जी-13/1 में सोमवार को सना यूसुफ (17) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी उमर हयात उर्फ काका को फैसलाबाद से गिरफ्तार कर लिया। खबर में बताया गया कि हयात भी 'टिकटॉक' का इस्तेमाल करता है और उसने हत्या की बात कबूल कर ली है।

**सम्मेलन** अमेरिका के उपराष्ट्रपति की पत्नी ने यूएसआईएसपीएफ नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण को किया संबोधित

# भारत-अमेरिका संबंध मेरे लिए बहुत व्यक्तिगत हैं : उषा वेंस

वाशिंगटन, एजेंसी



वाशिंगटन डीसी में यूएसआईएसपीएफ के आठवें संस्करण के दौरान उषा वेंस।

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी उषा वेंस ने भारत-अमेरिका संबंध को अपने लिए बेहद व्यक्तिगत बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत व अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए यह बहुत अच्छा अवसर है जो कई बार उतार-चढ़ाव से गुजरे हैं।

वेंस ने यहां अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) नेतृत्व शिखर सम्मेलन के आठवें संस्करण में कहा, यह एक बहुत ही व्यक्तिगत संबंध है, क्योंकि मेरे परिवार के सदस्य भारत में रहते हैं और परिवार के कई सदस्य यहां अमेरिका में भी रहते हैं। मैं बचपन से भारत आती जाती रही हूं तथा वहां अपने परिवार के सदस्यों से मिलती रही हूं और वे मेरे पास आते रहे हैं। उन्होंने कहा, यह हमेशा से एक ऐसा संबंध रहा है जिसे मैंने व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण माना है। कार्यक्रम में भारत और अमेरिका के प्रमुख सरकारी, व्यापारिक और समुदाय से जुड़े नेता उपस्थित थे। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष व जेसी2 वेंचर्स के संस्थापक एवं सीईओ जॉन चैंबर्स द्वारा आयोजित अनौपचारिक बातचीत में दोनों देशों के बीच संबंधों के बारे में दृष्टिकोण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में वेंस ने कहा, मैं इसके बारे में व्यापक रूप से सोचती हूं।

### वेंस ने कहा- यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी

उषा वेंस ने कहा, लेकिन वर्तमान में मुझे लगता है कि अगले चार वर्षों में और भविष्य में कई बड़े अवसर प्राप्त होने वाले हैं। यहां भारतीय-अमेरिकी समुदाय की एक स्थापित आबादी है और भारत में इतने सारे लोग हैं जो देश को जानते हैं और यहां के लोगों को जानते हैं जो बेहतरीन काम कर रहे हैं, बड़े अवसर प्राप्त कर रहे हैं। वेंस ने कहा, मुझे याद है कि जब मैं, उपराष्ट्रपति जेडी और हमारे तीन बच्चे अप्रैल में भारत यात्रा पर गए थे, तब मैं यह देखकर हैरान रह गई थी जब कई लोगों ने मुझे बताया कि उन्हें हमारा देश कितना पसंद है, वे किस तरह अपने परिवार से मिलने आते हैं, वे किस तरह सिर्फ मौज-मस्ती के लिए आते हैं, वे भविष्य में हमारे साथ एक करीबी रिश्ता बनाने की उम्मीद कर रहे हैं और मुझे लगता है कि इन व्यक्तिगत संबंधों का वास्तव में इससे कुछ लेना-देना है। नेतृत्व शिखर सम्मेलन में यूएसआईएसपीएफ ने आईबीएम के अध्यक्ष अरविंद कृष्णा, आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और हिताची के कार्यकारी अध्यक्ष तोशियाकी हिगाशिहारा को अमेरिका-भारत-जापान आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2025 वैश्विक